

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 104 | बुधवार, 27 मई 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया



## एक नजर




### पेट्रोल-डीजल के बाद अब सीएनजी हुई महंगी

**दिल्ली।** दिल्ली में सीएनजी के दाम एक बार फिर बढ़ गये हैं। दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने मंगलवार से इसकी कीमत दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दी है। दिल्ली में अब एक किलोग्राम सीएनजी की कीमत 83 .09 रुपये हो गयी है। पहले इसकी कीमत 81 .09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। दूसरे शहरों में भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गयी है। सीएनजी की कीमतों में इस महीने यह तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले 15 मई और 23 मई को भी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सीएनजी के दाम दो-दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाये थे।

### कम अटेंडेंस वाले लॉ स्टूडेंट्स नहीं दे पाएंगे एग्जाम

**दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके तहत कम हाजिरी वाले कानून के छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) की उस याचिका पर नोटिस जारी करते हुए दिया, जिसमें कानून के छात्रों के लिए जरूरी हाजिरी के दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों को चुनौती दी गई थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा, "नोटिस जारी करके 21 जुलाई तक जवाब दें। इस बीच विवादित फैसले के पैराग्राफ 249 का असर और ऑपरेशन रुका रहेगा। यह आगे भी हालांकि लागू रहेगा।" पीठ ने स्पष्ट किया कि उसके निर्देश उच्च न्यायालय को उनके सामने लंबित मामलों में हाजिरी की जरूरतों से जुड़े ऐसे ही मामलों पर स्वतंत्र फैसला करने से नहीं रोकेंगे।

## तेल संकट और डॉलर की मार से थमी घरेलू उड़ानों की रफ्तार

एजेंसी

**दिल्ली।** भारतीय एयरलाइंस पर सबसे बड़ा दबाव एविएशन टर्बाइन फ्यूल की बढ़ती कीमतों का पड़ा है। एटीएफ किसी भी विमानन कंपनी की कुल परिचालन लागत का करीब 40 फीसदी हिस्सा होता है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईंधन महंगा होने का असर अब भारतीय विमान सेवाओं पर भी दिखने लगा है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के साथ घरेलू हवाई सेवा भी प्रभावित हो रही है। आगामी जून के ताजा शेड्यूल के मुताबिक जून में घरेलू उड़ानों की संख्या करीब 7 फीसदी कमी देखने को मिल सकती है। जबकि पिछले वर्ष जून में एयरलाइंस ने 22,220 घरेलू उड़ानें संचालित की थीं जबकि इस बार यह संख्या घटकर 20,670 रहने





का अनुमान है। घरेलू उड़ानों में सबसे बड़ी गिरावट हैदराबाद एयरपोर्ट पर दर्ज होने की संभावना है। जीएमआर ग्रुप संचालित इस हवाई अड्डे से जून में साप्ताहिक घरेलू उड़ानों की संख्या पिछले साल के मुकाबले 371 कम रह सकती है। विमानन विश्लेषण फर्म सिरियम के आंकड़ों के मुताबिक, अगले महीने हैदराबाद एयरपोर्ट से करीब 1,420 घरेलू उड़ानें संचालित होंगी। जबकि जून 2025 में यह संख्या 1,791 थी। जीएमआर ग्रुप के गोवा स्थित मोपा एयरपोर्ट पर भी घरेलू उड़ानों में गिरावट दर्ज की जा रही है। जून में यहां साप्ताहिक घरेलू सेवाएं 106 कम रहने का अनुमान है। वहीं, फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स संचालित बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी असर साफ दिखेगा, जहां पिछले साल के मुकाबले साप्ताहिक घरेलू उड़ानों की संख्या 293 घट सकती है। इसके अलावा अदाणी समूह संचालित एयरपोर्ट्स पर भी उड़ानों में कटौती का असर दिख रहा है। जून में मुंबई एयरपोर्ट से साप्ताहिक घरेलू उड़ानें 253 तक घट सकती हैं। जबकि अहमदाबाद एयरपोर्ट पर 111 उड़ानों की कमी का अनुमान है। दरअसल, भारतीय एयरलाइंस पर सबसे बड़ा दबाव एविएशन टर्बाइन फ्यूल की बढ़ती कीमतों का पड़ा है।

## फिर बोले ट्रंप- मैं हूं पीएम मोदी का बहुत बड़ा प्रशंसक

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजदूत सर्जियो गोर को फोन किया था। इस दौरान उन्होंने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। ट्रंप ने कहा था कि उन्हें भारत से प्यार है और पीएम मोदी उनके करीबी मित्र हैं। अब उन्होंने एक बार फिर से अपने बयान को दोहराया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में अमेरिकी दूत सर्जियो गोर द्वारा साझा की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट को फिर से पोस्ट किया है। इस पोस्ट में सर्जियो गोर ने भारत के लिए ट्रंप के प्रेम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मजबूत संबंधों का जिक्र किया। एक्स पर एक पोस्ट में सर्जियो गोर



### पीएम मोदी और भारत की खुलकर की तारीफ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर को अचानक फोन किया। तब गोर अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में थे। इस दौरान ट्रंप ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खुलकर तारीफ की।

ने लिखा, "राष्ट्रपति ट्रंप ने आज रात मुझे फोन किया। उनका एक स्पष्ट संदेश था: मैं भारत से प्यार करता हूं। हम भारत के इतने करीब कभी नहीं रहे। मैं प्रधानमंत्री मोदी का एक बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।" ट्रंप ने रविवार रात को कहा था कि भारत मुझ पर 100 प्रतिशत भरोसा कर सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना बेहतरीन दोस्त बताया था। यह घटनाक्रम भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते कूटनीतिक संबंधों के बीच सामने आया है, जिसमें दोनों देशों के नेता एक-दूसरे के प्रति प्रशंसा व्यक्त कर रहे हैं।

### सर्जियो गोर के पोस्ट को किया साझा

इसके जवाब में ट्रंप ने सोमवार शाम को अपने आधिकारिक 'ट्रुथ सोशल' अकाउंट पर इस संदेश को फिर से पोस्ट किया। उन्होंने नई दिल्ली के भारत मंडपम में अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ समारोह से एक वीडियो क्लिप भी साझा की।

## ओडिशा में सेप्टिक टैंक में दम घुटने से 6 लोगों की मौत, मचा कोहराम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ओडिशा के कालाहांडी जिले के मदनपुर रामपुर क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। गौड़ करलाखुंटा गांव में निर्माणाधीन शौचालय टैंक (सेप्टिक टैंक) के अंदर दम घुटने से 6 लोगों की मौत हो गई। एक मजदूर की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि टैंक में उतरा एक मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आने से बेहोश हुआ, जिसे बचाने में 6 लोगों की जान चली गई।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार 26 मई को गौड़ करलाखुंटा गांव में निर्माणाधीन टैंक की सेंटरिंग खोलने का काम चल रहा था। भीतर उतरा एक मजदूर टैंक में जमा जहरीली गैस की चपेट में आने से बेहोश हो गया, उसे बचाने के लिए एक-एक कर 7-8 लोग टैंक में उतर गए, जिनमें से 6 की दम घुटने से मौत हो गई। एक साथ छह मौतों से गांव में कोहराम मच गया। बताया गया कि इस दर्दनाक हादसे में 3 मिस्त्री, एक मजदूर, मकान मालिक और उसके बेटे की मौत हो गई।



### जहरीली गैस के कारण दम घुटने की आशंका

केसिंगा एसडीपीओ संदीप माझी ने बताया कि प्राथमिक जांच में टैंक के अंदर जहरीली गैस के कारण दम घुटने से मौत होने की बात सामने आई है। मदनपुर रामपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण सामने आएगा, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मृतकों की पहचान मकान मालिक निमाई पाल, उनके बेटे आकाश पाल, अदल माझी, माटोगंडा गांव के मनोरंजन हाथी, दूटा गांव के छंदा जाल और बिपुल जाल के रूप में हुई है। हादसे में हाथीखोज गांव का रहने वाला पंकज भोई की हालत गंभीर है। घटना के बाद उसे पहले मदनपुर रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भवानीपटना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पंकज की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचे और सभी को टैंक से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जांच के बाद डॉक्टरों ने 6 लोगों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है।

### सीएम ने जताया हादसे पर दुख

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

## समंदर में नहीं चलेगी मनमानी: होर्मुज को खुला रखने के लिए क्वाड देश एकजुट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्वाड देशों ने एकजुट होकर फैसला किया है कि तेल आपूर्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य समेत किसी भी समुद्री मार्ग पर व्यापारिक जहाजों को नहीं रोका जाएगा। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच वैश्विक तेल संकट और महंगाई को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, भारत और अमेरिका सहित क्वाड देशों ने वैश्विक व्यापार को बचाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। क्वाड ने साफ कर दिया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे दुनिया के प्रमुख समुद्री रास्तों पर व्यापारिक जहाजों की आवाजाही किसी भी कीमत पर नहीं रुकने दी जाएगी। अगर किसी ने भी इन जहाजों को रोकने की कोशिश की, तो चारों देश मिलकर उसका कड़ा विरोध करेंगे। क्वाड देशों ने ऊर्जा बाजार को स्थिर और पारदर्शी बनाने की बात कही है। इसके लिए आपूर्ति शृंखला को मजबूत और विविध बनाया जाएगा। समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय जहाजों की आवाजाही पर कोई रोक नहीं होनी चाहिए। यह वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए आवश्यक है।

क्वाड की बैठक में विकासशील और




छोटे द्वीपीय देशों का विशेष ध्यान रखा गया है। प्रशांत क्षेत्र के छोटे देशों की ऊर्जा जरूरतें पूरी की जाएंगी। चारों देशों ने क्षेत्रीय पहलों की सराहना की है। ऑस्ट्रेलिया का योगदान: दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए दो अरब डॉलर का निवेश कोष। इसके साथ ही आसियान पावर ग्रिड को समर्थन और फिजी को तीन करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की वित्तीय सहायता। भविष्य की चुनौतियों के लिए एक नई कार्य योजना तैयार की जाएगी। इसके तहत तकनीक, प्रबंधन, नीति और बाजार विश्लेषण पर मिलकर काम होगा। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए संयुक्त अभ्यास भी किए जाएंगे। इसका एक मुख्य उद्देश्य सामरिक तेल भंडारों को मजबूत करना है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने के लिए सहयोग जारी रहेगा। इस पूरे तालमेल को बेहतर बनाने के लिए जल्द ही 'क्वाड फ्यूल सिक्योरिटी फोरम' बनाया जाएगा। यह फोरम उच्च स्तरीय चर्चा और सहयोग को आगे बढ़ाएगा। क्वाड देशों का यह साझा बयान होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर व्यापारिक जहाजों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा संकल्प है। सामरिक तेल भंडारों को मजबूत करने और 'फ्यूल सिक्योरिटी फोरम' के गठन से वैश्विक बाजार की अस्थिरता को रोकने और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। पश्चिम एशिया में यह भारी तनाव 28 फरवरी 2026 को शुरू हुआ। तब अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर एक बड़ा हवाई हमला किया था। इस हमले में ईरान के सबसे बड़े नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी।

## यूपी में जाति-धर्म देखकर एनकाउंटर करवा रही सरकार: अखिलेश यादव

एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्य की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर बड़ा और गंभीर आरोप लगाया है। अखिलेश यादव ने कहा कि फर्जी एनकाउंटर नाकाम सरकार की पहचान है। आरोप लगाया कि यूपी में जाति-धर्म देखकर सरकार एनकाउंटर करवा रही है। यह एक तरह से जनता पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने का तरीका है।

मंगलवार को लखनऊ स्थित सपा कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने ये गंभीर आरोप लगाए हैं। जौनपुर में दूल्हे को गोलियों से भूनकर मौत के घाट उतारने वाले 1 लाख रुपये के ईनामी आरोपी, रवि यादव को पुलिस ने एक दिन पहले ही एनकाउंटर में मार गिराया था। अखिलेश यादव ने कहा कि, फर्जी एनकाउंटर के माध्यम से मेंटल सॉफ्टवेयर को सेट किया




जाता है। हत्या को जायज ठहराया जाता है। यह संविधान में दिए गए सामाजिक न्याय के खिलाफ बहुत बड़ा षड्तंत्र है। सरकार में बैठे लोग जिस तरह से अपनी ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं-वो कई घटनाओं में हमें देखने को मिलता है। फर्जी एनकाउंटर करने वाले गुनाहगार है। यहां मर्जी के हिसाब से फर्जी एनकाउंटर किए जा रहे हैं। जाति-धर्म के आधार पर फर्जी एनकाउंटर से समाज का सौहार्द बिगड़ता है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पीडीए को एनकाउंटर से डराकर उसका हक मारना चाहती है। उन्होंने कहा कि इससे कानून व्यवस्था संभलती नहीं है बल्कि और बिगड़ती है। अखिलेश यादव ने कहा कि फर्जी एनकाउंटर मानवाधिकार की भी हत्या करती है। जौनपुर का एक उदाहरण है। एक पुजारी का फर्जी एनकाउंटर किया गया था। आखिर में पुलिस वाले जेल गए। जब ऐसे पुलिसकर्मियों को जेल होती है तो जनता उनके मान-सम्मान का सोशल एनकाउंटर करती है। उनसे लोग दूरियां बना लेती हैं। अखिलेश यादव ने पुलिसकर्मियों को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें यह समझना चाहिए कि सरकार किस तरह उन्हें अधिकारी से अपराधी बना रही है। पुलिस भी जानते हैं कि वह गैरकानूनी तरीके से किसी की हत्या कर रहे हैं। इसीलिए वे शराब के साथ आत्मग्लानि में डूब जाते हैं। मानसिक रोगी बन जाते हैं। फर्जी एनकाउंटर में शामिल पुलिसवाले दूसरे को तो गोली से मार देते हैं, लेकिन जिंदगी भर घुट-घुटकर मरते हैं।

## पंजाब निकाय चुनाव: 105 स्थानीय निकायों के लिए बैलेट पेपर से हुआ मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पंजाब में 1896 वार्डों और आठ नगर निगमों के पार्षद चुनाव के लिए वोटिंग जारीचुनाव आयोग ने चुनाव की सुरक्षा और निष्पक्षता के लिए 32000 पुलिसकर्मी तथा 35000 चुनाव कर्मचारी तैनात किए। चुनाव में आठ नगर निगमों समेत 7555 उम्मीदवार भाग ले रहे हैं जिनमें प्रमुख पार्टियों के उम्मीदवार शामिल हैं।

पंजाब में 2027 की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मंगलवार को आम आदमी पार्टी शासित राज्य के 1,896 वार्डों और आठ नगर निगमों के पार्षदों के चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। करीब 35.45 लाख मतदाता मंगलवार शाम 5 बजे



तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। सुबह 8 बजे मतदान शुरू होने से पहले ही राज्यभर में मतदाता पोलिंग बूथों पर पहुंचने लगे थे।

राज्य चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए करीब 32,000 पुलिसकर्मी और 35,000 चुनाव कर्मचारियों की तैनाती की है। यह चुनाव आठ नगर निगमों, 75 नगर परिषदों और 20 नगर पंचायतों में हो रहे हैं।

## जयराम रमेश ने सरकार की वित्तीय स्थिति पर उठाए सवाल, कहा- आरबीआई ने दिया बड़ा बोनस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सरकार को 2.87 लाख करोड़ रुपये दिए हैं। इसे डिविडेंड या मुनाफे का हिस्सा कहा जाता है। यह अब तक की सबसे बड़ी रकम है। इसको लेकर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि सरकार की आर्थिक हालत उतनी मजबूत नहीं है, जितनी दिखाई जा रही है। कांग्रेस ने कहा कि आरबीआई ने सरकार पर 'मेहरबानी' करते हुए उसे बड़ा बोनस दिया है।

आरबीआई ने शुक्रवार को मार्च 2026 में समाप्त वित्त वर्ष के लिए सरकार को 2.87 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड डिविडेंड देने की घोषणा की थी। इससे पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण बढ़ते आयात बिल और आपूर्ति श्रृखंला में आई दिक्कतों के बीच सरकार को आर्थिक मदद मिलेगी। यह डिविडेंड 2024-25 में दिए गए 2.69 लाख करोड़ रुपये



से 6.7 फीसदी ज्यादा है। कांग्रेस के महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति उतनी अच्छी नहीं है, जितनी बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि इसका सबूत यह है कि आरबीआई ने सरकार को बड़ा बोनस दिया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने लगातार तीन साल तक अपनी आपातकालीन जोखिम सुरक्षा निधि (कंटिजेंसी रिस्क बफर) को बढ़ाने के बाद 2025-26 के लिए इसे कम करने का फैसला किया। इसी वजह से केंद्र सरकार को मिलने वाला डिविडेंड बहुत ज्यादा बढ़ गया। जयराम रमेश ने दावा किया कि अगर 2024-25 का कंटिजेंसी रिजर्व बफर कम नहीं किया जाता, तो सरकार को जितनी राशि मिलती, उससे 92 हजार करोड़ रुपये ज्यादा का फायदा अब मिला है। आरबीआई ने कहा कि 2025-26 में उसकी कुल कमाई 3.96 लाख करोड़ रुपये रही। यह वह रकम है जो जरूरी सुरक्षा के लिए पैसा अलग रखने और सरकारी फंड में पैसा भेजने से पहले की कमाई है। पिछले साल यानी 2024-25 में RBI की कमाई 3.13 लाख करोड़ रुपये थी। आरबीआई ने यह भी बताया कि 31 मार्च 2026 तक बैंक की बैलेंस शीट 20.61 प्रतिशत बढ़कर 91,97,121.08 करोड़ रुपये हो गई। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें भविष्य के जोखिमों पर भी चर्चा हुई और डिविडेंड को मंजूरी दी गई।

## ममता को एक और झटका! 12 टीएमसी सांसदों के भाजपा में शामिल होने की चर्चा

एजेंसी

**कोलकाता।** बंगाल विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस में अंदरूनी संकट और बढ़ता दिख रहा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि लोकसभा में तृणमूल के कई सांसद भाजपा के संपर्क में हैं और उनमें से एक बड़ा समूह पार्टी छोड़ सकता है। सूत्रों के अनुसार, लोकसभा में तृणमूल के कुल 29 सांसदों में से करीब 12 सांसद भाजपा में शामिल होने या समर्थन देने की योजना बना चुके हैं। इसके अलावा पांच-छह अन्य सांसदों से भी बातचीत चल रही है।

बताया जा रहा है कि दल-बदल विरोधी कानून से बचने के लिए कम से कम 19-20 सांसदों को एक साथ लाने की रणनीति बनाई जा रही है। राजनीतिक सूत्रों का दावा है कि तृणमूल नेतृत्व को भी इस संभावित टूट की भनक लग चुकी है और पार्टी को एकजुट रखने की कोशिशें शुरू हो गई हैं। चर्चा है कि इनमें पूर्व मुख्यमंत्री व टीएमसी सुप्रीमो



ममता बनर्जी और उनके भतीजे तथा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के करीबी माने जाने वाले कुछ सांसद भी शामिल हैं। भाजपा के लिए यह राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। लोकसभा में भाजपा के पास अभी 240 सांसद हैं और सरकार सहयोगी दलों के समर्थन से चल रही है। ऐसे में यदि तृणमूल के सांसद बड़ी संख्या में भाजपा के साथ आते हैं तो पार्टी की ताकत और बढ़ जाएगी तथा सहयोगियों पर निर्भरता कम होगी। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा के बाद भाजपा की नजर राज्यसभा में तृणमूल के सांसदों पर भी है।

**पलटवार** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने ट्रंप को दी नई चेतावनी

## अमेरिकी हमले के बाद ईरान का पलटवार, MQ-9 ड्रोन गिराने का दावा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका के बीच तनाव फिर बढ़ता नजर आ रहा है। अमेरिकी सेना ने दक्षिणी ईरान में मिसाइल लॉन्च साइट्स और बारूदी सुरंगें बिछाने वाली नौकाओं पर हमला किया, तो इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने अब पलटवार किया है।

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने बताया कि उन्होंने दुश्मन के एक एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया है, जो ईरान के हवाई क्षेत्र में घुस आया था। वहीं, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने मंगलवार को सरकारी टेलीविजन पर जारी एक लिखित बयान में कहा कि खाड़ी देश अब अमेरिकी सैन्य अड्डों के लिए ढाल नहीं बनेंगे। ईरानी सेना ने कहा, "हमारी सेना ने एक आरक्यू-4 ड्रोन और एक घुसपैठ करने वाले एफ-35 लड़ाकू विमान



पर भी गोलीबारी की। हालांकि, ये नहीं बताया गया कि विमान और ड्रोन पर हमला कितने बजे किया गया। आईआरजीसी ने कहा कि वह अमेरिका द्वारा किसी भी प्रकार के युद्धविराम उल्लंघन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का 'वैध और निश्चित' अधिकार सुरक्षित रखता है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने रॉकेट लॉन्च स्थलों पर 'रक्षात्मक' कार्रवाई के तहत हमला किया है। इधर, ईद अल-अधा के अवसर पर जारी एक संदेश में अयातुल्ला मोजतबा ने कहा, "यह बात निश्चित है कि समय का पहिया पीछे नहीं घूमेगा और खाड़ी देश और भूमि अब अमेरिकी सैन्य अड्डों के लिए ढाल का काम नहीं करेंगे।"

खामेनेई मार्च में पदभार संभालने के बाद से सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिए हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका के पास अब इस क्षेत्र में आक्रामकता और सैन्य अड्डों को बनाने के लिए कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं है और वह हर गुजरते दिन के साथ अपनी पहले की स्थिति से और दूर होता जा रहा है। ईरान और अमेरिका की ओर से ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब दोनों देश 28 फरवरी को शुरू हुए और पूरे क्षेत्र में फैले युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर पहुंचने के मकसद से बातचीत जारी रखे हुए हैं।

ईरान और अमेरिका के बीच 8 अप्रैल से युद्धविराम लागू है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि तेहरान और वाशिंगटन ने युद्ध समाप्ति के समझौते को लेकर हुई बातचीत में कई मुद्दों पर सहमति जताई है, लेकिन साथ ही चेतावनी दी है कि समझौता अभी जल्द होने की संभावना नहीं है।

## हरियाणा के छोरे का सात समंदर पार जलवा: ब्रिटेन में मेयर चुने गए 23 साल के तुषार, मां बनीं डिप्टी मेयर

एजेंसी

**नई दिल्ली/रोहतक।** भारत के युवाओं का डंका आज पूरी दुनिया में बज रहा है और इसका ताजा उदाहरण ब्रिटेन (UK) के स्थानीय चुनावों में देखने को मिला है। हरियाणा के रोहतक के रहने वाले महज 23 साल के युवक तुषार कुमार ने ब्रिटेन की राजनीति में इतिहास रचते हुए सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। तुषार को ब्रिटेन की 'एल्स्ट्री और बोरहमवुड टाउन काउंसिल' का नया मेयर चुना गया है। इसके साथ ही वे ब्रिटेन के इतिहास में सबसे कम उम्र के भारतीय मूल के मेयर बन गए हैं।

इस दोहरी खुशी की बात यह है कि इस राजनीतिक सफर में उनकी मां परवीन रानी भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहीं। परवीन रानी ने हट्र्समेरे बरो काउंसिल से चुनाव जीता है और उन्हें डिप्टी मेयर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मां-बेटे की इस जोड़ी की ऐतिहासिक सफलता से न सिर्फ ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय, बल्कि हरियाणा और पूरे देश में जश्न का माहौल है।



### बेहद रोमांचक रहा मुकाबला: महज 1 वोट से मिली जीत

लेबर पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे तुषार कुमार का मुकाबला बेहद कड़ा और रोमांचक रहा। शुरुआती मतदान के बाद जब वोटों की दोबारा गिनती हुई, तो परिणाम बेहद चौंकाने वाले थे। तुषार को कुल 832 वोट मिले और उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार को महज 1 वोट के बेहद करीबी अंतर से शिकस्त दी। इस कांटे की टक्कर में जीत हासिल कर तुषार ने ब्रिटिश काउंसिल में लेबर पार्टी का परचम लहरा दिया।

# बरेली में 'आग उगलता' नौतपा, पारा 42 के करीब पहुंचा, रात में भी नहीं मिल रही राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नौतपा ने दूसरे ही दिन अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। दिन की झुलसाने वाली गर्मी के बाद अब रातें भी लोगों को राहत नहीं दे रहीं। सोमवार की रात इस सीजन की सबसे गर्म रातों में दर्ज की गई, जबकि मंगलवार सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने शहर को तपते तंदूर में बदल दिया। हालात ऐसे रहे कि सुबह 10 बजे के बाद सड़कों पर आवाजाही कम हो गई और लोग घरों में कैद होने को



मजबूर दिखे।

मौसम विभाग के अनुसार बरेली में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जबकि रात का तापमान भी सामान्य से काफी ऊपर दर्ज किया गया। उमस और गर्म हवाओं ने परेशानी और बढ़ा दी है। पंखे और कूलर भी राहत देने में नाकाम नजर आए। लोगों का कहना है कि पंखे की हवा भी लू जैसी महसूस हो रही है।

**रात का पारा चढ़ा, नींद हराम**

सोमवार को न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जिससे रातभर लोगों को बेचैनी का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि दिन और रात दोनों का तापमान सामान्य से ऊपर रहने के कारण शरीर को रिकवरी का मौका नहीं मिल रहा, जिससे थकान और डिहाइड्रेशन के मामले बढ़ रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अतुल कुमार के मुताबिक अगले दो दिन तक कड़ी धूप और गर्म हवाओं का असर बना रहेगा। इसके बाद 28 मई से मौसम करवट ले सकता है। आसमान में बादल छाने और हल्की बारिश होने के आसार हैं, जिससे तापमान में कुछ राहत मिल सकती है।

**नौतपा का वैज्ञानिक और धार्मिक महत्व**

ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार सूर्यदेव के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ नौतपा की शुरुआत होती है, जो इस बार 8 जून तक प्रभावी रहेगा। माना जाता है कि इस दौरान सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ती हैं, जिससे भीषण गर्मी पड़ती है। वैज्ञानिक दृष्टि से यही गर्मी समुद्र और भूमि से नमी को वाष्पित कर मानसून के लिए अनुकूल परिस्थितियां तैयार करती है। बताते चलें कि भीषण गर्मी का असर अब लोगों की सेहत पर भी दिखने लगा है। आरोग्य मेलों और अस्पतालों में डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और मौसमी बीमारियों के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। यूपीएचसी कालीबाड़ी की चिकित्साधिकारी डॉ. मीनू सिंह ने बताया कि ओपीडी में आने वाले मरीजों में बड़ी संख्या गर्मी से जुड़ी बीमारियों की है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा पानी और तरल पदार्थ पीने की सलाह दी जा रही है।

### गर्मी से बचाव के लिए जरूरी सावधानी

- दोपहर 12 से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचें
- हल्के रंग और सूती कपड़े पहनें सिर को टोपी, गमछे या छाते से ढंकें
- ओआरएस, नींबू पानी और अन्य तरल पदार्थ लेते रहें
- धूप में भारी श्रम वाले काम सुबह या शाम में करें
- चाय, कॉफी और शराब जैसी चीजों से दूरी रखें
- बच्चों और पालतू जानवरों को वाहन में न छोड़ें
- तबीयत खराब होने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लें

# बहगुल नदी के भंवर ने निगल ली दो जिंदगियां, नहाने गए ममेरे-फुफेरे भाइयों की मौत

## देर शाम दोनों के शव बाहर निकाले जा सके, हादसे के बाद दोनों परिवारों में मचा कोहराम



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भीषण गर्मी के बीच बहगुल नदी में नहाने गए दोस्तों का मौज-मस्ती का पल कुछ ही मिनटों में मातम में बदल गया। फरीदपुर के मोहल्ला कानूनगोयान पटी गली के 10 लड़कों में से चार अचानक नदी के तेज बहाव और भंवर में फंस गए। साथियों और ग्रामीणों ने दो लड़कों को तो किसी तरह बचा लिया, लेकिन 15 वर्षीय आदित्य और उसके फुफेरे भाई 25 वर्षीय अभिषेक की नदी में डूबने से मौत हो गई। देर शाम दोनों के शव बाहर निकाले जा सके। हादसे के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

परिजनों के मुताबिक मोहल्ला कानूनगोयान पटी गली निवासी आदित्य और उसका फुफेरा भाई अभिषेक अपने दोस्तों के साथ सोमवार दोपहर बाइक से गुलाबनगर गांव के पास बहगुल नदी में नहाने गए थे। शुरुआत में सभी किनारे पर नहा रहे थे, लेकिन कुछ देर बाद चार लड़के गहरे पानी में पहुंच गए और भंवर में फंसकर बहने लगे। वहां पास में मछली पकड़ रहे लोगों ने शोर सुनते ही दो लड़कों को बाहर निकाल लिया, लेकिन आदित्य और अभिषेक देखते ही देखते गहरे पानी में समा गए।

**तीन घंटे तक चला रेस्क्यू, शाम को मिले शव**

हादसे की सूचना मिलते ही अन्य लड़के गांव पहुंचे और ग्रामीणों को लेकर वापस नदी किनारे आए। पुलिस को भी सूचना दी गई। इसके बाद ढकनी गांव से गोताखोर बुलाए गए। करीब तीन घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद शाम ढलते समय दोनों युवकों के शव नदी से बाहर निकाले जा सके। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे डूबने की सूचना मिली थी। बहगुल नदी फरीदपुर कस्बे से करीब छह किलोमीटर दूर है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### पढ़ाई कर रहे थे दोनों युवक, एक के पिता हैं कोटेदार

मृतक आदित्य फरीदपुर के दयानंद स्कूल में कक्षा नौ का छात्र था। वहीं अभिषेक बिथरी क्षेत्र के एक निजी विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहा था। अभिषेक मूल रूप से भमोरा थाना क्षेत्र के बढ़रई गांव निवासी कोटेदार जितेंद्र का बेटा था और पढ़ाई के चलते अपने ममेरे भाई आदित्य के घर फरीदपुर में रह रहा था। एसडीएम रामजनम यादव ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद दोनों मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### स्विमिंग पूल की जगह नदी पहुंचना पड़ा भारी

ग्रामीणों के अनुसार सभी दोस्तों ने पहले पीलीभीत बाइपास स्थित स्विमिंग पूल जाने की योजना बनाई थी, लेकिन भीषण गर्मी और लंबी दूरी की वजह से उन्होंने अपना प्लान बदल दिया। करीब 20 किलोमीटर दूर पूल जाने के बजाय लड़के खेतों के रास्ते बहगुल नदी पहुंच गए। किसी को नदी की गहराई का अंदाजा नहीं था और ज्यादातर लड़कों को तैरना भी नहीं आता था। इसी लापरवाही ने दो परिवारों के चिराग बुझा दिए।

## खेत के पास यूकेलिप्टस के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम उनई खालसा में मंगलवार को एक युवक का शव खेत के पास यूकेलिप्टस के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बहेड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। गांव निवासी महेश (35) पुत्र राम किशोर का शव गांव से करीब एक किलोमीटर दूर उसके खेत के सामने यूकेलिप्टस के पेड़ से लटका मिला। सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने शव को देखा तो परिवार और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया और पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक महेश दूध का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं, जिनकी उम्र करीब छह और आठ वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण स्पष्ट हो सकेंगे। बहेड़ी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया मृतक के शव कब्जे में पोस्मार्टम को भेजा गया है, पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारवाही की जाएगी, परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है।

## सार संक्षेप

### पत्नी से विवाद के चलते युवक ने लगाई फांसी, कमरे में लटका मिला शव, उड़ गए परिजनों के होश

**बरेली।** के बारादरी थाना क्षेत्र में घरेलू कलह ने एक और घर उजाड़ दिया। पत्नी से लंबे समय से चल रहे विवाद से परेशान एक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मंगलवार सुबह जब परिवार वालों ने कमरे का दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य देखकर चीख-पुकार मच गई। युवक का शव दुपट्टे के सहारे कमरे में लटका मिला। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना बारादरी थाना क्षेत्र के लोदी टोला मोहल्ले की है। यहां रहने वाले 25 वर्षीय सोनू पुत्र महबूब का अपनी पत्नी से काफी समय से विवाद चल रहा था। परिवार वालों के मुताबिक आए दिन होने वाले झगड़ों के कारण उसकी पत्नी मायके में रह रही थी। पत्नी के अलग रहने से सोनू मानसिक तनाव में रहने लगा था। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से वह काफी परेशान और गुमसुम दिखाई देता था। बताया जा रहा है कि सोमवार रात सोनू खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला गया था। देर रात तक किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया। मंगलवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को चिंता हुई। आवाज देने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद जब दरवाजा खोला गया तो परिवार वालों के पैरों तले जमीन खिसक गई। सोनू का शव दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटका हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही बारादरी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एक दशक पुराने धोबी तालाब विवाद का हुआ निस्तारण, अब होगा सौंदर्यीकरण

**बहेड़ी।** करीब एक दशक से विवादों में घिरे धोबी तालाब प्रकरण का आखिरकार प्रशासन ने सफल निस्तारण कर दिया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में एसडीएम बहेड़ी के नेतृत्व में राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर तालाब की पैमाइश कर सरकारी भूमि का चिन्हांकन कराया। कार्रवाई पूरी होने के बाद अब तालाब के सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू कराई जाएगी। बताया गया कि धोबी तालाब की भूमि को लेकर पिछले कई वर्षों से विवाद चला आ रहा था। मामले में न्यायालय में सुनवाई के बाद प्रशासन को सरकारी भूमि की पैमाइश और सीमांकन के निर्देश दिए गए थे। आदेश के अनुपालन में एसडीएम बहेड़ी ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पूरे क्षेत्र की पैमाइश कराई और तालाब की वास्तविक सीमा निर्धारित कराई। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा, जिससे शांति व्यवस्था बनी रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि तालाब की सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बहेड़ी एसडीएम इशिता किशोर ने बताया कि चिन्हांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कराया जाएगा। इसके तहत तालाब की सफाई, सुंदरीकरण और आसपास हरियाली विकसित करने की योजना तैयार की जा रही है।

### बरेली पुलिस ने जारी की एडवाइजरी, इन रास्तों पर रहेगी नो-एंट्री

**बरेली।** बकरीद के मौके पर 28 मई को बरेली शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह बदली रहेगी। नमाज और त्योहार के दौरान भीड़ व जाम से बचाने के लिए पुलिस ने सुबह 5 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक शहर में सभी प्रकार के भारी वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी है। ट्रैफिक पुलिस ने अलग-अलग रूटों के लिए डायवर्जन प्लान जारी करते हुए लोगों से संयम और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान के मुताबिक दिल्ली, रामपुर, नैनीताल और पीलीभीत की ओर से आने वाले भारी वाहन, जिन्हें बरेली शहर की तरफ आना है, उन्हें झुमका तिराहा, बड़े बाईपास विलवा, विलयधाम, नवदिया झादा और इन्वर्टिस तिराहा होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर भेजा जाएगा। वहीं बदायूं की ओर जाने वाले भारी वाहनों को भी बड़े बाईपास और विलयधाम के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। नो-एंट्री समय से पहले यानी सुबह 7 बजे से पूर्व वाहन कैंट और बुखारा होकर निकल सकेंगे। दिल्ली और रामपुर की ओर से आने वाली रोडवेज बसों के लिए भी नया रूट तय किया गया है।

# 5 हजार की रिश्वत पर फंसा लेखपाल

- गिरफ्तारी के बाद कोतवाली में बवाल, एंटी करप्शन टीम से भिड़े साथी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सदर तहसील में एंटी करप्शन की टीम ने लेखपाल विपिन पटेल को कथित तौर पर 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई की खबर फैलते ही तहसील में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लेखपाल कोतवाली पहुंचकर विरोध प्रदर्शन पर उतर आए। देखते ही देखते माहौल इतना गर्म हो गया कि एंटी करप्शन टीम की गाड़ी रोकने की कोशिश तक की गई।

जानकारी के मुताबिक एक किसान ने लेखपाल पर रिश्वत मांगने की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की थी। शिकायत के आधार पर टीम ने जाल बिछाया और सदर तहसील में कार्रवाई करते हुए लेखपाल विपिन पटेल को पकड़ लिया। टीम आरोपी को लेकर जैसे ही कोतवाली पहुंची, वहां पहले से जुटे लेखपालों ने हंगामा शुरू कर दिया। गिरफ्तारी से नाराज लेखपालों ने कार्रवाई को गलत बताते हुए जोरदार विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस और लेखपालों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की जैसी स्थिति भी बनी। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने अतिरिक्त फोर्स बुला ली। भारी सुरक्षा के बीच आरोपी लेखपाल को वहां से रवाना किया गया। काफी देर तक कोतवाली परिसर में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बना रहा। लेखपाल संघ ने पूरे मामले को साजिश बताते हुए एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। संघ का आरोप है कि बिना ठोस साक्ष्य के लेखपाल को जबरन फंसाया गया है। उनका कहना है कि पूरी कार्रवाई को रिश्वतखोरी का रंग देने की कोशिश की गई।

**प्रत्यक्षदर्शी ने खोले नए सवाल**

मामले में प्रत्यक्षदर्शी सुरेश चंद्र का बयान भी सामने आया है। सुरेश चंद्र के मुताबिक वह अपनी जमीन से जुड़े काम के लिए तहसील पहुंचे थे। उन्होंने दावा किया कि लेखपाल सामान्य तरीके से कार्यालय में काम कर रहे थे, तभी 5 से 7 लोग अचानक पहुंचे और उन्हें कुर्सी से खींच लिया। सुरेश चंद्र ने आरोप लगाया कि लेखपाल के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट भी की गई। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी आंखों से किसी को रिश्वत देते हुए नहीं देखा। घटना के बाद लेखपाल संघ पूरी तरह लामबंद हो गया है। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# डॉक्टर कर रहे थे अपने पैसे से इलाज, हालत बिगड़ी तो डॉक्टर पर ही लगा दिया आरोप

- पहले ऑपरेशन में सीएमएस ने खर्च किए थे 25 हजार रुपये

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर भगवान का काम कर रहे हैं। लेकिन कुछ तीमारदार एहसान न मानने के बाद उन पर ही आरोप लगा रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर अपनी कर्तव्य निष्ठा से भी मुंह मोड़ने को तैयार हो रहे है।

हजरतपुर निवासी भोले की पत्नी शोभा चौहान को पित्त की थैली के ऑपरेशन के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जिसका सफल ऑपरेशन करीब एक महीना पहले कर दिया गया था। परिजनों का आरोप है कि डॉ. प्रियंका ने ऑपरेशन के दौरान पेट में डाली जाने वाली नली काफी ऊपर लगा दी, जो सीधे आंत में जाकर फंस गई। इसके बाद मरीज के पेट से मवाद आने लगा और उसे सांस लेने में भारी तकलीफ होने लगी। जिसके बाद महिला को मेडिकल कॉलेज लाया गया। डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि मरीज हृदय रोग से पीड़ित



जानकारी देते महिला के परिजन।



मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीज।

है अब दुबारा ऑपरेशन नहीं हो सकता। दिल के डॉक्टर से परामर्श कराने के बाद हीऑपरेशन हो सकेगा। परिजनों कि मिन्नत पर आनन-फानन में महिला का दोबारा ऑपरेशन कर दिया, जिससे उसकी स्थिति और ज्यादा क्रिटिकल हो गई।इसी बात पर

पीड़ित परिवार ने डॉक्टरों पर अवैध वसूली का भी गंभीर आरोप लगा दिया। उनका कहना है कि सरकारी अस्पताल होने के बावजूद डॉक्टरों ने निजी क्लिनिक की तरह बेहतर इलाज का झांसा देकर मोटी रकम ऐंठ रहे हैं।जब मरीज की हालत वेंटिलेटर तक पहुंच गई, तो डॉक्टरों ने खुद पूरा इलाज कराने कि हामी भी ले ली। लेकिन परिजन अस्पताल परिसर में भारी हंगामा और प्रदर्शन करने लगे। इलाज का पूरा खर्च करने को डॉ. प्रियंका ने हामी भरी और बरेली रेफर कर मरीज की जान बचाने का भरसक प्रयास किया जिसके बाद परिजन शांत हुए। फिलहाल मरीज का उपचार बरेली के गंगाशील अस्पताल में चल रहा है।

# बरेली में कुर्बानी से पहले सज गया शहर, जानिए किस मस्जिद में कितने बजे होगी, जुटेगा अकीदतमंदों का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय कर

**बरेली।** शहर में ईद-उल-अजहा को लेकर रौनक तेज हो गई है। मस्जिदों, दरगाहों और खानकाहों में तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच चुकी हैं। 28 मई को मनाई जाने वाली बकरीद पर नमाज़ के समय का ऐलान होते ही लोगों ने अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। इस बार बाकरगंज स्थित ईदगाह में सुबह 10 बजे मुख्य नमाज़ अदा की जाएगी, जबकि दरगाह आला हज़रत की रज़ा मस्जिद में सबसे आखिर में सुबह 10:30 बजे नमाज़ होगी।

**सुबह 5:35 बजे से शुरू होगा सजदों का सिलसिला**

शहर में सबसे पहली नमाज़ बाजार संदल खान स्थित दरगाह वली मियां की चांद मस्जिद में सुबह 5:35 बजे अदा की जाएगी। इसके बाद अलग-अलग इलाकों की मस्जिदों में नमाज़ का सिलसिला लगातार चलता रहेगा। ईद को लेकर बाजारों में भी भीड़ बढ़ गई है और लोग कपड़े, सेवइयां व कुर्बानी से जुड़ी खरीदारी में जुटे हैं।

### पुलिस-प्रशासन भी अलर्ट, सुरक्षा के रहेंगे इंतजाम

ईद-उल-अजहा को लेकर पुलिस और प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट मोड में है। प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। ट्रैफिक डायवर्जन और पार्किंग को लेकर भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि नमाजियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

### इन प्रमुख मस्जिदों में भी होगा नमाज़ का एहतमाम

कुतुबखाना चौराहे वाली मस्जिद, बड़ा बाजार की बादशाह बेगम मस्जिद, किला शाही मस्जिद, नौमहला मस्जिद, जामा मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, नूरी मस्जिद, हुसैनी मस्जिद, कादरी मस्जिद और मुफ्ती-ए-आजम मस्जिद समेत शहर की सैकड़ों मस्जिदों में अलग-अलग समय पर ईद की नमाज़ अदा की जाएगी।

### दरगाहों और खानकाहों में भी तय हुआ वक्त

शहर की प्रमुख दरगाहों और खानकाहों में भी नमाज़ का समय घोषित कर दिया गया है। दरगाह ताजुश्शरिया में सुबह 6:30 बजे, दरगाह शाह शराफत अली मियां में 6:45 बजे, खानकाह-ए-वामिकिया में 7:30 बजे, खानकाह-ए-नियाज़िया और दरगाह रफीकुल औलिया में 8:30 बजे, जबकि दरगाह शाहदाना वली में सुबह 9 बजे नमाज़ अदा की जाएगी।

**गढ़ी मस्जिद में दो शिफ्टों में नमाज़, भीड़ संभालने की तैयारी**

नमाजियों की भारी भीड़ को देखते हुए गढ़ी चौकी स्थित गढ़ी मस्जिद में इस बार दो शिफ्टों में नमाज़ कराने का फैसला लिया गया है। पहली जमात सुबह 7 बजे और दूसरी 7:30 बजे अदा की जाएगी। इंतजामिया कमेटी ने लोगों से तय समय से पहले पहुंचने और यातायात व्यवस्था में सहयोग की अपील की है।

## शत्रु संपत्ति को कथित रूप से बेचने और लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला

**बरेली।** शत्रु संपत्ति को कथित रूप से बेचने और लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। समाजसेवी फरजाना बेगम और उनके पति इम्तेयाज कुरैशी ने डीएम और एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने सरकारी शत्रु संपत्ति को निजी प्लॉट बताकर बेच दिया और बाद में रकम भी हड़प ली। किला थाना क्षेत्र के मलूकपुर नीम वाली मस्जिद निवासी फरजाना बेगम ने मलूकपुर बाजदरान इलाके में 120 वर्गगज भूमि में से 54 वर्गगज का प्लॉट 9.50 लाख रुपये में खरीदा था। आरोप है कि विक्रेताओं ने यह प्लॉट बेचा था, जबकि रजिस्ट्री में इसकी सरकारी कीमत 5 लाख रुपये दिखाई गई थी। 26 अगस्त 2025 को बैनामा भी करा दिया गया। फरजाना बेगम का आरोप है कि बाद में उन्हें पता चला कि 54 वर्गगज में से 42 वर्गगज जमीन शत्रु संपत्ति है। आरोप है कि विक्रेताओं ने हेराफेरी कर इस जमीन का बैनामा करा दिया।

**बैनामा कैंसल, फिर लौटाए गए अधूरे पैसे**

पीड़िता के अनुसार जब उन्हें शत्रु संपत्ति की जानकारी हुई तो उन्होंने यह जमीन लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद विक्रेता ने अपनी बहन के नाम से दोबारा बैनामा कराया। फरजाना बेगम का कहना है कि उन्होंने दिए गए 5 लाख रुपये वापस मांगे, जिस पर 2 लाख रुपये का चेक और 1.20 लाख रुपये नगद लौटाए गए, लेकिन बाकी 1.80 लाख रुपये देने का वादा कर आरोपी टालमटोल करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अमन मिर्जा और उसकी बहन शबाना ने मिलकर रुपये हड़प लिए और लगातार बहानेबाजी करते रहे।

**कांग्रेस नेता पर भी मिलीभगत का आरोप**

इम्तेयाज कुरैशी ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि यह पूरा खेल एक कांग्रेस नेता और उनकी पत्नी की मिलीभगत से चल रहा है। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी शत्रु संपत्ति को निजी जमीन बताकर बेच रहे हैं और सरकार को चूना लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की गोपनीय जांच कराकर शत्रु संपत्ति को सरकार के कब्जे में लिया जाए।

**गुस्सा** महंगाई, बिजली कटौती और बढ़ते घरेलू खर्चों को लेकर सरकार पर साधा निशाना

# गले में स्मार्ट मीटर, कंधे पर सिलेंडर और बैलगाड़ी पर बाइक रखकर कलक्ट्रेट पहुंचे सपा कार्यकर्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में मंगलवार को समाजवादी युवजनसभा के कार्यकर्ताओं ने शहर में अनोखा प्रदर्शन किया। गले में स्मार्ट मीटर, कंधों पर गैस सिलेंडर और बैलगाड़ी पर बाइक लादकर सपाई कलक्ट्रेट पहुंचे तो राहगीर भी रुककर यह नजारा देखने लगे। प्रदर्शन के जरिए कार्यकर्ताओं ने महंगाई, बिजली कटौती और बढ़ते घरेलू खर्चों को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

पटेल चौक स्थित लोहिया बिहार कार्यालय से शुरू हुआ यह प्रदर्शन जुलूस के रूप में कलक्ट्रेट तक पहुंचा। कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल को बैलगाड़ी पर रखकर यह संदेश देने की कोशिश की कि अब आम आदमी के लिए वाहन चलाना भी मुश्किल होता जा रहा है। सपाइयों का कहना था कि पेट्रोल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है।

प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने गले में स्मार्ट मीटर पहनकर बिजली व्यवस्था और कथित बढ़े हुए बिलों का विरोध किया। कई कार्यकर्ताओं के हाथों में तवा और खाली बर्तन भी नजर आए। उनका कहना था कि महंगाई ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है और गैस सिलेंडर के दाम आम परिवारों की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं।

### भाजपा सरकार पर साधा निशाना

सपा नेताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। आरोप लगाया कि पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम बढ़ने से परिवहन महंगा हो गया है, जिसका असर सब्जियों से लेकर रोजमर्रा की जरूरत की हर चीज पर पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द राहत नहीं दी गई तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन तेज करेगी। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी भी हुई और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कीमतों पर नियंत्रण की मांग की।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### खेत पर गए युवक को सांप ने डसा, हालत गंभीर

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के दिव्यापुर गांव निवासी मित्तरपाल के साथ एक हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह मित्तरपाल खेत पर गया था। घास में छिपे एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। सांप के काटते ही युवक की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुँचे और आनन–फानन में उसे गंभीर अवस्था मे सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंचे चिकित्सकों ने तुरंत उपचार शुरू कर दिया।

# जिला अस्पताल में रोगियों के तीमारदार आपस में भिड़े

## कमरा नंबर 12 के बाहर हुई दोनों में नोकझोंक, मची अफरा-तफरी


जिला अस्पताल में कक्ष के बाहर आपस में भिड़ते रोगी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में रोगियों के तीमारदार आपस में भिड़ गए। दोनों ने मौके पर चीख पुकार मचानी शुरू कर दी। काफी देर अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। शोर-शराबा की आवाज सुनकर मौके पर दौड़े गार्डों ने दोनों पक्षों को समझा- बुझाकर शांत कराया।

काला पीलिया की दवा लेने आई शाहिद की रामौतार से तीखी झड़प हो गई। कमरा नंबर 12 में डॉ. राजीव राजपाल जोकि मरीजों को काला पीलिया की दवा देते हैं। मंगलवार को उनके कक्ष के बाहर रोगियों की लंबी कतार लगी रही। शाहिद दवा लेने को गेट पर बैठे रहे। इसी बीच मौके पर रामौतार भी मां के संग बाहर खड़े रहे। तो कहीं शाहिद का हाथ रामौतार की मां सिर पर लग गया। यह देख मौके पर खड़े रामौतार भड़क गए। दोनों में कहासुनी और गाली गलौच शुरू हो गई। मौके पर पहुंचे गार्ड ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया। सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि कमरा नंबर 12 के बाहर रोगियों को समझा दिया गया है।

### तीन माह से गार्डों को नहीं मिला वेतन

जिला अस्पताल में तैनात गार्डों का वेतन तीन माह से नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने को परिवार की आर्थिक स्थिति सही नहीं हैं। वेतन नहीं मिलने पर सभी गार्ड सीएमएस से मिले। जहां उन्होंने पूरी बात को सीएमएस को बताई। गार्डों का कहना है कि अस्पताल में 12 गार्ड तैनात है उनको एनएचएम की ओर से रखा गया है। लेकिन सभी को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। जिसके कारण परिवार का गुजर बसर करने में कठिनाइयों को झेलना पड़ रहा है।

## पेड़ से टकराई बाइक, बाइक सवार घायल

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर गांव निवासी आज़ाद मंगलवार को अपनी बाइक से नवीगंज की ओर जा रहे थे। रास्ते में नवीगंज के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। हादसे में आज़ाद गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुँचे और तुरंत एम्बुलेंस को सूचित किया। एम्बुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुँचाया गया। वहाँ तैनात चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन आज़ाद की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।


घायल का उपचार करते स्वास्थ कर्मी।

## शाहबाद के युवक की चंडीगढ़ में मौत, लावारिस में हुआ अंतिम संस्कार

- गुमशुदगी की सूचना देने थाने पहुंचे परिजनों ने फोटो से की बेटे के शव की शिनाख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय


फाइल फोटो मृतक राहुल।

**शाहबाद।** एक मई को घर से नाराज होकर निकले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। चंडीगढ़ पुलिस ने संदिग्ध हालत में पड़ी मिली युवक की लाश की शिनाख्त कराने की बहुत कोशिश की, लेकिन युवक की पहचान का कोई सुराग नहीं मिल सका। मोर्चरी में रखने की समय सीमा निकलने के बाद पुलिस ने युवक के शव का लावारिस में अंतिम संस्कार कर दिया।

शाहबाद के दिविया नगला गांव निवासी हरक्रैश का परिवार चंडीगढ़ के मोहाली में रहकर मेहनत मजदूरी का काम करता है, एक मई की सुबह उनका बेटा राहुल (22) किसी बात से नाराज़ होकर घर से चला गया। कई दिनों तक वो घर नहीं लौटा। काफी तलाश करने के बाद राहुल के पिता 20 मई को मोहाली के थाने सोहना में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे।

इसी बीच पुलिस को एक युवक की लाश संदिग्ध हालत में पड़ी मिली थी, जिसका पुलिस ने लावारिस में अंतिम संस्कार कर दिया था, पुलिस ने राहुल के पिता को उस लाश के फोटो दिखाएं तो राहुल की शिनाख्त हो गई। युवक की मौत की खबर से परिजनों में मातम छा गया।

# नोटिस का जवाब न देने पर चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट

- प्रसव कराए जाने के मामले में नोडल ने दिया था नोटिस

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**स्वार।** नाज हॉस्पिटल में किशोरी के प्रसव कराए जाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हॉस्पिटल को सील कर दिया गया था। लेकिन संचालक द्वारा सील को तोड़कर फिर से हॉस्पिटल शुरू कर दिया गया। जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग में हॉस्पिटल संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अन्यथा अग्रिम कार्यवाही की चेतावनी दी हैं। लेकिन समय अवधि बीत जाने के बाद भी अस्पताल के संचालक द्वारा जवाब न दिए जाने पर नोडल अधिकारी ने पुलिस को तहरीर देकर संचालक चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।


सील किया गया नर्सिंग होम का फाइल फोटो।

कुछ दिन पूर्व नगर स्थित नाज हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सील किए जाने हॉस्पिटल का संचालन शुरू कर दिया गया था। अस्पताल की सील तोड़ने का मामला प्रकाश में आने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नाज नर्सिंग होम की संचालन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है जवाब न देने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अग्रिम कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। लेकिन समय सीमा बीत जाने के बाद भी ने अस्पताल के संचालक चिकित्सक ईश्वर प्रसाद द्वारा नोटिस का जवाब न दिए जाने पर नोडल अधिकारी देवेश चौधरी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर नाज हॉस्पिटल के संचालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नोडल अधिकारी ने बताया कि नाज हॉस्पिटल को सील किया गया था। सील तोड़कर संचालन किया गया है वह अपराध की श्रेणी में आता है। नोटिस जारी किया गया था लेकिन जवाब न मिलने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर चिकित्सक के खिलाफ सरकारी कार्य मैं बाधा डालने सहित संबंधी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## मंदिर में गूंजी कृष्ण की बाल-लीलाएं, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**बिलासपुर।** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के छठे दिन कथा पंडाल कृष्ण भक्ति के रंग में सराबोर हो गया। बीते सोमवार की देर रात मौहल्ला कायस्थान स्थित श्री गौरीशंकर मंदिर में कार्यक्रम के दौरान परमगुरु मोहन व्यास की शिष्या साध्वी अर्चना ने व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को हरि भक्ति का मार्ग दिखाया। उन्होंने विस्तार से बताया कि सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर ईश्वर (हरि) से सच्ची लगन कैसे लगाई जाती है।कथा के दौरान साध्वी अर्चना ने भगवान श्री कृष्ण की दिव्य और मनोरम बाल–लीलाओं का रसपान कराया। उन्होंने कान्हा द्वारा गोपियों की मटकी फोड़ने और माखन चुराने के प्रसंग को भी बेहद सुरीले ढंग से सुनाया। इस दौरान जैसे ही बाल–लीलाओं के भजनों की प्रस्तुति शुरू हुई, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। श्रद्धालु अपनी सुध–बुध भूलकर नृत्य करने लगे और परमानंद की प्राप्ति कर खूब जयकारे भी लगाए। जिससे समूचा वातावरण गूंज उठा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय महिला–पुरुष और भक्तगण मौजूद रहे।


गौरी शंकर मंदिर में आयोजित श्री मदभागवत कथा सुनाती वाचक।

# विवाहिता को जलाकर मारने में पति को 10 साल की सजा

- एफटीसी द्वितीय न्यायालय ने आरोपी पर डाला 12 हजार का जुर्माना

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** विवाहिता को जलाकर मारने के मामले में एफटीसी द्वितीय न्यायालय ने आरोपी पति को 10 साल की सजा और 12 हजार रूपये का जुर्माना ठोंका गया है। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

थाना शाहबाद में न्यायालय के आदेश पर 156 तीन के तहत लाखन पुत्र रामचरन निवासी घोड़ा का मिलक जनपद मुरादाबाद ने पति ओमप्रकाश, पूरन सिंह, छत्रपाल पुत्र मिटठन, चंद्रवती सास, प्रेमपाल और उसकी पत्नी निवासी चंद्रपुर कला के खिलाफ धारा 304 बी, 498, 201, 120 बी और 506 में मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा है कि उसकी बहन संतोष की शादी वष 2014 में ओमप्रकाश से हुई। शादी के हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया था। पति ओमप्रकाश, जेठ पूरन सिंह, देवर छत्रपाल, ननद चंद्रवती आए दिन दहेज की मांग, मारपीट और घर से निकाल दिया करते थे। 4 सितंबर 2017 को ससुरलियों ने दहेज की खातिर गर्भवती संतोष को जलाकर मार दिया।उसके बाद 6 सितम्बर 2017 को भाई को घटना के बारे में पता चला। ससुरालियों ने उसको भी धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तो उसने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने विवेचना कर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। न्यायालय के एडीजीसी प्रमोद सागर ने बताया कि न्यायालय ने आरोपी पति ओमप्रकाश को दोषी ठहराते हुए 304 बी में 10 साल, 498 ए में दो साल, 506 में 6 माह, धारा 4 बीपी एक्ट में 1 साल साथ ही 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।



## बकरीद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**टांडा।** बकरीद को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और स्वच्छ तरीके से मनाने के उद्देश्य से मंगलवार को तहसील में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापार मंडल, तंजीम उलमा, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर ईद की कुर्बानी व व्यवस्थाओं पर चर्चा की। क्षेत्राधिकारी टांडा कीर्तिनिधि आनंद,तहसीलदार निश्चय कुमार और अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा ने गणमान्य व्यक्तियों से ईद उल अज़हा को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। साथ ही कोई नई परम्परा शुरू न करने की हिदायत भी। आम जनता से अपील की कि वे त्योहार को भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। कुर्बानी के बाद साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

# कैंटीन संचालक की गला रेत कर हत्या, फैली सनसनी

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, लिए नमूने

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सैफनी।** एक ईंट भट्ठे के पास नई बस्ती में कैंटीन संचालक की उसके ही प्लॉट पर बने एक कमरे में गला रेत कर हत्या कर दी गई। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन किसी प्रकार की रंजिश से इनकार कर रहे हैं। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर नमूने लिए हैं। पुलिस ने शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नगर भूड़ा गेट स्थित नईम पुत्र मुरव्वत नईम टी स्टॉल नाम से एक कैंटीन का संचालन करता है। परिजनों ने बताया कि कैंटीन की 24 घंटे खुले रहने से नईम की क्षेत्र में पहचान भी थी। जिससे दोस्तों को आना-जाना भी लगा रहता था। नईम की मां बताया कि लगभग करीब 10 बजे खाने पूछकर रहा था। खाना नहीं बनने पर 10 मिनट में घूम कर वापस आने बात कह कर घर से निकल गया था। बताया कि लगभग 3 तक घर पर वापस न आने से मोबाइल नंबर मिलाकर देखा तो बंद मिला। करीब दोस्तों से भी जानकारी नहीं मिलने पर परिवार की चिंता बढ़ गई। इसी दौरान तलाश करते हुए नईम के पिता मुरव्वत नगर में ही स्थित एक ईंट भट्ठे के पास नई बस्ती प्लॉट पर बने कमरे पर पहुंचे तो नईम की बाइक बाहर खड़ी मिली। जहां कमरे के अंदर का दृश्य देखकर पिता के होश उड़ गए। जमीन पर नईम का खून से लतपथ शव आसपास फैला खून फैला पड़ा था। घटना की जानकारी पाकर परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। हत्या की सनसनी घटना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जिससे घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


संचालक की मौत पर रोते–पीटते परिजन व इनसेट में मृतक का फाइल फोटो।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की गला रेतकर हत्या की गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी। परिजनों से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गहन जांच में जुटी हुई है। मृतक परिजनों ने किसी भी तरह की रंजिश से इंकार किया है। वहीं नईम का मोबाइल, पैसे हाथ में पहनी अंगूठी और अन्य सामान भी गायब होने का आरोप लगाया है। पुलिस अब इस जांच में जुटी है कि नईम की हत्या किस लिए की गई है।

## जमीनी विवाद में मारपीट, एसपी के आदेश पर सात पर केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के पस्तौर गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि खेत जोतने को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने महिला समेत उसके परिजनों पर लोहे की रॉड, लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता जैनुल पत्नी अनवर खां निवासी ग्राम पस्तौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 मई 2026 को वह अपने पति और देवर के साथ खेत पर मौजूद थी। इसी दौरान गांव के ही अनवर खां, असलम, नन्ही, मन्तशा, सलमान खान, अमीर खान और शबनम मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए खेत जोतने से रोकने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया। महिला का आरोप है कि उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गई। बीच-बचाव में उसकी ननद को भी चोटें आईं। घटना के दौरान ग्रामीणों की भीड़ जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने घटना की वीडियो होने का भी दावा किया है। मामले में पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




टूर्नामेंट

## मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार स्टार क्लब के नाजिम को क्रिकेटर आलम फैज ने दिया

# स्टार क्लब ने टीटीसी क्लब को 6 विकेट से हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे मैच में स्टार क्लब और टीटीसी के बीच मैच खेला गया। जिसमें टीटीसी क्लब की टीम को हार का सामना करना पड़ा।

मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में टॉस जीत कर पहले बेटिंग करते हुए टीटीसी क्लब नेनिर्धारित 16 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 119 रन बनाए। जिसमें टीटीसी क्लब के बल्लेबाज बशीर ने 33 रन, आमिर सुहैल ने 21 रन, और कारी अफसर ने 13 रन बनाए। अतिरिक्त रन 30 बने।स्टार क्लब के गेंदबाज नाजिम ने 2 विकेट, शहजाद और जुबैर ने एक-एक विकेट लिए।जीत के लिए 120 रन बनाने के लिए स्टार क्लब ने 13.4 ओवर में 122 रन, 4 विकेट खोकर बनाकर यह मैच आसानी से 6 विकेट से जीत कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। स्टार क्लब के आसिफ ने 46 रन,आलिम ने 21 रन, नाजिम और मुशाहिद पहलवान ने क्रमशः 16,16 रन बनाए।अतिरिक्त 21 रन बने। टीटीसी क्लब के गेंदबाज ओसामा ने 2 विकेट लिए, बशीर और अफसर ने एक एक विकेट लिया।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार स्टार क्लब के नाजिम को क्रिकेटर आलम फैज द्वारा प्रदान किया गया। मैच की अंपायरिंग हाजी बशर और फ़िरसत अली अन्ना ने की, कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर , जहीर जिया और अब्दुल रज़्ज़ाक़ रहे जबकि ऑनलाइन स्कोर मौलाना जुनैद और आकिब गुल ने की।इस अवसर पर भाजपा नेता मकसूद लाला सहित आयोजक हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम अली, मौलाना शाहफेद, डा० असद रहमानी, तौसीफ आलम,वसी खान, जुबैर आलम, कारी रिजवान, जावेद रहमानी, कारी अल्तमश, मोइन अली और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते मुख्य अतिथि। –जागरण मोर्चा

# ईद को लेकर पुलिस ने किए कड़े सुरक्षा के इंतजाम

## ईदगाह में बनाई गई सफे, डीएम ने नमाज को लेकर पहले ही 19 मजिस्ट्रेट तैनात करते हुए बनाया है कंट्रोल रुम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 28 मई को होने वाली बकरीद को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां पूरी कर ली है। उधर ईदगाह कमेटी की ओर नमाज को लेकर ईदगाह साफ-सफाई का काम हो चुका है। इसके अलावा अन्य तैयारियां जोरो से हो रही है।

ईद उल अजहा करीब आते ही घरों से लेकर बाजारों तक मे रौनक दिखाई दे रही है। घरों में साफ-सफाई का काम महिलाओं द्वारा किया जा रहा है तो वहीं ईदगाह में भी साफ-सफाई का काम पूरा हो चुका है। ईद पर घरों में मुस्लिम समुदाय के द्वारा जानवरों की कुर्बानी की पंरपरा चली आ रही है। जिसको देखते हुए लोगों ने जानवर खरीदे है।



ईदगाह में साफ सफाई करते समाज सेवी मामूनशाह। -जागरण मोर्चा

बाजारों में कटरे और बकरों की कीमतों में काफी उछाल देखने को मिल रहा है। डीएम ने नमाज को लेकर पहले ही 19 मजिस्ट्रेट तैनात करते हुए कंट्रोल रुम बनाया है। ताकि लोगों को परेशानी नहीं हो सके। आने पर कंट्रोल पर संपर्क कर सके। इसके अलावा सुरक्षा के लिहाज से एसपी सोमेंद्र मीणा ने बैठक करके सुरक्षा के कड़े निर्देश दिए थे। जिसमें 6 सीओ 11 थाना प्रभारी,17 इंस्पेक्टर,190 दरोगा,12 महिला दरोगा,240 होमगार्ड एक कंपनी पीएएसी और 1200 सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। जोकि नमाज शुरू होने से पहले से लेकर नमाजियों के जाने तक तैनात रहेगे।ताकि किसी प्रकार की किसी को असुविधा नहीं हो सके।

ईदगाह पर सुबह छह बजे से ईद गाह की ओर आने वाले रास्तों पर दो पहिया और चार पहिया वाहन की आवाजाही बंद रहेगी। ईदगाह सेक्टर प्रभारी के रुप में तहसीलदार को कामन सौंपी गई है। तबकि जामा मस्जिद पर नायब तहसीलदार सदर को लगाया गया है। इसके अलावा नमाज के दौरान अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा मंगलवार को ईदगाह में साफ-सफाई के साथ शफे बनाने का काम पूरा हो गया। वही समाजसेवी मामूनशाह खां ने ईदगाह की धुलाई की। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारियों के साथ सफाई इंस्पेक्टर चीफ के अलावा मुकर्रम रजा इनियाती,मोहम्मद मियां, मशूद गुड्डू आदि मौजूद रहे।

### इस समय पर होगी नमाज अदा

ईदगाह पर सुबह 7 बजे,जामा मस्जिद में सुबह 7 :30 बजे,शाह मुबारक मस्जिद सईद मियां में सुबह 5 :40,कुंडा दादा पीर की मजार पर 7 :15, अखाड़ा सोहराब खां पर 7 :15 पर,मजार बगदादी साहब पर 9 :30 बजे, पहाड़ी गेट स्थित मस्जिद उमर कालोनी में 7 बजे,मस्जिद फात्मा में सुबह 6 बजे,घेर सलामत खां मस्जिद सादा कली में 8 :20 पर नमाज होगी।

### शाहबाद ईदगाह में सवा सात बजे होगी ईद- उल- अजहा की नमाज

शाहबाद। मंगलवार को शाहबाद की जामा मस्जिद ने ईदगाह कमेटी की बैठक एक आयोजन किया गया। जिसमें ईद उल अजहा की नमाज़ के समय को लेकर चर्चा की गई। शहर इमाम सलमान साहब और ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों के राय मशवरे के बाद ईद उल अजहा की नमाज़ का समय गुरुवार सुबह सवा सात बजे तय किया गया। कमेटी के लोगो ने शाहबाद नगर और क्षेत्र के लोगों से समय से ईदगाह पहुंचने की अपील की। इस मौके पर इंतेखाब अली, सिफत मियां, सरफराज अली, लायक मियां आदि रहे।

## सार संक्षेप



महासचिव को मनोनयन पत्र सौंपते सपा जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

### हरज्ञान सिंह बने सपा के महासचिव

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर ने बताया कि हरज्ञान सिंह यादव को महासचिव बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां की संस्तुति पर शाहबाद के पूर्व ब्लाक प्रमुख को महासचिव बनाया गया है। वह पार्टी कमर्ठ, ईमानदार कार्यकर्ता है। वह पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाएं। उनके महासचिव बनने पर फूल मालाएं पहनाकर और मनोनयन पत्र सौंपा। इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय सिंह, नगराध्यक्ष आसिम राजा, शाहबाद अध्यक्ष प्रमोद गंगवार, पूर्व पालिकाध्यक्ष फात्मा जबीं आदि मौजूद रहे।



विकास भवन स्थित राहगीरों को शर्बत वितरित करते अध्यक्ष व अन्य।

### समिति ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

**रामपुर।** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से विकास भवन के पास मीठे छबील की सेवा की गई। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कड़ाके की गर्मी में जहा राहगीरों को जल पिलाना बहुत ही पूर्ण का कार्य है वीर खालसा सेवा समिति आगे भी गर्मियों में जल शिविर आयोजित करती रहेगी। समिति के द्वारा यह सेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे। कहा कि हजारों राहगीरों को ठंडे मीठे छबील की सेवा की। इस अवसर पर सुरजीत सिंह, गुलशन अरोड़ा, सुखबीर सिंह, सेवा सिंह, मनजीत सिंह, पवन सिंह, अमनदीप सिंह, कुलविंदर सिंह, कमलजीत सिंह, शेफाली अरोरा, ममता भाटिया और अंजू अरोड़ा मौजूद रहे।

### जौहर विवि में फल संस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**रामपुर।** मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के कृषि संकाय एवं प्रशिक्षण एवं रोजगार स्थापना प्रकोष्ठ द्वारा राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र के सहयोग से 15 दिवसीय फल प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 11 से 25 मई तक आरंभ रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और स्थानीय युवाओं को फल प्रसंस्करण की वैज्ञानिक विधियों से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आम, अमरूद, पपीता, संतरा और अन्य मौसमी फलों से जैम, जेली, स्क्वैश, नेक्टर, चटनी और ड्राई फ्रूट उत्पाद तैयार करने की व्यावहारिक विधियां सिखाई गईं।




कचहरी परिसर में लोगों को शर्बत वितरित करते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

### कचहरी परिसर में कर्मचारी संघ ने लगाया शिविर

**रामपुर।** मंगलवार को दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ द्वारा जनपद न्यायालय में भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे शरबत का वितरण किया गया। जिसमें जनपद न्यायाधीश, समस्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा वादकारियों तथा न्यायालय परिसर में उपस्थित लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कुलदीप चौहान सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने सबील लगाकर शर्बत का किया वितरण



तहसील के गेट पर शिविर का फीता काटते एसडीएम। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** भीषण गर्मी में राहगीर परेशान है। राहगीरों की परेशानी को देखते हुए मंगलवार को तहसील के गेट पर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अधिवक्ता बंधुओं ने भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे एवं मीठे पानी का शिविर लगाकर राहगीरो एवं वादकारियों को शर्बत वितरण किया गया। शर्बत वितरण शिविर का शुभारंभ उपजिलाधिकारी विकास कुमार ने फीता काटकर किया। इस मौके पर तहसीलदार निश्चय कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतपाल सिंह, सचिव पृथ्वी सिंह,वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल भारद्वाज, राजकुमार चौहान, कुंवर संजय सिंह,समर सिंह, प्रमोद कुमार,खुर्शीद अहमद, सोमवीर सिंह, जयप्रकाश सैनी, अरविंद दिवाकर, राजीव चौहान, तारिक हुसैन, रघुवीर सिंह,कादिर अली, आलम हुसैन, हनीफ अहमद, अनूप सिंह, जसपाल, प्रदीप सैनी और इमरान पाशा आदि उपस्थित रहे।

### खौद साप्ताहिक बाजार में करोड़ों के पशुओं की बिक्री

**सैदनगर।** खौद साप्ताहिक बाजार में मंगलवार को करोड़ों के पशु बिके। सबसे महंगा भैसा डेढ़ लाख जबकि बकरा 80 हजार का बिका ।ईद उल अजहा के मौके पर साप्ताहिक बाजारों में पशुओं की काफी बिक्री रहती है ।अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद में मंगलवार को लगने वाला बाजार पशुओं की बिक्री के लिए काफी मशहूर है। ईद से 2 दिन पहले लगने वाले बाजार नें अब तक हुई बिक्री के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। सुबह 5 बजे से लगने वाले बाजार में पंजाब और हरियाणा से काफी पशु बिक्री के लिए आए थे। इसके अलावा आसपास के जिलों से भी व्यापारी एवं किसान अपने पशु बेचने के लिए साप्ताहिक बाजार में पहुंच गए थे। दिन निकलते ही पशुओं की बिक्री शुरू हो गई थी। जिसने पशु के हिसाब से जो भी रकम मांगी खरीदारों ने भी हाथों–हाथ लपक लिया। पशु व्यापारी गुड्डू चांद ने बताया आज से ज्यादा कभी भी इस बाजार में पशुओं की बिक्री नहीं हुई है।

# गुरु नानक एकेडमी के विद्यार्थियों की रामनगर वाटर पार्क शैक्षणिक यात्रा संपन्न

- यात्रा में कक्षा 3 से 12वीं तक के लगभग 200 विद्यार्थियों ने लिया भाग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** नगर के गुरु नानक एकेडमी द्वारा विद्यालय के छात्रों के लिए रामनगर मसाई माड़ा वाटर पार्क में एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस यात्रा में कक्षा 3 से 12वीं तक के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक स्थलों व वन्यजीवन के बारे में जानकारी देना था।



रामनगर मसाई माड़ा वाटर पार्क में शामिल छात्र–छात्राएं। -जागरण मोर्चा

विद्यार्थियों ने मसाई माड़ा में स्थित विभिन्न राइड्स वाटर पार्क में खूब समय बिताया। वहां पर स्थित सभी चीजों का अवलोकन किया। साथ ही वहां की संस्कृति एवं पर्यावरण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्राप्त की। विद्यालय के चेयरमैन विशेष शर्मा, अध्यक्ष रिजवान खान, कोषाध्यक्ष शीतल शर्मा, एमडी मीनू मिश्रा, प्रधानाचार्या मिताली सक्सेना एवं उपप्रधानाचार्य अमित गंगवार ने बताया कि इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके मानसिक विकास में भी सहायक होती हैं। विद्यार्थियों ने भी इस यात्रा का भरपूर आनंद लिया और इसे यादगार अनुभव बताया। पूरी यात्रा अनुशासन एवं सुरक्षा के साथ संपन्न हुई। अंत में सभी विद्यार्थी सुरक्षित विद्यालय लौट आए। विद्यालय की इस शैक्षणिक यात्रा में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पुलिस ने नहीं दर्ज की चोरी की रिपोर्ट

- एसपी से भी लगाई गई गुहार, नहीं हुई कोई कारवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ दिनों पूर्व एक चोरी का मामला सामने आया था। जिसके चलते स्थानीय पुलिस से बार-बार शिकायत करने के बाद ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक से इंसाफ की गुहार लगाई। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

मामला थाना क्षेत्र के रूपपुर गांव से जुड़ा है। गांव निवासी खेमकरण शर्मा पुत्र ईश्वरी प्रसाद शर्मा गांव में मेहनत मजदूरी करके अपना परिवार चलता है। खेमकरण का आरोप है। कि बीते 8 मई को उसके घर पर कोई नहीं था। जिसके चलते घर खाली देख उसके ही गांव के संजू, साधना पुत्र प्रेम सिंह व नन्हीं देवी पत्नी प्रेम सिंह घर की दीवार फांद कर घर में आ धमके। घर में रखे बक्से से 9 हजार नगद व चोरी की नियत से दो गायों की रस्सी काट ली। जिसके चलते गायों को ले जाने में नाकाम साबित रहे और घर में ही खुली गायों को छोड़कर भाग निकले। जब घर पहुंचे ग्रामीण ने देखा तो उसके होश उड़ गए। जिसकी शिकायत ग्रामीण ने धमोरा चौकी पुलिस से की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद ग्रामीण ने मामले की शिकायत शहजादनगर थाना पुलिस से कार्यवाही नहीं होने पर ग्रामीण ने रामपुर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने पर ग्रामीण खेमकरण ने मामले की जानकारी पोर्टल के माध्यम से दर्ज कराई है।

### एसपी ने किया बाजारों में फ्लैग मार्च

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियन्त्रण, कानून–शान्ति व्यवस्था, आमजन मानस में सुरक्षा भावना जाग्रत करने एवं आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में मुख्य मार्गों, भीड भाड़ वाले स्थानो एवं बाज़ार में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च शाहबाद गेट से बाजार नसरूल्लाह खां तक किया। इस दौरान तीनों थानों की पुलिस फोर्स, सीओ सिटी मौजूद रहे।


# ओपीडी से चिकित्सक गायब, भटकते रहे मरीज

- मरीजों ने देखा कि कक्ष में खाली पड़ी है डॉक्टरों की कुर्सियां

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में भीषण गर्मी के कारण मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। मंगलवार सुबह ओपीडी में इलाज के लिए मरीजों की लंबी कतारें देखी गईं। गर्मी, बुखार और डिहाइड्रेशन जैसी मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीज घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

इस दौरान कई डॉक्टर ओपीडी में गायब मिले। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. युगल किशोर समेत अन्य चिकित्सक अपने केबिन में मौजूद नहीं मिले। इससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और वे डॉक्टरों के इंतजार में खड़े रहे। उधर डॉ. अजमी नाज, डॉ. वसंत, डॉ. दशरथ सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. हिबा, डॉ. एसके राणा, डॉ. इंदु कांत वर्मा, डॉ. राजेश, डॉ. राजपाल, डॉ. ओपी आर्य, डॉ. शाहरुख सिद्दीकी, डॉ. डीके वर्मा जैसे डॉक्टर अपने केबिन में मरीजों का उपचार करते मिले।



जिला अस्पताल की ओपीडी से नदारद चिकित्सक की खाली कुर्सी।

> अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है। जो डॉक्टर ओपीडी में मौजूद नहीं थे, हो सकता है वे भर्ती मरीजों का राउंड लेने या ऑपरेशन थिएटर में व्यस्त हो। वहां से खाली होने के बाद वे ओपीडी में मरीजों को देखेंगे। **– डॉ.बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।**

# नौतपा में भी स्काउट गाइड ने राहगीरों की सेवा

- रोडवेज बस अड्डा पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के छठें दिन पर विभिन्न विद्यालयों के स्काउट और गाइड ने लोगों का शीतल जल पिलाया। नौतपा भी स्काउट और गाइड का मनोबल डिगा न सका। सूर्य देव का प्रचंड ताप से राहगीर बेहाल हो रहे थे। ऐसे में स्काउट और गाइड द्वारा की जा रही शीतल जल सेवा ने प्यासे लोगों की प्यास बुझाई तो मुरझाये चेहरे खिल उठे।



रोडवेज बस अड्डे पर राहगीरों को पानी पिलाते स्काउट गाइड। -जागरण मोर्चा

रोडवेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला आयुक्त गाइड रीता जेसवार द्वारा बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्काउट अनुशासन में रहते हुए अपने क्रियाकलापों को करें। यातायात नियमों का पालन करें। स्वयं का हाइड्रेट रखते हुए जल सेवा करें। द्वादश मण्डल मुरादाबाद के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बृजेश कुमार ने स्काउट गाइड के इस पुनीत कार्य की सराहना की। कहा कि स्काउट और गाइड का जीवन सेवा के लिए ही समर्पित होता है स्काउट सदैव गर्मी सर्दी वर्षा की परवाह किये बिना,अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ता है। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बृजेश कुमार, जिला आयुक्त रीता जेसवार आयुक्त रीता पाण्डेय, जिला सचिव ओमप्रकाश सैनी, जमाल फात्मा प्रशिक्षण आयुक्त, भुजवीर सिंह जिला स्काउट मास्टर, जीतू कुमार संगठन आयुक्त, नरवंत कौर, संजय गुप्ता, राहुल जैन, हीरा कली, मनोज कुमार, वीरवती, स्काउट नितिन गंगवार आदि मौजूद रहे।

### कोतवाली पुलिस ने तीन वांछित को किया गिरफ्तार

टांडा। थाना टांडा पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों की धर–पकड़ अभियान के तहत हत्या के एक मामले में तीन वांछित गिरफ्तार किया है। जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मंगलवार को मुनव्वर साबरी तथा अपचारी किशोर को उनके गांव मिलक सीकमपुर से गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है। 25 अप्रैल को ग्राम भैसिया, थाना कटघर, जनपद मुरादाबाद निवासी मुस्तकीम ने थाने में तहरीर दी थी कि क्षेत्र के गांव मिलक सीकमपुर थाना टाण्डा में ब्याही उनकी पुत्री शीबो को ससुराल पक्ष वाले प्रताड़ित करते थे। आरोपियों ने कथित तौर पर शीबो के गले में दुपट्टा डालकर उसकी हत्या कर दी। शीबो का शव बेड पर पड़ा मिला था और गले में दुपट्टा लिपटा हुआ था। इस मामले में थाने में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

**आयोजन** समर कैंप को दो अलग–अलग चरणों में आयोजित किया गया था

# समर कैंप में बच्चों ने सीखे जीवन के जरूरी हुनर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ज्वाला नगर स्थित फर्स्ट इम्प्रेशन पब्लिक स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर कैंप का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। इस वर्ष विद्यालय ने नन्हे कदम, बड़ी उड़ान थीम के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता, कौशल और छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अनूठा प्रयास किया।

इस समर कैंप को दो अलग-अलग चरणों में आयोजित किया गया था। कैंप के पहले चरण में जूनियर ग्रुप के लिए 18 मई से 23 मई तक विशेष सत्र चला। इसकी शुरुआत पहले दिन बेहतरीन क्राफ्ट वर्क गतिविधियों के साथ हुई। इस कैंप के दौरान बच्चों के लिए तीन अलग-अलग दिनों के अनुसार रेड,ब्लू और येलो ड्रेस कोड निर्धारित किया गया था जिससे पूरा परिसर रंग-बिरंगा और आकर्षक नजर आया। छोटे बच्चों ने क्राफ्ट वर्क में खूबसूरत वाटरमेलन बनाना सीखा। इसके साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए एक शानदार मैजिक शो आयोजित किया।बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए जुम्बा, डांस और बुनियादी जीवन कौशल भी सिखाए गए। कैंप के दूसरे चरण में सीनियर ग्रुप के लिए 23 मई से 26 मई तक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इसमें बड़े बच्चों को क्राफ्ट वर्क के साथ-साथ उनके दैनिक जीवन में काम आने वाली महत्वपूर्ण स्किल्स सिखाई गईं जिनमें कैलीग्राफी, शू-लेस बांधना, हेयर स्टाइलिंग और स्कूल बैग की सही तरीके से पैकिंग करना शामिल था।




समर कैंप में बच्चों द्वारा बनाए गए कार्ड। -जागरण मोर्चा

कैंप के अंतिम दिन 26 मई को बच्चों के मनोरंजन के लिए मूवी और धमाकेदार डांस सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने जमकर आनंद लिया ।विद्यालय के मैनेजर ठाकुर अतुल कुमार सिंह ने बच्चों के प्रयासों और उनके द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता बच्चों को आकर्षक प्राइज देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर स्कूल की कोर्डिनेटर मुस्कान खान, लीगल हेड चांदनी श्रीवास्तव, सीनियर हेड आकांक्षा मौर्य, हेड कुमकुम राजपूत और चंचल प्रजापति, कल्चरल हेड डौली गंगवार, प्रियंका, लाजवंती, पायल, ज्योति, मनीषा, विमला, शैली श्रीवास्तव, मिष्ठी, तान्या सिंह , स्वाति, श्वेता तिवारी, कोमल, सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## एक नजर

### एएसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा मंगलवार को परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारियों का टर्नआउट आदि चेक कर पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम (लाइब्रेरी), कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक कर संबंधित को दिशा-निर्देश दिए।



## ईओ ने ईदगाह का किया निरीक्षण


टांडा में ईदगाह का निरीक्षण करती ईओ।

**टांडा।** ईद उल अज़हा के मद्देनजर मंगलवार को अधिशासी अधिकारी वन्दना शर्मा ने अवर अभियंता अभिनेष तिवारी और वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी के साथ ईदगाह का निरीक्षण किया। वहां की साफ-सफाई देखी और पानी की सुविधा भी खुद चेक की, जो संतोषजनक पाई गई। उन्होंने एमआरएफ का भी निरीक्षण किया जहां छह गड्ढों का इन्जाम करने का आदेश दिया था, जो संतोषजनक पाये गये।अधिशासी अधिकारी ने आदेश जारी किये कि सभी जेसीबी ड्राइवर ऐक्टिव रहें, जरा सी भी लापरवाही पर सम्बंधित कर्मचारी पर विभागीय कार्रवाई होना सुनिश्चित है। उन्होंने वार्डों का डोर टू डोर निरीक्षण किया और वार्डों में साफ-सफाई देखी। सभी जगह सफाई व्यवस्था ठीक मिली, लेकिन एक-दो जगह सफाई व्यवस्था कुछ डगमगाई सी दिखाई दी तो तत्काल सम्बंधित सफाई नायक को निर्देश दिया कि यहां की घास कटवाकर तत्काल नाले व नाली की सफाई करायें, अन्यथा सम्बंधित कर्मचारी पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण में अधिशासी अधिकारी के साथ अवर अभियंता अभिनेष तिवारी, वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी, तीनों सफाई नायक और जेसीबी ड्राइवर उपस्थित रहे।

# कोडीन सिरप की अवैध तस्करी पर संयुक्त टीम का शिकंजा, दो आरोपी गिरफ्तार

- नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं की रोकथाम को लेकर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जनपद में नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री और भंडारण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्राप्त सूचना के आधार पर औषधि विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रात्रि में प्रभावी कार्रवाई की गई।

औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार एवं थाना सैफनी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध बिक्री एवं भंडारण की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर बिलारी-सैफनी रोड पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त फहीम निवासी बिलारी एवं जुबेर निवासी बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।संयुक्त टीम ने आरोपियों के कब्जे से कुल 5 पेटियों में रखे 500 कोडीन सिरप बरामद किए।

कार्रवाई के दौरान एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।औषधि निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 एवं भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई है। बरामद अवैध औषधियों की अनुमानित कीमत लगभग 70 हजार रुपये है।प्रशासन द्वारा सीज की गई अवैध औषधियों से नमूना लेकर जांच हेतु भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट-1940 के प्रावधानों के अंतर्गत भी आवश्यक विधिक कार्रवाई एवं परिवाद दायर किया जाएगा।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं के अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तय की जाएगी।

# आयुष्मान कार्ड प्रगति की समीक्षा में सात आशाओं की सेवाएं समाप्त

## सीडीपीओ मिलक को कारण बताओ नोटिस, अधिकारियों का वेतन बाधित

- पंचायत सहायकों की सेवाएं समाप्त, ग्राम विकास अधिकारियों पर भी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय




**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, आईसीडीएस एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से आयुष्मान कार्ड की प्रगति के संबंध में वर्चुअल समीक्षा बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं आयुष्मान भारत योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई।

समीक्षा में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्य में शिथिलता बरतने वाली आशाओं के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए।मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलासपुर क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता रामदेई, राजवती, शमीम, राजरानी तथा नगर क्षेत्र की शिवानी, सीमा एवं मीनाक्षी द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कुल सात आशाओं की सेवाएं समाप्त करने की कार्रवाई की गई।

आईसीडीएस विभाग द्वारा बनाए जा रहे गोल्डन आयुष्मान कार्ड की समीक्षा में भी लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी ने सीडीपीओ मिलक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सीडीपीओ मिलक एवं सीडीपीओ बिलासपुर का तीन-तीन दिन का वेतन बाधित करने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए।आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर एडीओ पंचायत चमरौआ ने पंचायत सहायक मंजीत सिंह चमरौआ, जैनुल अबुउदीन शादी मडैयान एवं दिनेश फत्तेपुर की सेवाएं समाप्त करने की कार्रवाई की गई।

### कई अधिकारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित

इसके अतिरिक्त एडीओ पंचायत मिलक द्वारा ग्राम पंचायत सहायकों पर कार्रवाई न किए जाने के मामले में ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार सागर, ग्राम पंचायत अधिकारी परमानंद, ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी गौरव कुमार, मधुलिका एवं प्रियम कुमारी का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित किया गया।जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे पात्र नागरिकों को योजना का लाभ समय से प्राप्त हो सके।

# धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

- श्री राम दूत बालाजी सेवा ट्रस्ट का 13वां वार्षिकोत्सव, बाहर से आए कलाकारों ने बांधा समां

जागरण मोर्चा कार्यालय


ध्वज यात्रा में शामिल भक्त। -जागरण मोर्चा

**मिलक।** श्री राम दूत बालाजी सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 13 वां वार्षिक महोत्सव में ध्वज यात्रा का आयोजन किया।ध्वज यात्रा होली चौक से प्रारंभ होकर शांतिकुंज कॉलोनी बिलासपुर रोड स्थित निर्माणाधीन श्री बालाजी मंदिर पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में ध्वज-पताका लिए जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयकारे लगाते चल रहे थे।

मंदिर परिसर में आयोजित भजन संकीर्तन में शाहजहांपुर से गुरु पांडेय, रामपुर से शनि बम-बम एवं मिलक से शम्मी सक्सेना ने बालाजी महाराज के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। इस अवसर पर श्री राम परिवार, श्री भैरव महाराज,गणेश महाराज, श्री प्रेतराज सरकार एवं स्वयंभू श्री बालाजी महाराज का दरबार सजाया गया। कार्यक्रम के समापन पर भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बाहर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस पुनीत कार्यक्रम में ट्रस्ट अध्यक्ष एवं महंत प्रदीप कुमार रस्तोगी, संरक्षक रामपाल गुप्ता,संजय सक्सेना, सुरेश गंगवार,कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार,चंद्रभान मित्तल, राम भरोसे लाल महेश्वरी, शिव हरी महेश्वरी,दीपू पांडे, कैलाश मौर्य,संजू मौर्य, पंडित सीताराम, मुकेश मौर्य, पवन गंगवार, कुलदीप रस्तोगी, आदेश रस्तोगी, रामू रस्तोगी,आकाश मौर्य, प्रदीप गंगवार, तोताराम, दिनेश आदि मौजूद रहे।

# प्रशासक बनाए जाने पर प्रधानों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई


चमरौआ ब्लॉक पर मिठाई बांटकर खुशी जाहिर करते ग्राम प्रधान।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रधानों का कार्यकाल बढ़ने का जश्न आज जिलेभर में दिखाई दिया। कहीं ग्राम पंचायत में मिठाई बंटी तो कहीं पंचायत प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रधान सरकार के फैसले की सराहना में जुटे रहे। चमरौआ ब्लॉक पर जुटे प्रधानों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने के फैसले का स्वागत किया। राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां ने कहा कि सरकार का फैसला ऐतिहासिक है। इस तोहफ़े ने प्रधानों का दिल जीत लिया है। यह फैसला जनहित में है और ग्रामीण क्षेत्र का विकास लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि विधान सभा चुनाव में प्रधान रिटर्न गिफ्ट देंगे। उन्होंने प्रधान संगठनों के द्वारा सरकार के साथ संवाद और संघर्ष की तारीफ़ करते हुए प्रधानों से आगे भी एकजुट रहने की अपील की। इस मौक़े पर नईम अहमद, छत्रपाल सिंह, सुभान अली, डॉ ज़ाकिर अली, उमेश कुमार सिंह, नवेद पाशा, अशोक कुमार, हाशिम पाशा, अब्दुल लईक, मुजफ्फर अली, जाफर अली, विजय सैनी, जावेद अंसारी, रमेश कुमार, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिले में इलाज की सफलता दर रही 95 प्रतिशत

- 915 डॉट्स और 31 बलगम जांच केंद्रों के जरिए मरीजों को मिल रहा जीवनदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** टीबी (क्षय रोग) मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में जिले ने एक शानदार नजीर पेश की है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत जिले के स्वास्थ्य विभाग ने न सिर्फ अपने निर्धारित लक्ष्यों को समय से हासिल किया है, बल्कि उसे पार करते हुए 109 प्रतिशत की बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। वर्ष 2026 के लिए जिले को 3274 टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन (खोज) का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 3487 मरीजों को चिह्नित कर उन्हें इलाज से जोड़ा है।

इसके साथ ही, जनवरी से अप्रैल 2026 की अवधि के आंकड़ों के अनुसार, जिले में टीबी के इलाज की सफलता दर (ट्रीटमेंट सक्सेस रेट) भी 95 प्रतिशत के उत्कृष्ट स्तर पर पहुंच गई है, जो यह दर्शाता है कि मरीजों को सिर्फ खोजा ही नहीं जा रहा, बल्कि उन्हें पूरी तरह स्वस्थ भी किया जा रहा है।

जिले में संदिग्ध टीबी रोगियों की पहचान और उनके निशुल्क उपचार के लिए एक व्यापक नेटवर्क काम कर रहा है। वर्तमान में जिले भर में कुल 31 बलगम निरीक्षण केंद्र संचालित हैं, जहां खांसी या अन्य लक्षणों वाले संदिग्ध मरीजों के बलगम की निशुल्क जांच की जाती है।

इस जांच में धनात्मक (पॉजिटिव) पाए जाने वाले मरीजों को तुरंत डॉट्स प्रोवाइडरों के माध्यम से इलाज पर रखा जाता है। मरीजों को दवाइयों के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए पूरे जिले में 915 डॉट्स सेंटर सक्रिय हैं, जो यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर मरीज को उसकी खुराक समय पर और पूरी तरह मुफ्त मिले।


### एचआईवी और यूडीएसटी जांच में भी मिला शत-प्रतिशत परिणाम

टीबी के मरीजों में रोग प्रतिरोधक क्षमता और सही दवाओं के असर का पता लगाने के लिए होने वाली अन्य महत्वपूर्ण जांचों में भी रामपुर का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। 15 मई 2026 तक की रिपोर्ट के अनुसार, जिले में चिह्नित टीबी मरीजों में से 99 प्रतिशत का एचआईवी स्टेटस (नोन एचआईवी स्टेटस) जांचा जा चुका है। इसके अलावा, दवाओं के प्रति टीबी बैक्टीरिया के प्रतिरोध (ड्रग रेजिस्टेंस) का पता लगाने के लिए होने वाली यूडीएसटी जांच भी 99 प्रतिशत मरीजों की पूरी कर ली गई है। इन दोनों ही मानकों पर जिले ने 10 में से 10 का परफेक्ट स्कोर हासिल किया है।

# 'पुलिस ने नहीं लिखा मुकदमा, अब जनता की अदालत में मामला'

- आदेश शंखधार ने जारी की सार्वजनिक सूचना, विदेशी नंबर से 4 बार मिली मौत की धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मिलक।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश कुमार शंखधार ने मंगलवार को आम जनता के लिए सार्वजनिक सूचना जारी कर पुलिस-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सूचना में बताया गया है कि उन्हें विदेशी मोबाइल नंबर +96594016002 से व्हाट्सएप पर 4 बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है, लेकिन रामपुर पुलिस ने न मुकदमा दर्ज किया और न ही सुरक्षा दी।

पहली बार धमकी - "सिद्धू मूसेवाला और बाबा सिद्दीकी की तरह तुम्हें और परिवार को उड़ाएंगे, तीसरी बार कॉल - कहा गया अतीक अहमद, मुख्तार और शहाबुद्दीन को नहीं छोड़ा तो तुम क्या चीज हो। सिस्टम में बैठे लोग हमारे हैं, रिपोर्ट से कुछ नहीं होगा। आदेश शंखधार ने बताया कि 24 मई को थाना मिलक प्रभारी निरीक्षक और 25 मई को पुलिस अधीक्षक रामपुर को व्यक्तिगत रूप से मिलकर शिकायती पत्र दिया। वॉइस रिकॉर्डिंग भी सार्वजनिक कर दी गई है। सार्वजनिक सूचना में लिखा है अत्यंत दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि रामपुर पुलिस द्वारा न तो मुकदमा ही लिखा गया है और न ही सुरक्षा के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही की गई है।

इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि थाना मिलक पुलिस द्वारा खुलेआम मेरे और मेरे परिवार के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। पत्र में लिखा है कि अगर भविष्य में उनके या परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी रामपुर पुलिस, विशेष रूप से थाना मिलक की होगी।

# 'ईद उल अजहा पर सफाई व्यवस्था तय की जाए'

- सफाई निरीक्षक तीनों दिन तक अपने-अपने वार्डों का भ्रमण करें, कन्ट्रोल रूम से सम्पर्क बनाये रखें

जागरण मोर्चा कार्यालय


अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक करती पालिकाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने बकरीद ईद उल अजहा पर्व के दृष्टिगत अपने निवास स्थित शिविर कार्यालय पर बैठक हुई। जिसमें सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सफाई निरीक्षकों एवं मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि बकरीद के पर्व पर नगर के सभी धार्मिक स्थलों, मस्जिद, ईदगाह के आसपास समुचित सफाई व्यवस्था तय की जाए। चूना पड़वाने की व्यवस्था की जाए। इस पर्व पर पशुओं की कुर्बानी होती है।

पशुओं के व्यर्थ भाग (ओज) मार्गों पर नहीं पड़े, इस के लिए डलाव पर ओज पड़वाने के लिए सभी सफाई नायकों वार्डों में पोली बैग वितरित किए जाए।डलाव पर तुरंत ओज उठवाने के लिए नगर के तीन स्थलों पर जेसीबी लगी रहे। सफाई व्यवस्था तीनों दिन तक बनी रहे।सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही क्षम्य नहीं होगी। सफाई निरीक्षक तीनों दिन तक अपने-अपने वार्डों का भ्रमण करें, कन्ट्रोल रूम से सम्पर्क बनाये रखें, किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तुरन्त निस्तारण तय किया जाए।सभी धार्मिक स्थलों, मस्जिदों के पास, ईदगाह के पास प्रकाश व्यवस्था किए जाने के लिए पथ प्रकाश निरीक्षक प्रभारी पथ प्रकाश को निर्देशित किया गया। इसके साथ पर्व पर पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिए जलकल अभियन्ता को निर्देश दिए।इस पर्व पर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, यदि विद्युत व्यवस्था बाधित होती है तो जेनेरेटर के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। इसके साथ सभी को कड़े निर्देश दिए, कि पर्व पर यदि कोई जन शिकायत प्राप्त होती है, उसका निस्तारण नहीं किया जाता है। जिससे पालिका की छवि धूमिल होती है तो सम्बंधित के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक एवं विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में स्टेनो विलसन कुमार, प्रभारी पथ प्रकाश एवं जलकल अभियन्ता मूल चन्द पटेल, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिलशाद हसन, सफाई निरीक्षक अविनाश, सफाई निरीक्षक द्वारिकानाथ, सफाई निरीक्षक राजीव वालियान, सफाई निरीक्षक देवेंद्र गौतम, निर्माण लिपिक रफत शेर खां, अवर अभियन्ता सिविल उमेश बाबू आदि उपस्थित थे।

**निरीक्षण** वाहनों के अभिलेख और खनिज भार की हुई जांच

# सीमा क्षेत्रों और संवेदनशील स्थलों पर चेकिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय


सोमवार रात को वाहनों की चेकिंग करते डीएम और एसपी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध शासन की मंशानुरूप संचालित विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान विगत देर रात्रि जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र कुमार मीणा के साथ जनपद के खनन प्रभावित क्षेत्रों तथा उत्तराखण्ड-उत्तर प्रदेश सीमा से लगे संवेदनशील क्षेत्रों का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण एवं सघन भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान सीमा क्षेत्र से उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों की गहन एवं प्रभावी चेकिंग कर उनके अभिलेखों, रायल्टी, आईएसटी तथा खनिज भार का परीक्षण किया गया। जांच के दौरान कोई भी वाहन ओवरलोडिंग अथवा बिना वैध अभिलेखों के परिवहन करता हुआ नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न चेक प्वाइंटों पर तैनात राजस्व एवं पुलिस विभाग के कार्मिकों की उपस्थिति का भी सत्यापन किया गया। समस्त कार्मिक अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर उपस्थित पाए गए।इस दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, खान अधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए कि जनपद में किसी भी दशा में अवैध खनन, अवैध परिवहन अथवा ओवरलोडिंग की गतिविधियां संचालित न होने पाएं।

उन्होंने निर्देशित किया कि प्रवर्तन कार्यवाही पूर्ण सतर्कता, प्रभावशीलता एवं निरंतरता के साथ संचालित की जाए तथा सीमा क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थलों पर नियमित एवं सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाए। लापरवाही अथवा शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## एक नजर



### सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाए बकरीद

**चन्दौसी।** नगर में गुरुवार को ईद उल अजहा का पर्व मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर मुस्लिम समाज के लोग जुटे हुए है। कुर्बानी के लेकर खरीदारी पूरी हो चुकी है। वहीं जनता जागरुक समिति के संस्थापक शाह आलम मंसूरी ने बकरा ईद पर लोगों से अपील की है कि सभी लोग इस पर्व पर आपसी भाईचारा, शांति और स्वच्छता बनाए रखें और सौहार्द और भाईचारे मिलजुल कर मनाए। इसके साथ किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें, कुर्बानी खुले पर ना करे और कुर्बानी के जानवरों का बेस्ट खुले में ना डाल कर डस्विन या पालिका द्वारा बनाए गये गड्डों में ही डालें। इसके साथ सड़कों पर नमाज़ न पढ़े जिससे लोगों किसी अन्य को परेशानी न हो और दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए कुर्बानी की कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर न डाले ।

# बागभारती स्थल की जांच करने पहुंची राजस्व विभाग की टीम

## 68 तीर्थों में शामिल बताए जा रहे बागभारती स्थल की प्रशासन से की निष्पक्ष जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



ग्रामीणों से जानकारी करतीं राजस्व विभाग की टीम। –जागरण मोर्चा

**संभल।** तहसील एवं जिला सम्भल के अंतर्गत कंवलपुर सराय क्षेत्र में लंबे समय से चर्चा में रहे 68 तीर्थों में शामिल बताए जा रहे बागभारती स्थल को लेकर अब राजस्व अभिलेखों की जानकारी सामने आई है। उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार खड़ंजे से लगभग 24 मीटर दूरी पर स्थित तालाब क्षेत्र में बागभारती तीर्थ का उल्लेख दर्ज पाया गया है। इस खुलासे के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और लोग प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

राजस्व अभिलेखों के अनुसार गाटा संख्या 813, रकबा 0.024 हेक्टेयर भूमि को बागभारती तीर्थ के रूप में दर्ज बताया गया है। वहीं गाटा संख्या 815, रकबा 0.009 हेक्टेयर भूमि नाला, गाटा संख्या 817, रकबा 0.017 हेक्टेयर भूमि सकरमग्रा तथा गाटा संख्या 816, रकबा 0.040 हेक्टेयर भूमि कब्रिस्तान के रूप में अंकित है। चारों गाटों का कुल रकबा 0.090 हेक्टेयर बताया गया है। बताया जा रहा है कि संबंधित क्षेत्र में काफी समय से खेती भी की जाती रही है। अभिलेखीय विवरण में गाटा संख्या 814 पर सरायतरीन सम्भल निवासी नाजिम पुत्री इल्मॉ एवं उनकी पत्नी नसीम फातमा उर्फ बेबी का नाम भी सामने आया है। इस जानकारी के सार्वजनिक होने के बाद स्थानीय लोगों में उत्सुकता बढ़ गई है और प्रशासन से स्थल की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठने लगी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि यह स्थल वास्तव में 68 तीर्थों में शामिल है तो इसकी ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के आधार पर विधिवत जांच कराई जानी चाहिए। वहीं राजस्व विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अभिलेखों की पड़ताल के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

## जामा मस्जिद में कराया प्रेमी युगल का निकाह

**जागरण मोर्चा कार्यालय, डिडौली।** थानाक्षेत्र में प्रेमी युगल का निकाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। पांच वर्षों से एक-दूसरे से प्रेम करने वाले युवक-युवती ने थाने पहुंचकर साथ रहने और निकाह कराने की जिद पकड़ ली। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के परिजनों को थाने बुलाकर बातचीत कराई, जिसके बाद परिवारों की सहमति से निकाह संपन्न कराया गया।

युवक और युवती पिछले करीब पांच वर्षों से एक-दूसरे को जानते थे और शादी करना चाहते थे। दोनों बालिग होने के कारण उन्होंने थाने पहुंचकर पुलिस से मदद मांगी। प्रेमी युगल ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मर्जी से निकाह करना चाहते हैं और साथ जीवन बिताना चाहते हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने दोनों परिवारों को थाने बुलाया। शुरुआत में परिजन इस रिश्ते को लेकर नाराज नजर आए, लेकिन काफी देर तक चली समझाइश और बातचीत के बाद दोनों परिवार निकाह के लिए तैयार हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग डिडौली गांव स्थित जामा मस्जिद पहुंचे, जहां प्रेमी युगल का निकाह कराया गया।



स्काउट गाइड शिविर में जानकारी देती गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव।

## स्काउट गाइड के तृतीय सोपान किया गया आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में भारत स्काउट गाइड का पांच दिवसीय तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसके दूसरा दिवस के कैंप का शुभारंभ गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने प्रारंभ किया। जिसमें स्काउट गाइड के बच्चों को तृतीय सोपान में समाज के प्रति क्या कार्यभार होते हैं, इसी के साथ सभी कोई आपदा आ जाए, बच्चों को किस प्रकार तैयार रहना है आदि के विषय में दिया गया। जिला संगठन आयुक्त गाइड मीनू सिंह ने स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में बताया। उन्होंने वर्दी में पहने हुए स्कार्फ वोगल का प्रयोग प्राथमिक सहायता में किस प्रकार सहायता करता है और किस तरीके से प्रयोग किया जाता है। साथ ही स्कार्फ से स्ट्रेचर बनाना सिखाया, घायल मरीजों की किस प्रकार सहायता कैसे करी जा सकती है आदि के विषय में बताया गया। गाइड ट्रेनर नीलम कुमारी व ट्रेनिंग काउंसलर पंकज कुमार ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय सोपान की गांठें और बीपी सिक्स आदि के विषय में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने स्काउड गाइड में प्रतिभाग किया।

# शरबत वितरण कर गंगा दशहरा मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय



शरबत वितरण करते लोग। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** ज्येष्ठ मास के गंगा दशहरा एवं बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर सीता रोड स्थित छोटे हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए ठंडे शरबत वितरण किया गया। जहां पर काफी संख्या में राहगीरों ने पहुंचकर शरबत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। शरबत वितरण शाम तक चलता रहा।

इस अवसर पर विकास वार्ष्णेय ने बताया कि नौतपा के दौरान सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ती हैं, जिससे गर्मी अपने चरम पर होती है। ऐसे समय में राहगीरों को राहत प्रदान करने के लिए शरबत वितरण किया गया।

इस दौरान अमन रस्तोगी, देव चौधरी, हर्षित गर्ग ,हनी,हर्ष, वरूण,नमन, अमन अग्रवाल, तुषार वार्ष्णेय प्रियंक, अग्रिम आदि रहे। वही गोला गंज स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के तत्वावधान में गंगा दशहरा पर शरबत वितरण किया गया। जिसमें सनी शर्मा, अंशुल, राहुल, दीपक, कल्लू, रोहित, अथर्व यादव आदि का सहयोग रहा। इसके साथ नगर के बिसौली गेट ब्रह्मोतर बाजार में स्टाल लगाकर राहगीरों को शरबत वितरण किया गया। इस दौरान अभिनव शर्मा, पंकज शर्मा, संजीव शर्मा, आकाश यादव, मुनीश शर्मा, श्याम शर्मा,वीरेंद्र शर्मा, शिवाय आदि का सहयोग रहा। इसके साथ नगर के आजाद रोड, शक्ति नगर, बदायूं चुंगी, तहसील तिराहा, ब्रह्मबाजार, कैथल गेट, मुंसिफ रोड, सुभाष रोड, स्टेशन रोड, मुरादाबाद बाईपास रोड, बदायूं रोड आदि जगह- जगह शहर में स्टाल लगाकर लोगों ने गंगा दशहरा पर शरबत वितरण किया।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का शिकंजा, संभल में चला विशेष चेकिंग अभियान



ओवरलोड वाहन को चेक करती यातायात पुलिस। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**संभल।** जनपद में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर सघन जांच करते हुए अवैध रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, नो पार्किंग, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र तथा ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान किए गए। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा का संदेश भी दिया। प्रभारी यातायात ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# व्यापार मंडल ने व्यापारियों के लिए मनाया प्रेरणा दिवस कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय



व्यापार मंडल के कार्यक्रम में मौजूद व्यापारी। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने एबीसी मांटेसरी स्कूल में व्यापारियों का प्रेरण दिवस मनाया गया। जिसमें लखनऊ हजरतगंज पुलिस की गोली से बलिदान हुए हरीश चंद्र अग्रवाल के बलिदान को याद करते हुए उनकी तस्वीर और फूल अर्पित कर प्रेरणा प्राप्त की। जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को प्रेरणा दिवस से एक संदेश मिलता है। अनुशासन एवं ईमानदारी एवं संघर्ष से संगठन आगे बढ़ता है। व्यापार मंडल व्यापारियों के उत्पीड़न व संघर्ष में सबसे आगे हैं। व्यापार मंडल भारत के 18 प्रदेशों में कार्य कर रहा है। व्यापार मंडल की ओर से 12 व्यापारियों को उनके अनुशासन एवं संगठन के प्रति निष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। बैठक में पूर्व युवा जिलाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा को याद किया गया और श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। वक्ताओं ने कहा कि व्यापार मंडल जनता की समस्याओं को उठाकर जनता की सेवा करता हैं। अधिकारियों के सामने जनता एवं व्यापारियों की समस्याओं को रखकर समस्याओं का समाधान करवाता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष उमेश वार्ष्णेय, रमेश ग्रेवाल, अनुराग भार्गव, विपुल महाजन, सुशील अग्रवाल, चिंटू शर्मा, सुभाष पाल, वसीम अख्तर, अनुज आहूजा, जयशंकर दुबे, प्रभात कृष्णा, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता भार्गव, शाह आलम मंसूरी, अनुज वार्ष्णेय, गोविंद, डा. परितोष मिश्रा, प्रभात कृष्णा, उमेश वार्ष्णेय, सुभाष मित्तल आदि मौजूद रहे।

# उधार के रुपये न देने पर ई-रिक्शा चालक को किया घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

- घायल सीएचसी में कराया उपचार, कोतवाली में दी घटना की तहरीर

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव उगिया में 1500 रुपये के विवाद को लेकर ई-रिक्शा चालक पर धारदार हथियार से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ई-रिक्शा चालक सवारी छोड़े गांव उगिया जा रहा था। आरोपी ने करेली गांव से ई-रिक्शा का पीछा किया और मौके मिलने पर घटना को अंजाम दे दिया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। आकाश पुत्र रामपाल निवासी खुर्जा गेट करेली रोड ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। आकाश ने बताया कि गांव करेली निवासी एक युवक से एक माह पहले 1500 रुपये उधार लिए थे। मंगलवार की दोपहर 2 बजे वह ई-रिक्शा से गांव उगिया सवारी छोड़ने जा रहा था। जब ई-रिक्शा गांव करेली से निकला तो उक्त युवक ने देख लिया और अपने पुत्र को ई-रिक्शा चालक से रुपये मांगने को भेज दिया। उस समय ई-रिक्शा चालक ने रुपये शाम को देने की बात कही। इस पर युवक के पुत्र ने ई-रिक्शा चालक के गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

# सड़क सुरक्षा एवं ओवरलोडिंग के खिलाफ चला विशेष अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय



ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली का चालान काटते यातायात विभाग के कर्मचारी।

**सम्भल।** शासन एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सम्भल तथा यात्री/मालकर अधिकारी योगेन्द्र कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा एवं ओवरलोडिंग माल परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना वैध प्रपत्र संचालन करने वाले वाहनों की भी सघन जांच की गई। चेकिंग अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए हेलमेट का प्रयोग न करने पर 61 चालान, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने पर 21 चालान, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर 9 चालान तथा रॉग साइड वाहन चलाने पर 16 चालान किए गए। इसके अलावा एचएसआरपी न होने पर 3 चालान एवं ओवरलोडिंग माल परिवहन करने वाले 5 वाहनों के चालान किए गए। गंभीर अनियमितता पाए जाने पर 3 वाहनों को सीज कर थाने में खड़ा कराया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने वाहन चालकों एवं परिचालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, वाहनों के समस्त वैध प्रपत्र पूर्ण रखने तथा मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग न करने के लिए जागरूक भी किया। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है तथा भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के बाद मिलेगा जाम से छुटकारा

## संभल जिले की तीन व्यस्त रेलवे क्रॉसिंग पर बनेंगे ओवरब्रिज, शासन को भेजा प्रस्ताव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**संभल।** जनपदवासियों को जल्द ही रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले लंबे जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) ने जनपद की तीन प्रमुख रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग ने राज्य सेतु निगम के साथ मिलकर प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। प्रस्ताव को वित्तीय वर्ष 2026-27 की सेतु कार्य योजना में शामिल किया गया है। जनपद के कई मुख्य मार्ग रेलवे लाइन से होकर गुजरते हैं, जहां ट्रेनों के आवागमन के दौरान रेलवे फाटक बंद होने से वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। कई बार लगातार ट्रेनों के गुजरने के कारण लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। इससे यात्रियों के साथ-साथ व्यापारिक और दैनिक आवागमन भी प्रभावित होता है। अब इन समस्याओं के समाधान के लिए 3 व्यस्त रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की योजना बनाई गई है। ओवरब्रिज बनने से यातायात सुगम होगा और लोगों का समय भी बचेगा। लोनिवि संभल के अधिशासी अभियंता सुनील प्रकाश ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की सेतु कार्य योजना के तहत जिले की तीन रेलवे क्रॉसिंग को चिन्हित किया गया है। इन स्थानों पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया गया है।

### इन रेलवे क्रॉसिंग पर बनेंगे ओवरब्रिज

लोक निर्माण विभाग के अनुसार बहजोई स्थित बदायूं-बिल्सी-बिजनौर मार्ग की रेलवे क्रॉसिंग संख्या 45-बी, चंदौसी-संभल मार्ग पर बरेली-अलीगढ़ रेलखंड की क्रॉसिंग संख्या 37-बी तथा मुरादाबाद-बदायूं-फर्रुखाबाद मार्ग स्थित भैतरी फाटक 34-ए पर ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। क्रॉसिंग संख्या 45-बी और 37-बी पर लगभग 70-70 करोड़ रुपये की लागत से करीब 400-400 मीटर लंबे ओवरब्रिज बनाए जाने का प्रस्ताव है, जबकि भैतरी फाटक 34-ए पर करीब 150 करोड़ रुपये की लागत से आरओबी निर्माण कराया जाएगा।

# युवाओं से भावनात्मक नैरेटिव नहीं, तथ्य और विवेक से निर्णय लेने की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय



संभव जैन। –जागरण मोर्चा

**संभल।** सोशल मीडिया पर इन दिनों चर्चित हो रही तथाकथित कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर युवाओं के बीच तेजी से बहस बढ़ रही है। वायरल वीडियो, ट्रेंडिंग पोस्ट और डिजिटल अभियानों के माध्यम से इसे नई राजनीतिक सोच और डिजिटल फोर्स के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी बीच सामाजिक चिंतक सम्भव जैन ने युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी सोशल मीडिया अभियान या राजनीतिक नैरेटिव को बिना अध्ययन और तथ्यात्मक जांच के स्वीकार करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आज के साइबर युग में फॉलोअर्स की संख्या को जनसमर्थन मान लेने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जबकि वास्तविकता इससे अलग होती है। कई लोग किसी पेज या व्यक्ति को केवल जानकारी लेने, विरोधी विचार समझने या गतिविधियों पर नजर रखने के उद्देश्य से भी फॉलो करते हैं। ऐसे में केवल डिजिटल लोकप्रियता को वास्तविक समर्थन मानना भ्रम पैदा कर सकता है। सम्भव जैन ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन या विचारधारा की मजबूती केवल सोशल मीडिया प्रचार से तय नहीं होती। इसके लिए वैचारिक स्पष्टता, राष्ट्रहित का एजेंडा, संगठनात्मक ढांचा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि केवल मीम, ट्रोलिंग और वायरल रील्स किसी राष्ट्र का भविष्य निर्धारित नहीं कर सकते। उन्होंने युवाओं को सावधान करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कई बार अधूरी क्लिप, भावनात्मक पोस्ट और भ्रामक प्रचार के जरिए जनमत प्रभावित करने की कोशिशें होती हैं। इसलिए किसी भी बयान या अभियान के वास्तविक संदर्भ को समझे बिना प्रतिक्रिया देना उचित नहीं है। सम्भव जैन ने स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय युवाओं की पहचान हमेशा राष्ट्रनिर्माण और सकारात्मक सोच रही है। आज भी युवाओं को भीड़चाल और ट्रोल संस्कृति से ऊपर उठकर विवेकपूर्ण चिंतन अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी डिजिटल अभियान का हिस्सा बनने से पहले उसके उद्देश्य, विचारधारा और समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का गंभीर अध्ययन करना चाहिए। यही जागरूकता राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनेगी।

## जानलेवा हमले के नौ दोषियों को सात-सात साल की कैद

**जागरण मोर्चा कार्यालय, अमरोहा।** करीब साढ़े पांच साल पुराने जानलेवा हमले के मामले में अदालत ने एक ही परिवार के नौ दोषियों को सात-सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सभी पर 1.80 लाख का जुर्माना लगाया है। मामले में एक आरोपी रशीद जमानत पर बाहर आने के बाद फरार हो गया, जबकि मुख्य आरोपी ऐजाज हैदर की पहले ही मृत्यु हो चुकी है, जिसके चलते उसके खिलाफ कार्यवाही समाप्त कर दी गई थी। यह घटना नौगावां सादात कस्बे में हुई थी। मोहल्ला गुला तालाब में 29 दिसंबर 2020 की सुबह करीब 10 बजे समीम फात्मा के परिजन अपने परिजनों के साथ प्लॉट पर मजदूरों से काम करा रही थीं। तभी लाठी-डंडों, भाले और सब्बल जैसे घातक हथियारों से लैस होकर आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया।

# ईद को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

## 5 जोन में बांटा जनपद, 16 थानों समेत 42 संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**संभल।** बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तैयार कर ली है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने जनपद को पांच जोन में विभाजित किया है। प्रत्येक जोन में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त तैनाती की गई है। इसके अलावा 16 थानों, दो गांवों तथा 42 पुलिस चौकियों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। बकरीद का त्योहार 28 मई को मनाया जाएगा। मुस्लिम समाज में यह पर्व तीन दिन तक मनाया जाता है। त्योहार के मद्देनजर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने जनपद को सीओ सर्किल के आधार पर पांच जोन में विभाजित किया है। संभल जोन में सीओ संभल एवं नगर मजिस्ट्रेट, चंदौसी जोन में सीओ चंदौसी एवं एसडीएम चंदौसी, गुन्नौर जोन में सीओ गुन्नौर एवं एसडीएम गुन्नौर, बहजोई जोन में सीओ बहजोई एवं डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय वंदना मिश्रा तथा असमोली जोन में सीओ असमोली एवं एसडीएम संभल को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है। प्रशासन ने जिले के 16 थानों के साथ थाना कैला देवी क्षेत्र के गांव इकौना तथा थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव धनेटा सोतीपुरा को भी सब सेक्टर घोषित किया है। इन क्षेत्रों में थाना स्तर पर अधिकारियों की मजिस्ट्रेट के रूप में ड्यूटी लगाई गई है।

### संभल को संवेदनशील मानते हुए बनाए गए सबसे अधिक आठ सब सेक्टर

बकरीद को देखते हुए प्रशासन ने संभल क्षेत्र को सबसे अधिक संवेदनशील श्रेणी में रखा है। इसी कारण संभल थाना क्षेत्र में सबसे अधिक 8 सब सेक्टर बनाए गए हैं। इसके अलावा नखासा थाना क्षेत्र में 4, हयातनगर में 3, हजरतनगर गढ़ी में एक, असमोली में 2 तथा ऐचौड़ा कंबोह में एक सब सेक्टर बनाया गया है। चंदौसी जोन में चंदौसी थाना क्षेत्र में सात और बनियाठेर में एक सब सेक्टर बनाया गया है। वहीं बहजोई जोन में बहजोई और कैला देवी थाना क्षेत्रों में 2-2 तथा धनारी में एक सब सेक्टर बनाया गया है। गुन्नौर जोन में गुन्नौर थाना क्षेत्र में दो, रजपुरा में पांच और जुनावई में 3 सब सेक्टर बनाए गए हैं।

**एक नजर**

### मरम्मत कार्य के चलते 27 से 30 मई तारीख तक बंद रहेगा भानपुर फाटक

**गजरौला :** नगर के भानपुर रेलवे फाटक पर मरम्मत कार्य के चलते आज 27 मई से 30 मई तक के बीच मरम्मत कार्य के चलते फाटक बंद रहेगा। रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने बताया है कि आज 27 मई की सुबह सात बजे से 30 मई की शाम आठ बजे तक भानपुर फाटक को मरम्मत कार्य के चलते बंद रखा जाएगा। यहां से गुजरने वाले सभी वाहन थाना चौराहे से फ्लाईओवर पर होते हुए चौपला मार्ग से निकलेंगे।

### अवैध खनन में लिप्त पकडी ट्रैक्टर-ट्रॉली

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की देर रात पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर अवैध रूप से मिट्टी ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। पुलिस टीम वाहन को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई, जहाँ उसे सीज कर खड़ा कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर अवैध खनन में लिफ्ट एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा गया है कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारी को सूचना दे दी गई है।

# दुनिया में अस्थमा से हर साल साढ़े चार लाख से अधिक मौतें

## टीएमयू के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में बाल रोग विभाग की ओर से अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत हुईं प्रतियोगिताएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में बाल रोग विभाग की ओर से फैकल्टीज़ और पोस्ट ग्रेजुएट स्टुडेंट्स के लिए अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत कलरिंग प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, लेमन एंड स्पून रेस और डांस प्रतियोगिता हुईं। ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा-जीआईएनए की ओर से विश्व अस्थमा दिवस 2026 की थीम अस्थमा से पीड़ित हर व्यक्ति के लिए एंटी-इन्फ्लेमेटरी इनहेलर्स तक पहुंच-अभी भी एक गंभीर आवश्यकता रही।




मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल और फार्माकोलॉजी विभाग के एचओडी प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा ने अस्थमा के इलाज में इनहेल्ड ब्रोन्कोडायलेटर्स के साथ इनहेल्ड कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। इनहेल्ड ब्रोन्कोडायलेटर्स सिकुड़ चुके छोटे एयरवे को फैलाते हैं। अस्थमा एक पुरानी सूजन संबंधी बीमारी है, इसलिए केवल ब्रोन्कोडायलेटर्स से इलाज करने से सूजन पूरी तरह ठीक नहीं होती है। यही कारण है कि ब्रोन्कोडायलेटर्स के साथ इनहेल्ड कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स को जोड़ने से बीमारी नियंत्रित होती है, इसका दोबारा होना रुकता है और वायुमार्ग को स्थायी नुकसान पहुंचने से बचाया जा सकता है। अंत में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


बाल रोग विभाग की एचओडी डॉ. रूपा राज भंडारी सिंह ने भी बचपन के अस्थमा पर विचार साझा करते हुए कहा, यह एक गलतफहमी है, बच्चों में अस्थमा दुर्लभ होता है, लेकिन यह सच नहीं है। पूरी दुनिया में विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बच्चे अस्थमा से पीड़ित पाए जाते हैं। बचपन में होने वाले अस्थमा के कई जोखिम कारक होते हैं। अस्थमा कई पुरानी गैर-संचारी बीमारियों में से एक है, जो दुनिया भर में 26 करोड़ लोगों को प्रभावित करती है और इसके कारण हर साल साढ़े चार लाख से अधिक मौतें होती हैं। बाल रोग विभाग के प्रो. एनएस चिदंबरम ने लंग ऑसिलोमेट्री टेस्ट पर विशेष जोर देते हुए कहा, निम्न और मध्यम आय वाले देशों में इनहेल्ड दवाओं की अनुपलब्धता या उनकी भारी लागत के कारण अस्थमा से होने वाली 96 प्रतिशत मौतें इन्हीं देशों में होती हैं। यहां तक कि उच्च आय वाले देशों में भी अस्थमा से पीड़ित कई लोगों की आवश्यक इनहेल्ड दवाओं तक पहुंच सीमित है और ऐसी मौतें होती हैं जिन्हें आसानी से रोका जा सकता था। अंत में सिप्ला की टीम ने ऑफिस स्पाइरोमेट्री की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया, जिसे ओपीडी में एक पोर्टेबल टेस्ट के रूप में आसानी से किया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ. बबलू के गौर, डॉ. विवेक त्यागी, डॉ. अरीबा सैफी, डॉ. नव्या जैन आदि मौजूद रहे।

### डोमखेड़ा में रहस्यमयी हालात में भैंसे की मौत, शरीर पर मिले कई सुराख

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में एक बेहद अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक किसान के भैंसें के किसी अज्ञात जीव या वस्तु से रहस्यमयी हमला किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव डोमखेड़ा में सोमवार की देर शाम पशु स्वामी सीमा देवी पत्नी विजयपाल सिंह ने बताया कि उनके लगभग 30 हजार रुपये कीमत के भैंसें के शरीर पर अचानक 8-10 छोटे-छोटे सुराख देखने को मिले। हैरत की बात यह थी कि उन सुराखों से सांस के साथ हवा बाहर आ रही थी, लेकिन मौके पर खून का एक कतरा भी नहीं गिरा था। इस अजीब हमले से गांव में दहशत का माहौल बन गया।

उपचार के अभाव में कुछ ही देर में भैसे ने दम तोड़ दिया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम के ही मृत पशु का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीण इस घटना को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जता रहे हैं।


भाकियू शंकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए। -जागरण मोर्चा

## समस्याओं को लेकर भाकियू शंकर का धरना, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन शंकर के जिलाध्यक्ष चौधरी नेमपाल सिंह के नेतृत्व में किसानों व आमजन की समस्याओं को लेकर मंगलवार की दोपहर विशाल धरना-प्रदर्शन व पंचायत का आयोजन किया गया।

प्रिंसिपल सत्यवीर सिंह के संचालन में आयोजित धरने में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों और महिलाओं ने हुंकार भरी।भाकियू ने किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 5 लाख रुपये करने, 3% ब्याज दर पुनः लागू करने, 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन बैंक' के तहत जिला सहकारी बैंक अमरोहा का गठन, गन्ना भुगतान, बिजली संकट, छुट्टा पशु और 200 यूनिट मुफ्त बिजली जैसी प्रमुख मांगें उठाईं। मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी व तहसीलदार व विद्युत विभाग के अधिकारियों ने समस्याओं के सकारात्मक समाधान और सुचारू बिजली आपूर्ति का भरोसा दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायाब तहसीलदार मनोज कुमार को सौंपकर धरना शांतिपूर्ण समाप्त किया। इस दौरान लवली यादव, जगवती, विनोद रानी सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे। संगठन ने मांगें पूरी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।


## एच.एस.एस. पब्लिक स्कूल में समर कैम्प के दूसरे दिन बच्चों ने योग और रचनात्मकता से बिखेरी चमक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में स्थित एच.एस.एस. पब्लिक स्कूल में आयोजित चार दिवसीय समर कैम्प के दूसरे दिन मंगलवार को बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण योग सत्र रहा, जिसमें बच्चों को शारीरिक संतुलन, स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक एकाग्रता के लिए प्रेरित करते हुए विभिन्न योगासन सिखाए गए।कैम्प के दौरान बच्चों ने 'क्ले पॉटरी' में मिट्टी से सुंदर गिलास व फूलदान बनाए, जबकि 'कुकिंग विदाउट फायर' में स्वादिष्ट कटोरी चाट बनाकर अपनी पाक-कला का प्रदर्शन किया। इसके अलावा बच्चों ने लीफ पेंटिंग, आकर्षक मेहंदी डिज़ाइन, स्केटिंग, डांस और टायक्वोंडो जैसी गतिविधियों में भी अपना हुनर दिखाया। कैलीग्राफी और इंग्लिश स्पीकिंग क्लास के जरिए बच्चों के संवाद कौशल को निखारा गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने कहा कि समर कैम्प बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है, जिससे उनमें रचनात्मकता, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। कैम्प को लेकर बच्चों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।


समर कैंप के दौरान योग करते बच्चे। -जागरण मोर्चा

## शॉर्ट सर्किट से ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, पचास घरों की बत्ती गुल


शॉर्ट सर्किट के चलते ट्रांसफार्मर लगी आग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में स्थित गजरौला मार्ग पर सोमवार की रात करीब 12 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। यहाँ लगे बिजली ट्रांसफॉर्मर में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे आस-पास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाई और तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना देकर बिजली कटवाई, जिससे सिहाली जागीर के करीब पचास घरों की आपूर्ति ठप हो गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर भी आग बुझाने का प्रयास किया।जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले भी इसी मार्ग पर एक अन्य ट्रांसफॉर्मर में जोरदार धमाका हुआ था, जिससे लोग पहले से ही दहशत में थे। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर गहरा रोष जताते हुए जर्जर और खराब ट्रांसफॉर्मरों को जल्द बदलने तथा क्षेत्र में सुरक्षित बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## गंगा एक्सप्रेस वे पर खड़ी ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली में ट्रक ने मारी टक्कर, सात घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** गंगा एक्सप्रेस वे पर कोतवाली क्षेत्र के गंगापुल के निकट खड़ी ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली में ट्रक ने टक्कर मार दी,टक्कर लगने से ट्रैक्टर ट्राली सवार छः लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से नगर के सीएचसी में भर्ती कराया।

जनपद संभल के थाना असमोली क्षेत्र के गांव रतुपुरा निवासी फुरकान, मोहम्मद अनस, मुनव्वर अली, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद कैफ ,मोहम्मद कामिल ट्रैक्टर में सवार होकर मेरठ की दिशा से अपने गांव लौट रहे थे। ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली सोमवार की देर रात गंगा एक्सप्रेस वे पर गंगापुल के पास खड़ी थी तो पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी टक्कर लगते ही ट्राली में बैठे छः लोग पूरी तरह घायल हो गए। गनीमत रही की टक्कर लगने के बाद में ट्रैक्टर किसी दूसरे वाहन से नहीं टकराया और सड़क पर नहीं पलटा अन्यथा कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। ट्रैक्टर ट्राली में टकराने के दौरान ट्रक चालक अलीगढ़ निवासी वीरेंद्र भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे की सूचना पर संभल क्षेत्र निवासी परिजन भी देर रात सीएचसी पहुंच गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को गंगा एक्सप्रेसवे के रेस्ट एरिया में खड़ा करा दिया है।जब इस बारे में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर मिलती है तो जांचकर कार्रवाई की जाएगी।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर।

## शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन


शरबत बांटते लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला :** नगर के धनौरा रोड पर पर नायरा पैट्रोल पंप के सामने आशाराम वैलफेयर सोसाईटी के संस्थापक अध्यक्ष विचित्र भाटी द्वारा शर्बत का वितरण किया गया। शर्बत पीकर लोगों के खुश्क गले तर हो गए और गर्मी से भी राहत मिली। राहगीरों के साथ साथ वाहनों में सवार यात्रियों को भी शर्बत पिलाया गया। राहगीरों ने उनके प्रयास की सराहना की। इस मौके पर पंडित योगेश प्रभाकर, देवेंद्र चौधरी, टिंकू चौहान, सचिन, निखिल वर्मा, यश वर्मा, नीतू भाटी, सोनू भड़ाना, भूदेव चौहान मौजूद रहे।

## विद्युत आपूर्ति न मिलने के विरोध में भाकियू बीआर अंबेडकर ने किसानों के साथ प्रदर्शन के बाद दिया धरना


विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान। -जागरण मोर्चा


बिजली घर में धरने पर बैठे किसान। -जागरण मोर्चा


जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में लगभग चार दिन से विद्युत आपूर्ति न मिलने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने किसानों के साथ मिलकर विद्युत अधिकारियों के कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद धरना दिया वहीं किसानों की मांग थी कि शासन के मशा के अनुरूप विद्युत आपूर्ति दी जाए।

ब्लॉक क्षेत्र के गांव लुहारी खादर में चार दिन से विद्युत आपूर्ति की स्थिति काफी खराब है, ग्रामीणों का कहना है की चार दिन में मात्र चार घंटे भी विद्युत आपूर्ति प्राप्त नहीं हुई है। जिससे किसानों की फसले बर्बादी की कगार पर पहुंच चुकी है। मंगलवार को विद्युत विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट गया और भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में नगर स्थित विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय पर पहुंचे और कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गए। किसानों के धरने पर बैठने की सूचना पर अधिशासी अभियंता मौके पर पहुंचे किसानों की समस्याओं को सुना और उनके जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने अधिशासी अभियंता को अपना ज्ञापन सौंप दिया। इस मौके पर रूप किशोर, जगत सिंह, दीपक सागर, राजेश, धर्मवीर, उमेश, महेश सिंह, देवेंद्र, हरस्वरूप, पप्पू, मनोज, अख्तर अली, महेंद्र, मेहंदी हसन, सतीश, नेपाल, ओमी, प्यारे आदि मौजूद है।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर दो कारों की भिड़ंत में दो लोगों की मौत छह लोग गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**संभल।** संभल के गंगा एक्सप्रेसवे पर गांव अझरा के पास दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में दिल्ली निवासी दो लोगों की मौत हो गई। हादसा गलत दिशा में कार चलाने के कारण हुआ। एक चालक को हिरासत में लिया है।

संभल जिले के कैलादेवी थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को सड़क हादसा हो गया। गांव अझरा के पास दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में दिल्ली निवासी दो लोगों की मौत जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि हादसा एक कार के गलत दिशा में चलने के कारण हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने दोनों मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है। वहीं दूसरी कार के चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हादसे के बाद कुछ देर तक एक्सप्रेसवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

**जनगणना** जनगणना में संपत्तियों का ब्योरा देने में आनाकानी कर रहे लोग


# तीन मंजिला मकान और घर में टीवी तक नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** जनगणना में लगे प्रगणकों को संपत्तियों का ब्योरा देने में लोग आनाकानी कर रहे हैं। प्रगणक लोगों से 33 बिंदुओं पर सवाल पूछते हैं, उनके जवाब के आधार पर ब्योरा करते हैं। प्रगणकों के मुताबिक लोग आसानी से घरों का दरवाजा नहीं खोलते हैं।

**जनगणना में चौंकाने वाला खुलासा**

- कई घरों में टीवी और इंटरनेट भी नहीं
- प्रगणकों के सवालों से बच रहे लोग,
- संपत्ति का ब्योरा देने में आनाकानी
- कार-बाइक छोड़िए, कई मकानों में साइकिल तक नहीं



मुरादाबाद के नवाबपुरा क्षेत्र में एक तीन मंजिला मकान में तीन भाइयों का परिवार रहता है। छह दुकानें भी हैं। लेकिन आपको जानकर ताज्जुब होगा इस घर में साइकिल तक नहीं है और तो और कई घरों में टीवी तक नहीं। घरों की गणना में इस तरह की बात सामने आ रही है। जनगणना में लगे प्रगणकों को संपत्तियों का ब्योरा देने में लोग आनाकानी कर रहे हैं।

22 मई से घरों की गणना शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया 22 जून तक चलेगी। इसके लिए जिले में करीब सात हजार प्रगणक लगाए गए हैं। एक प्रगणक को 120 से 180 घरों की गणना कर उनका ब्योरा दर्ज करना है।

इसमें प्रगणक लोगों से 33 बिंदुओं पर सवाल पूछते हैं, उनके जवाब के आधार पर ब्योरा करते हैं। प्रगणकों के मुताबिक लोग आसानी से घरों का दरवाजा नहीं खोलते हैं। मकान, वाहन, सुविधा, डिजिटल और सामान से जुड़े सवालों की जानकारी देने में लोग आनाकानी करते हैं। इसमें घर में कितने कमरें है, कार है कि नहीं, किरायेदार कितने हैं, एलपीजी कनेक्शन है कि नहीं, लैपटॉप-कंप्यूटर आदि सवाल शामिल हैं, जिनका जवाब देने से लोग बचते हैं। अभी तक की गणना के मुताबिक शहर के कुछ मोहल्ले ऐसे भी हैं, जहां करीब 90 फीसदी घरों में टीवी नहीं है। इंटरनेट सेवा नहीं है। दो से तीन मंजिले मकानों में कार-बाइक तो छोड़िए यहां साइकिल तक नहीं है। भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, फर्श किस चीज का बना है, दीवार किस चीज की बनी है, छत किस चीज की बनी है, मकान का उपयोग (रहने, दुकान आदि), मकान की हालत कैसी है। घर का नंबर (परिवार के लिए), कुल कितने लोग रहते हैं, परिवार के मुखिया का नाम, मुखिया महिला या पुरुष, मुखिया किस वर्ग से हैं, मकान अपना है या किराये का, कितने शादीशुदा जोड़े हैं, परिवार के पास रहने के लिए कमरों की संख्या।

### चार दिन बाद मिला गंगा में डूबे बीटेक छात्र का शव

**जागरण मोर्चा कार्यालय, नौगावां सादात।** ऋषिकेश में गंगा नदी में डूबे बीटेक के छात्र मोहम्मद कैफ का शव चार दिन बाद रविवार को बरामद कर लिया गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव कस्बा स्थित घर पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया। देर शाम भारी गमगीन माहौल में मोहल्ला शाह फरीद स्थित पुश्तैनी कब्रिस्तान में शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों और रिश्तेदारों की चीख-पुकार से माहौल भावुक हो उठा। वहीं, हादसे में साथ डूबे फैजान अली का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। उसकी तलाश में एसडीआरएफ की टीम लगातार गंगा नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही है।

## तहारपुर बिजली घर की 1500 मीटर लाइन का तार अज्ञात चोरों ने काटा, पुलिस देख छोड़ भागे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक बिजली घर से जा रही लाइन का अज्ञात चोरों ने लगभग 1500 मी का तार काट लिया। एविडेंस की सूचना पर मौके से गुजर रही डायल 112 पुलिस को देखकर कर तार को सड़क पर छोड़कर फरार हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव तहारपुर बिजली घर से चकोरी के लिए हाई टेंशन विद्युत लाइन जा रही है। सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने गांव को जा रही हाई टेंशन विद्युत लाइन का 1500 मीटर तार काटकर सड़क पर रख लिया और अपने साथी के वाहन की का इंतजार करने लगे। साथी का वाहन पहुंचने से पूर्व ही सूचना पर जा रही डायल 112 पुलिस को देखकर कर सड़क पर ही तार का बंडल छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर बागों में फरार हो गए। डायल 112 के द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंच कोतवाली पुलिस ने चोरों को काफी तलाश किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर चोर फरार हो गए। पुलिस के द्वारा बिजली विभाग के एसडीओ मिथिलेश कुमार यादव को सूचना दी तो उन्होंने तुरंत लाईनमैनों को मौके पर भेजा। बिजली एसडीओ मिथिलेश कुमार का कहना है कि डायल 112 पुलिस के पहुंचने से विभाग को बहुत बड़ी हानि से निजात मिली है।अन्यथा चोरी में तार चला जाता तो लगभग 15 लाख रुपए का नुकसान होता। बिजली विभाग के द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है।


चोरों द्वारा काटी गई विद्युत लाइन। -जागरण मोर्चा

# संपादकीय

## क्यों होगी पीएम की विदाई?

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भविष्यवाणी की है कि एक साल बाद नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। प्रधानमंत्री पद से उनकी विदाई तय है। दावा यह भी है कि उनकी भविष्यवाणी कभी गलत साबित नहीं होती। आने वाले चुनावों में हिंदू-मुसलमान के बजाय आर्थिक असमानता, अर्थात अमीर बनाम गरीब तथा महंगाई सबसे बड़े मुद्दे होंगे। उन्होंने यह भी संबोधित किया है कि यदि मुसलमान पर अत्याचार हो, तो मुसलमान का नाम लें। अल्पसंख्यक की जगह मुसलमान न कहें। धुरवीकरण की शुरुआत यहीं से होती है। राहुल गांधी ने जिस बैठक को संबोधित कर यह भविष्यवाणी की और भविष्य के चुनावी मुद्दों को रेखांकित किया, उसमें 52 प्रमुख अल्पसंख्यक नेता मौजूद थे। मुसलमान के अलावा, जैन, सिख, ईसाई समुदायों के प्रतिनिधि भी थे। कांग्रेस नेता ने किन आधारों, जनादेशों और राजनीतिक बदलाव के संकेतों, रुझानों पर यह दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी की विदाई तय है? राहुल के हिंदू-मुसलमान वाले सांप्रदायिक और धुरवीकृत विश्लेषण से भी हम सहमत नहीं हैं, क्योंकि देश इसी सोच और विभाजन को झेल रहा है। केरल में कई मुसलमानों को कांग्रेस सरकार में मंत्री बनाया गया है, क्योंकि कांग्रेस नेतृत्व के गठबंधन के लिए मुस्लिम लीग का समर्थन अनिवार्य है। कांग्रेस को हालिया चुनावों में केरल में ही जनादेश मिला है, शेष राज्यों में वह या तो गायब हो गई है अथवा हाशिए पर है। क्या इसी आधार पर प्रधानमंत्री की विदाई का दुस्वप्न देखा जा रहा है? पश्चिम बंगाल में भाजपा जनादेश पूरी तरह हिंदुत्व पर आधारित है, जहां करीब 85 फीसदी हिंदुओं ने भाजपा को वोट दिए। अधिकांश चुनावों की बुनियाद हिंदु-मुसलमान पर ही आश्रित है। दोनों ही समुदाय 'सांप्रदायिक' भी हैं। खासकर मुसलमान 'धर्मनिरपेक्षता' का प्रतीक है और हिंदू की लामबंदी 'सांप्रदायिक' करार दी जाती है। यह व्याख्या और धारणा ही गलत है। रही बात अमीर-गरीब की, तो आर्थिक असमानता और विषमताएं देश की आजादी से पहले ही अस्तित्व में रही हैं। आज भी मोदी सरकार करीब 81.35 करोड़ भारतीयों को 'मुफ्त अनाज' बांट रही है। यह आर्थिक असमानता का सबसे ज्वलंत उदाहरण है। देश के करीब 10 फीसदी तबके के पास राष्ट्रीय आय का करीब 58 फीसदी हिस्सा मौजूद है, तो 50 फीसदी से अधिक भारतीय ऐसे हैं, जिन्हें राष्ट्रीय आय का 15 फीसदी ही नसीब है। एक और डाटा गौरतलब है कि मात्र 1 फीसदी वर्ग के पास देश की 40 फीसदी संपदा है। देश में 10 फीसदी तबका ऐसा है, जिसकी तिजौरियों, बैंकों, निवेश में 65 फीसदी संपत्ति जमा है, जबकि 50 फीसदी से अधिक ऐसे लोग हैं, जिनके हिस्से मात्र 6 फीसदी ही देश की संपदा है। हम उन करोड़ों भारतीयों की तो बात कर ही नहीं रहे, जो गरीबी-रेखा के नीचे जीने को अभिशप्त हैं। इससे गहरी और फासलेदार आर्थिक असमानता कोई और हो सकती है क्या? इस विभाजक यथार्थ के बावजूद आर्थिक असमानता कभी भी चुनावी मुद्दा नहीं बन पाई? आखिर क्यों? अमीर-गरीब भारत के लिए सनातन और शाश्वत मुद्दा है। सवाल कहीं ओझल न हो जाए कि आखिर राहुल गांधी किस आधार पर प्रधानमंत्री मोदी की विदाई तय मान रहे हैं? लोकसभा चुनाव 2029 में हैं। प्रधानमंत्री के पास 293 सांसदों का समर्थन है, जिनकी टूटने या पाला बदलने की जरा-सी भी आशंका नहीं है। बिन चुनाव या अविश्वास प्रस्ताव पारित हुए प्रधानमंत्री कैसे बदला जा सकता है? भारत कोई 'केला-गणतंत्र' नहीं है। राहुल गांधी ने ऐसा बयान देकर देश में भ्रम, अस्थिरता, अराजकता और सनसनी फैलाने की राजनीति खेली है। चूंकि वह मुसलमान या अल्पसंख्यक नाममात्र के नेताओं को संबोधित कर रहे थे, लिहाजा ऐसी बेतुकी भविष्यवाणी करना उनकी राजनीति का हिस्सा रही है। यकीनन देश में संकट का माहौल है। वह आर्थिक कम, लेकिन अन्य संदर्भों का संकट है। तेल-गैस-खाद के संकट हैं। देश में बेरोजगारी सबसे अहम संकट और समस्या है। क्या कांग्रेस नेतृत्व का विपक्ष इस पर कोई आंदोलन खड़ा कर पाया है?

# तकनीकी क्रांति और लोकतांत्रिक चुनौती के बीच जनगणना



भारत वर्ष 2027 में अपनी पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना कराने जा रहा है। यह केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि भारत की शासन व्यवस्था, विकास नीति और लोकतांत्रिक ढांचे में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का संकेत है। जिस प्रकार स्वतंत्र भारत की पहली जनगणना ने नवगठित राष्ट्र को अपनी जनसंख्या, संसाधनों और सामाजिक संरचना को समझने का आधार दिया था, उसी प्रकार 2027 की डिजिटल जनगणना भारत को डेटा-आधारित शासन के नए युग में प्रवेश कराने वाली है। यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक मानी जा रही है, जिसमें मोबाइल एप्लिकेशन, सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल, क्लाउड-आधारित रियल-टाइम डेटा अपलोड, जियो-टैगिंग और डिजिटल डैशबोर्ड जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा।

भारत में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। उसके बाद कोविड-19 महामारी सहित कई कारणों से 2021 की जनगणना टलती चली गई। परिणामस्वरूप देश को लगभग 14 वर्षों तक पुराने आंकड़ों पर निर्भर रहना पड़ा। इस दौरान भारत में शहरीकरण, प्रवासन, रोजगार संरचना, डिजिटल उपयोग, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनसंख्या वितरण में भारी परिवर्तन हुए हैं। ऐसे में 2027 की जनगणना केवल एक सांख्यिकीय अभ्यास नहीं होगी, बल्कि यह आधुनिक भारत की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करने का माध्यम बनेगी। विशेष बात यह है कि यह पहली बार होगा जब भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इतनी बड़ी जनगणना डिजिटल माध्यम से संचालित की जाएगी।

डिजिटल जनगणना का सबसे बड़ा लाभ इसकी गति और दक्षता में दिखाई देता है। पारंपरिक कागजी जनगणना में डेटा एकत्र करने, उसकी जांच करने, कोडिंग, प्रविष्टि और विश्लेषण में दो वर्ष या उससे अधिक समय लग जाता था। लेकिन डिजिटल प्रणाली में डेटा सीधे सर्वर पर अपलोड होगा, जहां स्वचालित सत्यापन और विश्लेषण की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे प्रारंभिक परिणाम दस दिनों के भीतर और अंतिम विस्तृत रिपोर्ट छह से नौ महीनों में उपलब्ध हो सकती है। यह बदलाव केवल समय बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि नीति निर्माण की गति और सटीकता को भी कई गुना बढ़ा सकता है। यदि सरकार के पास समय पर विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध होंगे, तो रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, आवास और शहरी नियोजन जैसी योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा। डिजिटल प्रणाली में त्रुटियों को कम करने की भी व्यापक संभावना है। मोबाइल एप्लिकेशन में प्री-कोडेड विकल्प, ऑटो-फिल, रियल-टाइम वैलिडेशन और जियो-कोडिंग जैसी सुविधाएं होंगी, जिससे गलत प्रविष्टियों की संभावना कम होगी। प्रत्येक भवन को एक विशिष्ट भौगोलिक निर्देशांक से जोड़ा जाएगा, जिससे न केवल भवनों की सही गणना संभव होगी बल्कि विकास योजनाओं के लिए स्थान-आधारित विश्लेषण भी आसान होगा। उदाहरण के लिए, किसी क्षेत्र में स्कूलों, अस्पतालों या जलस्रोतों की उपलब्धता का विश्लेषण जनसंख्या घनत्व के साथ जोड़ा जा सकेगा। इससे सरकार को यह समझने में आसानी होगी कि किन क्षेत्रों में संसाधनों की कमी है और कहां निवेश की आवश्यकता अधिक है।

डिजिटल जनगणना का एक और महत्वपूर्ण पहलू पारदर्शिता है। नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी भर सकेंगे और उसे सत्यापित कर सकेंगे। इससे सरकारी आंकड़ों के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ सकता है। डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर प्रगति की निगरानी भी संभव होगी। यह प्रणाली प्रशासनिक जवाबदेही को मजबूत कर सकती है और डेटा संग्रह की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बना सकती है। यदि इसे सफलतापूर्वक लागू किया गया, तो भारत दुनिया के लिए डिजिटल प्रशासन का एक नया मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

हालांकि, इन संभावनाओं के साथ गंभीर चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। सबसे बड़ी चुनौती भारत का डिजिटल विभाजन है। आज भी देश के करोड़ों लोग इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों तक समान पहुंच नहीं रखते। ग्रामीण क्षेत्रों, पर्वतीय इलाकों, आदिवासी क्षेत्रों और उत्तर-पूर्व के कई हिस्सों में इंटरनेट कनेक्टिविटी कमजोर या अनुपलब्ध है। यदि जनगणना का अत्यधिक निर्भरता डिजिटल माध्यमों पर रही, तो समाज के सबसे गरीब और हाशिए पर रहने वाले वर्ग जनगणना से बाहर छूट सकते हैं। यह केवल तकनीकी समस्या नहीं होगी, बल्कि लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व और संसाधनों के वितरण को प्रभावित करने वाली गंभीर सामाजिक समस्या बन सकती है। भारत में डिजिटल साक्षरता भी एक बड़ी चुनौती है। बुजुर्ग, अशिक्षित लोग, ग्रामीण महिलाएं और प्रवासी मजदूर अक्सर स्मार्टफोन एप्लिकेशन या ऑनलाइन फॉर्म का उपयोग करने में सहज नहीं होते। यदि केवल तकनीक के भरोसे डेटा संग्रह किया गया, तो गलत जानकारी, अधूरी प्रविष्टियां और अंडरकाउंटिंग की संभावना बढ़ जाएगी। अफ्रीकी देशों में डिजिटल जनगणना के कुछ प्रयोगों में यह देखा गया था कि कम साक्षरता वाले क्षेत्रों में त्रुटियों की दर काफी अधिक रही। भारत में यह चुनौती और भी जटिल हो सकती है क्योंकि यहां भाषाई, सामाजिक और आर्थिक विविधता अत्यंत व्यापक है। इसलिए केवल "डिजिटल" होना पर्याप्त नहीं होगा; यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीक समावेशी और उपयोगकर्ता-अनुकूल भी हो।

इसी कारण "ऑफलाइन-फर्स्ट" मॉडल की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। जनगणना एप्लिकेशन ऐसे होने चाहिए जो इंटरनेट न होने पर भी डेटा संग्रह कर सकें और बाद में नेटवर्क उपलब्ध होने पर सर्वर से सिंक्रोनाइज हो जाएं। इससे दूरस्थ क्षेत्रों में भी निर्बाध डेटा संग्रह संभव हो सकेगा। साथ ही, स्थानीय भाषाओं में एप्लिकेशन और वॉयस-आधारित सहायता प्रणाली भी विकसित करनी होगी ताकि कम शिक्षित लोग भी इस प्रक्रिया में सहज रूप से भाग ले सकें। डिजिटल जनगणना के सामने दूसरी बड़ी चुनौती प्रवासी आबादी और असंगठित क्षेत्र के लोगों की सही गणना है। कोविड-19 महामारी के दौरान देश ने देखा कि करोड़ों प्रवासी मजदूरों का विश्वसनीय डेटा उपलब्ध नहीं था। परिणामस्वरूप राहत और पुनर्वास कार्यों में भारी कठिनाइयां सामने आईं। भारत में बड़ी संख्या में लोग अस्थायी रूप से शहरों में काम करते हैं और अक्सर स्थायी पते से दूर रहते हैं। यदि जनगणना के दौरान वे अपने गांव या मूल निवास स्थान पर नहीं होंगे, तो उनकी गणना छूट सकती है। यही समस्या बेघर लोगों, फुटपाथ निवासियों और अनौपचारिक बस्तियों में रहने वाले लोगों के साथ भी हो सकती है। इसलिए डिजिटल प्रणाली को इतनी लचीली बनाना होगा कि गतिशील आबादी का सटीक आकलन किया जा सके। जाति आधारित आंकड़ों का प्रश्न भी अत्यंत संवेदनशील और जटिल है। भारत में हजारों जातियां और उप-जातियां हैं, जिनके नाम और सामाजिक पहचान क्षेत्र के अनुसार बदलते रहते हैं। यदि डिजिटल कोडिंग प्रणाली में मानकीकरण की कमी रही, तो गलत वर्गीकरण और डेटा असंगतता की समस्या पैदा हो सकती है।

# कॉकरोच से क्रांति तक : सोशल मीडिया पर युवाओं का डिजिटल विद्रोह



हमारे देश में इन दिनों 'कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी)' नाम सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। यह चर्चा इतनी तेज़ी से बढ़ी कि इसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर लगभग 1 करोड़ से 2.2 करोड़ (10–22 मिलियन) तक फॉलोअर्स पहुंचने के दावे किए जाने लगे। हालांकि, अलग-अलग समय पर अलग-अलग आंकड़े सामने आए, क्योंकि यह अभियान बेहद तेजी से वायरल हुआ। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एक्स (पूर्व ट्विटर) पर इससे जुड़े अकाउंट ने कुछ ही दिनों में लगभग दो लाख से अधिक फॉलोअर्स हासिल कर लिए थे। बाद में उस अकाउंट पर प्रतिबंध अथवा विदहेल्ड किए जाने की खबरों ने भी इस मामले को और अधिक चर्चित बना दिया। बहरहाल, यहां पर पाठकों को यह बताना आवश्यक है कि इस पूरे विवाद की शुरुआत उस कथित टिप्पणी से जुड़ी मानी गई, जिसे भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत से संबंधित बताया गया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में एक सुनवाई के दौरान उन्होंने कथित रूप से यह कहा था कि कुछ लोग फर्जी डिग्रियों के सहारे वकालत, मीडिया और अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रों में प्रवेश कर जाते हैं तथा 'कॉकरोच' और 'पैरासाइट्स' (परजीवी) की तरह व्यवस्था को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके बाद मीडिया और सोशल मीडिया पर यह बात तेजी से फैल गई कि उन्होंने बेरोजगार युवाओं को 'कॉकरोच' कहा है। हालांकि, बाद में सीजेआई सूर्यकांत ने इस पर सफाई देते हुए यह बात कही कि उनकी टिप्पणी को गलत संदर्भ में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि उनका निशाना देश के युवा या बेरोजगार वर्ग नहीं थे, बल्कि वे लोग थे जो 'फेक' और 'बोगस' डिग्रियों के माध्यम से प्रतिष्ठित पेशों में प्रवेश करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय युवाओं के प्रति उनके मन में पूरा सम्मान है और मीडिया ने उनकी मौखिक टिप्पणी को संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत किया। लेकिन तब तक यह मामला सोशल मीडिया पर एक बड़े मुद्दे का रूप ले चुका था। विरोध और व्यंग्य के प्रतीक के रूप में युवाओं ने 'कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी)' नाम से ऑनलाइन अभियान शुरू कर दिया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया। यहां यह स्पष्ट करना भी आवश्यक है कि यह कोई वास्तविक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि इंटरनेट और सोशल मीडिया पर चलने वाला एक व्यंग्यात्मक अभियान माना जा रहा है। हजारों युवाओं ने इसी नाम से मीम्स, पोस्टर, काल्पनिक घोषणापत्र, चुनाव चिह्न और नारे बनाकर साझा करने शुरू कर दिए। कई पोस्टों में बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, नौकरी की कमी, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी, महंगाई, भ्रष्टाचार और सरकारी व्यवस्थाओं पर तीखे कटाक्ष किए गए।

युवाओं ने इस अभियान को इस रूप में प्रस्तुत किया कि यदि व्यवस्था उन्हें 'कॉकरोच' समझती है, तो वे उसी पहचान को व्यंग्यात्मक शक्ति में बदल देंगे। यही कारण रहा कि यह अभियान बहुत तेजी से वायरल हुआ और लाखों लोगों तक पहुंच गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' से जुड़े पोस्ट और अकाउंट तेजी से फैलने लगे। कुछ अकाउंट्स पर कार्रवाई अथवा प्रतिबंध की खबरों ने भी इस मुद्दे को और अधिक चर्चा में ला दिया। कई लोगों ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और युवाओं की हताशा की आवाज बताया, जबकि कुछ ने इसे सोशल मीडिया का अतिशयोक्तिपूर्ण ट्रेंड माना। मामला तब और अधिक चर्चित हो गया, जब इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर होने और अदालत में चर्चा होने की खबरें सामने आईं। दरअसल, यह पूरा घटनाक्रम इस बात का संकेत है कि आज का युवा वर्ग अपनी बात केवल भाषणों और पारंपरिक आंदोलनों के माध्यम से ही नहीं, बल्कि मीम्स, व्यंग्य और डिजिटल अभियानों के जरिए भी प्रभावशाली ढंग से रख रहा है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' इसी नई इंटरनेट संस्कृति का एक उदाहरण बनकर उभरी, जहां एक विवादित शब्द देखते ही देखते सामाजिक और राजनीतिक असंतोष का बड़ा प्रतीक बन गया।

यह घटना यह भी दर्शाती है कि सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि जनभावनाओं, विरोध और सामाजिक बहसों का एक शक्तिशाली मंच बन चुका है। बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और वास्तविक मुद्दों की अनदेखी ने युवाओं के भीतर गहरा असंतोष पैदा किया है। यही असंतोष अब डिजिटल अभियानों और व्यंग्य के रूप में सामने आ रहा है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब समाज में असंतोष बढ़ता है, तब उसकी पहली अभिव्यक्ति अक्सर व्यंग्य के रूप में सामने आती है, और 'कॉकरोच जनता पार्टी' उसी बदलते सामाजिक माहौल का एक बड़ा संकेत बनकर उभरी है।

# AI और डिजिटल तकनीक से ही रुकेगा पेपर लीक का खेल

भारत में हर कुछ महीनों में किसी न किसी भर्ती परीक्षा या प्रतियोगी परीक्षा के पेपर लीक होने की खबर सामने आ जाती है। कभी शिक्षक भर्ती परीक्षा, कभी पुलिस भर्ती, कभी मेडिकल या इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा और कभी सरकारी नौकरियों की परीक्षाएँ। लाखों युवाओं की मेहनत कुछ लोगों के भ्रष्ट नेटवर्क और कमजोर परीक्षा व्यवस्था की वजह से बर्बाद हो जाती है।

पेपर लीक अब केवल एक प्रशासनिक समस्या नहीं रह गई है बल्कि यह देश की प्रतिभा, युवाओं के भविष्य और व्यवस्था पर जनता के विश्वास के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। वर्षों तक मेहनत करने वाले छात्र जब परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र बाजार में बिकते हुए देखते हैं, तब उनके मन में व्यवस्था के प्रति निराशा और आक्रोश पैदा होना स्वाभाविक है।

सरकारें हर बार सख्त कानून बनाने, गिरफ्तारियाँ करने और जाँच एजेंसियों को सक्रिय करने की बात करती हैं, लेकिन इसके बावजूद पेपर लीक की घटनाएँ रुक नहीं रही हैं। इसका कारण यह है कि समस्या केवल अपराधियों की नहीं, बल्कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया की संरचना में मौजूद कमजोरियों की है। जब तक परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से आधुनिक और सुरक्षित नहीं बनाया जाएगा, तब तक केवल कार्रवाई से समाधान संभव नहीं है। वर्तमान परीक्षा प्रणाली की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी लंबी और बहु-स्तरीय प्रक्रिया है। प्रश्नपत्र तैयार होने से लेकर उसके अंतिम रूप देने, प्रिंटिंग, पैकेजिंग, ट्रांसपोर्टेशन और अंततः परीक्षा केंद्र तक पहुँचाने तक अनेक चरण होते हैं। इन सभी चरणों के बीच लंबा समय अंतराल भी रहता है और कई लोग इस पूरी प्रक्रिया में शामिल होते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी एक स्तर पर "फाइनल प्रश्नपत्र" पहले से तय हो जाता है। इसके बाद वही प्रश्नपत्र अलग-अलग हाथों और एजेंसियों से गुजरता हुआ परीक्षा केंद्र तक पहुँचता है। यही वह सबसे बड़ा जोखिम है जहाँ पेपर लीक होने की संभावना पैदा होती है। यदि किसी परीक्षा का प्रश्नपत्र परीक्षा से कई दिन पहले ही प्रिंटिंग प्रेस, वितरण एजेंसी, गोदाम, ट्रांसपोर्ट चैन या प्रशासनिक स्तर पर उपलब्ध हो, तो उसे पूरी तरह सुरक्षित रखना बेहद कठिन हो जाता है। आज तकनीक और डिजिटल संचार के दौर में एक फोटो, एक स्कैन कॉपी या एक मोबाइल कैमरा कुछ ही सेकंड में पूरे देश में प्रश्नपत्र फैला सकता है। यही कारण है कि अब पारंपरिक परीक्षा मॉडल को बदलने का समय आ चुका है

# बोझ नहीं, सम्मान और गर्व का प्रतीक हैं बेटियां



भारत में दहेज प्रथा केवल एक सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि हजारों बेटियों की जिंदगी निगलने वाला वह दानव बन चुकी है, जो आधुनिक शिक्षा, कानून और जागरूकता के बावजूद आज भी समाज की मानसिकता पर हावी है। हर वर्ष दहेज उत्पीडऩ, आत्महत्या और हत्या के हजारों मामले सामने आते हैं, लेकिन कुछ दिनों की चर्चा के बाद सब कुछ फिर सामान्य हो जाता है। हाल ही में चर्चित ट्विशा कांड को सीबीआई जांच के लिए सौंपा जाना इसी कड़वी सच्चाई को उजागर करता है कि समाज और व्यवस्था दोनों अभी भी इस अपराध को रोक पाने में पूरी तरह सफल नहीं हुए हैं।समय आ गया है कि समाज यह समझे कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि सम्मान और गर्व का प्रतीक हैं। जिस दिन दहेज को सामाजिक प्रतिष्ठा नहीं बल्कि शर्म का विषय माना जाने लगेगा, उसी दिन एक आदर्श समाज की शुरुआत होगी।

दहेज की समस्या की जड़ केवल लालच नहीं, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा की विकृत सोच है। विवाह को आज भी कई परिवार सौदे की तरह देखते हैं, जहां लड़के की नौकरी, वेतन और हैसियत के आधार पर कीमत तय होती है। दुखद यह है कि शिक्षित और संपन्न वर्ग भी इस मानसिकता से मुक्त नहीं हो पाया है। माता-पिता अपनी बेटियों की शादी के लिए जीवनभर की जमा पूंजी खर्च कर देते हैं, फिर भी उत्पीडऩ समाप्त नहीं होता। ट्विशा कांड जैसे मामले इसलिए अधिक भयावह बन जाते हैं क्योंकि वे समाज के उस चेहरे को सामने लाते हैं, जहां कानून का डर कमजोर और लालच की भूख मजबूत दिखाई देती है। जब किसी बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होती है और परिवार न्याय के लिए दर-दर भटकता है, तब लोगों का भरोसा व्यवस्था से उठने लगता है। ऐसे मामलों की ष्टक्चद्ध जांच इसलिए जरूरी मानी जाती है क्योंकि आम जनता निष्पक्ष और पारदर्शी जांच चाहती है। हालांकि केवल जांच एजेंसी बदल देने से समस्या समाप्त नहीं होगी। आवश्यकता है कि दहेज विरोधी कानूनों को और प्रभावी बनाया जाए तथा उनकी निष्पक्षता भी सुनिश्चित हो। तेज सुनवाई के लिए विशेष अदालतें बननी चाहिए ताकि पीडि़त परिवारों को वर्षों तक न्याय का इंतजार न करना पड़े। साथ ही झूठे मामलों को भी रोकना आवश्यक है, ताकि कानून की विश्वसनीयता बनी रहे।

सबसे महत्वपूर्ण बदलाव समाज की सोच में आना चाहिए। बेटियों को बोझ और बेटों को कमाई का साधन समझने वाली मानसिकता जब तक समाप्त नहीं होगी, तब तक दहेज का दानव जीवित रहेगा। विवाह को दिखावे और प्रतिस्पर्धा का माध्यम बनाने की बजाय सादगी और समानता का संस्कार विकसित करना होगा।

# आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपइया : आम आदमी पर महंगाई की मार




आजकल सुबह आंख खुलते ही सबसे पहला डर इसी बात का होता है कि आज कौन सी चीज महंगी हो गई। हर दिन की तरह आज भी पेट्रोल और डीजल के दाम फिर बढ़ गए हैं। आज पेट्रोल में करीब 2.61 रूपये और डीजल में 2.71 रूपये प्रति लीटर की भारी बढ़ोतरी हुई है। पिछले दस दिनों में यह चौथी बार है जब जेब पर इस तरह का डाका डाला गया है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल 102.12 रूपये प्रति लीटर और डीजल 95.20 रूपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वहीं मुंबई में तो पेट्रोल 111 रूपये के भी पार बिक रहा है। एक आम इंसान के लिए अब यह रोज का सिरदर्द बन चुका है। कमाई वही है, लेकिन खर्चे रॉकेट की रफ्तार से भाग रहे हैं।

साल 2014 में जब देश में मोदी सरकार आई थी, तब हर तरफ एक ही चर्चा थी कि अब महंगाई के दिन खत्म होने वाले हैं। बहुत हुई महंगाई की मार वाला नारा तो सबको याद ही होगा। तब लोगों को लगा था कि चलो, अब कोई ऐसी सरकार आई है जो रसोई गैस, दाल, तेल और पेट्रोल-डीजल के दाम कम करके आम जनता को चैन की सांस देगी। लेकिन आज इतने साल बीतने के बाद जब हम अपनी जेब देखते हैं, तो लगता है कि राहत की उम्मीद करना ही बेकार था। राहत मिलना तो दूर, अब तो गुजारा करना भी भारी पड़ रहा है। तेल के दाम बढ़ने का मतलब सिर्फ गाड़ी में महंगा पेट्रोल डालना नहीं होता। डीजल महंगा होते ही ट्रक और गाड़ियों का किराया बढ़ जाता है। इसका सीधा असर हमारे घर के राशन और रसोई पर पड़ता है। जो सब्जियां, दाल, दूध और अनाज मंडियों से हमारे घर तक आते हैं, उन सब की कीमतें अचानक बढ़ जाती हैं। हाल ही में सरकार ने जो खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं, उसके मुताबिक देश की महंगाई दर 3.48% पर है। लेकिन इसी सरकारी आंकड़े में खाने-पीने की चीजों की महंगाई 4.20% से भी ऊपर चल रही है। सरकार भले ही टीवी और अखबारों में आंकड़ों का खेल दिखाकर यह कहे कि सब कुछ नियंत्रण में है, लेकिन बाजार जाकर जब जेब से पैसे ढीले होते हैं, तब असली हकीकत समझ आती है। जो सामान कुछ महीने पहले जितने में आता था, आज उतने पैसे में आधा सामान भी नहीं मिल रहा।

त्योहारों की खुशियाँ मनाने के बजाय अब लोग महीने का खर्च देखकर डरने लगे हैं।परेशानी सिर्फ खाने-पीने की चीजों तक ही रुकी हुई नहीं है। घर का गैस सिलेंडर आज हजार रुपये के पार पहुंच चुका है। इसके ऊपर से बच्चों की स्कूल फीस, बिजली का बिल और बीमारी के समय दवाइयों का खर्च अलग से कमर तोड़ देता है। सरकारी अस्पताल हो या प्राइवेट, हर जगह इलाज और दवाइयां आम आदमी के बजट से बाहर हो चुकी हैं।

## एक नजर

### 19 घंटे से अंधेरे में गांव, भीषण गर्मी में फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**लखनऊ।** जैंती खेड़ा उपकेंद्र अंतर्गत चन्द्रावल फीडर के नटकुर मजरा गहीलर में बीती रात आई तेज आंधी और तूफान ने बिजली व्यवस्था की पोल खोल दी। तेज हवा के चलते एबीसी लाइन पोल से टूटकर जमीन पर गिर गई, जिसके बाद गांव के एक दर्जन से अधिक घरों की विद्युत सप्लाई ठप हो गई। हालात यह हैं कि बीती रात करीब 9 बजे से गुल हुई बिजली 19 घंटे बाद भी बहाल नहीं हो सकी। भीषण गर्मी में ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। घरों में पंखे, कूलर और अन्य उपकरण बंद पड़े हैं, जबकि बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं उमस भरी गर्मी से बेहाल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। जमीन पर पड़ी एबीसी लाइन से हादसे का खतरा भी बना हुआ है, लेकिन विभाग पूरी तरह बेपरवाह नजर आ रहा है। लगातार बिजली संकट से नाराज ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।



### राम रहीम पुल पर युवक को मारी गोली

**रामपुर।** राम रहीम पुल पर युवक को कुछ लोगों ने गोली मारकर घायल कर दिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आगा पुर निवासी सत्यवीर देर शाम को बाइक से सिविल लाइन जा रहा था। की राम रहीम पुल पर अज्ञात लोगों ने गोली मार कर घायल कर दिया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया।जहां उसका उपचार चल रहा है। सिविल लाइन प्रभारी ओंकार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही जल्दी ही खुलासा किया जाएगा।

# लखनऊ मलिहाबाद में राजा कंस किले को लेकर बवाल

## सुंदरकांड पर रोक और बकरीद पर नमाज बैन, यूपी में एक्शन में योगी की पुलिस

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** लखनऊ के मलिहाबाद के कसमंडी इलाके में विवादित स्थल कंस किले को लेकर तनाव गहराता जा रहा है। इसको देखते हुए कसमंडी में बकरीद की नमाज पर रोक लगा दी गई है। वहीं मंगलवार को पासी समाज को सुंदरकांड पढ़ने की भी इजाजत नहीं दी गई। विवाद बढ़ने के बाद प्रशासन ने ये फैसला लिया है। इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती है। आंदोलन का ऐलान करने वाले पासी समाज के नेताओं को भी पुलिस ने नोटिस दिया है। पासी समाज पासी राजाओं के इतिहास के आधार पर इस जगह पर अपने कब्जे का दावा करता रहा है।

मलिहाबाद के कसमंडी कला स्थल पर मौजूद मकबरे और मस्जिद पर पासी समुदाय ने आज सुंदरकांड पढ़ने का ऐलान किया था। इसको देखते हुए वहां भारी पुलिस फोर्स तैनात रही। पुलिस ने सुंदर कांड पढ़ने की इजाजत नहीं दी।पासी समाज ने महाराजा राजपासी कंस के प्राचीन किला होने का दावा किया है। पासी समाज के 15 नेताओं को मलिहाबाद पुलिस ने नोटिस दिया है। पुलिस ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि अगर महाराजा कंसा के किला के आसपास कानून-व्यवस्था बिगड़ी तो सख्त एक्शन लिया जाएगा।

बहरहाल कथित किले के आसपास काफ़ी ज़्यादा तादाद में पुलिस बल तैनात है।सुबह से ही इस बात की चर्चा थी कि पासी समाज बड़े मंगल के मौके पर सुंदर कांड का पाठ वहां कर सकता है। हालांकि पासी समाज के अध्यक्ष को पुलिस ने नजरबंद कर दिया था। अन्य समर्थकों को भी वहां फटकने नहीं दिया गया। पुलिस इस इलाके में आने जाने वाले लोगों को रोक कर पूछताछ कर रही है। किसी भी अवांछनीय व्यक्ति को आसपास नहीं आने दिया जा रहा है ।उन्नाव से आए दो लोगों को पुलिस ने रोका। उन्हें डांटकर यहां से जाने के लिए कहा गया।

# लखनऊ से भोपाल शिफ्ट होंगे एनडब्ल्यूडीए के दो बड़े दफ्तर

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** जल शक्ति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (NWDA) ने लखनऊ स्थित अपने दो अहम कार्यालयों को भोपाल स्थानांतरित करने का फैसला लिया है। इस संबंध में एनडब्ल्यूडीए मुख्यालय की ओर से आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के मुताबिक मुख्य अभियंता (उत्तर) कार्यालय और इन्वेस्टिगेशन डिवीजन (आईडी) कार्यालय अब लखनऊ से भोपाल शिफ्ट किए जाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक यह फैसला जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग में सचिव की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद लिया गया। हाल ही में रायपुर में निदेशक (एम एंड ए) के पद पर तैनात नीलम नारोलिया ने 19 मई 2026 को मुख्य अभियंता लेवल-द्वितीय एवं मुख्य अभियंता (उत्तर) का अतिरिक्त कार्यभार संभाला था। इसके बाद कार्यालयों के पुनर्स्थापन की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया।

एनडब्ल्यूडीए मुख्यालय द्वारा जारी आदेश में सक्षम प्राधिकारी ने मुख्य अभियंता (उत्तर) नीलम नारोलिया को लखनऊ स्थित कार्यालयों के भोपाल स्थानांतरण की पूरी प्रक्रिया शुरू करने और उसकी निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी है। आदेश के अनुसार जिन कार्यालयों को भोपाल स्थानांतरित किया जाना है उनमें मुख्य अभियंता (उत्तर), एनडब्ल्यूडीए कार्यालय, लखनऊ तथा इन्वेस्टिगेशन डिवीजन, एनडब्ल्यूडीए, लखनऊ शामिल हैं।

जल शक्ति मंत्रालय ने इस पूरी प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से 45 दिनों के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सात दिनों के भीतर विस्तृत एक्शन प्लान एनडब्ल्यूडीए मुख्यालय को सौंपने को कहा गया है। इस कार्ययोजना में कार्यालय स्थानांतरण की टाइमलाइन, संसाधन प्रबंधन, कर्मचारियों की व्यवस्था और लॉजिस्टिक प्लानिंग का पूरा खाका शामिल होगा।

# प्रदेश में मौसम का यू-टर्न, 28 मई के बाद कई जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** यूपी में नौतपा के बीच मौसम यू-टर्न लेने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में कई जिलों में आंधी के साथ बारिश होने की भी संभावना है।

नौतपा की भीषण गर्मी और लू से झुलस रहे उत्तर प्रदेश को 28 मई से राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के कई जिलों में मौसम बदलेगा। आंधी, गरज-चमक और बारिश की संभावना जताई गई है। पश्चिमी यूपी के 23 जिलों में ओलावृष्टि की भी चेतावनी जारी की गई है। इससे तापमान में अच्छी गिरावट के साथ ही तपिश से फौरी तौर पर राहत के आसार हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक 28 और 29 मई को यूपी के कई जिलों में 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इस बीच बुधवार के लिए बांदा, आगरा, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी में लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मथुरा, हाथरस और फिरोजाबाद में ऑरेंज अलर्ट घोषित है।

मंगलवार को बुंदेलखंड और दक्षिणी यूपी के जिले भीषण गर्मी की चपेट में रहे। बांदा प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उरई में 45.4, झांसी में 45.5, प्रयागराज में 45.4 और आगरा में 45.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

# बकरीद का अवकाश 28 मई को, नमाज के चलते बड़े पैमाने पर बदली रहेगी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर बृहस्पतिवार सुबह छह बजे से पुराने लखनऊ समेत आसपास के इलाके में यातायात परिवर्तित रहेगा। इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और शव वाहनों को निकलवाएगी। इसके लिए ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है। सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनात की गई है।

इस दौरान सीतापुर रोड की ओर से डालीगंज क्रॉसिंग तिराहे की तरफ से कोई भी वाहन पक्के पुल की ओर नहीं जाएगा। रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज से बाएं मुड़कर चौराहा नंबर आठ निरालानगर से आईटी की ओर से वाहन जा सकेंगे।

पक्का पुल खदरा साइड तिराहे से वाहन पक्कापुल की ओर नहीं जा सकेंगे। इन्हें पक्का पुल से पहले तिराहे से बंधा रोड या नया पक्कापुल होकर जाना पड़ेगा। हरदोई मार्ग, बालागंज की तरफ से आने वाले बड़े वाहन और सिटी बसें बड़ा इमामबाड़ा या टीले वाली मस्जिद की तरफ नहीं जा सकेंगी। ये कोनेश्वर चौराहे से दाहिने चौक चौराहा, मेडिकल कॉलेज चौराहा होकर जाएंगी। कोनेश्वर चौराहे से घंटाघर होकर बड़ा इमामबाड़ा की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। इन्हें कोनेश्वर चौराहे से चौक चौराहा, मेडिकल क्रॉस चौराहा, शाहमीना तिराहा या नींबू पार्क, नया पुल होकर जाना होगा। नींबू पार्क चौराहे की तरफ से बड़ा इमामबाड़ा व टीले वाली मस्जिद की ओर वाहन नहीं जाएंगे। ये कोनेश्वर चौराहा या नींबू पार्क के पीछे नया पुल होकर जा सकेंगे। नींबू पार्क ओवरब्रिज से उतरने वाले वाहन रूमी गेट की तरफ नहीं जा सकेंगे। इन्हें चौक चौराहा, ठाकुरगंज होकर या चरक चौराहा होकर जाना होगा। चौक चौराहे की ओर से नींबू पार्क चौराहे की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। ये कोनेश्वर चौराहा या मेडिकल क्रॉस चौराहा होकर जा सकेंगे।

### इन रास्तों से नहीं जा सकेंगे वाहन

- मेडिकल क्रॉस चौराहे की ओर से फूलमंडी, खुन-खुन जी गर्ल्स कॉलेज होकर नींबू पार्क चौराहे की ओर से वाहन नहीं जा सकेंगे। इन्हें मेडिकल कॉलेज चौराहा, चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर जाना होगा।
- शाहमीना तिराहे से पक्कापुल टीले वाली मस्जिद की ओर वाहन नहीं जाएंगे। ये मेडिकल कॉलेज, डालीगंज पुल, इक्का टांगा से दाएं नदवा बंधा होते हुए हनुमान सेतु तिराहे से आईटी चौराहा होकर जा सकेंगे।
- डालीगंज पुल से सीतापुर रोड की ओर जाने वाली रोडवेज बसें और अन्य वाहन पक्का पुल की ओर नहीं जा सकेंगे।
- शाहमीना तिराहे से कैसरबाग की ओर से हरदोई रोड की ओर जाने वाली रोडवेज, सिटी बसें पक्का पुल की तरफ नहीं जा सकेंगी।
- एवरेडी तिराहे से मिल एरिया की ओर बड़े वाहन नहीं जा सकेंगे। इन्हें मवैया ओवरब्रिज, लंगड़ा फाटक ओवरब्रिज, राजाजीपुरम होकर जाना होगा।
- मिल एरिया से बुलाकी अड्डा की तरफ तुलसीदास मार्ग पर नमाज में शामिल होने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य के वाहन नहीं जा सकेंगे।

# ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर लखनऊ में भंडारों का आयोजन, 'कहीं बटी इमरती तो कहीं ठंडा पानी'

एजेंसी समाचार





**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार पर लखनऊ में भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। नाका कोतवाली के समीप जस्ट मां के भंडारे में श्रद्धालुओं को पूरी-सब्जी, छोले चावल समेत इमरती रूपी प्रसाद को वितरण किया गया। इस बार पिछले दिनों की तुलना में चौथे बड़े मंगल पर अधिक संख्या में भंडारों का आयोजन किया गया। वही लखनऊ शहर की प्रमुख सड़कों, चौराहों और मंदिरों के आसपास श्रद्धालुओं ने शरबत, पानी, पूड़ी-सब्जी, हलवा और प्रसाद वितरण के भंडारे लगाए।

इन दिनों भीषण गर्मी के साथ नौतपा भी चल रहा है लेकिन बावजूद इसके लोग पूरे उत्साह के साथ भंडारे में लगे हुए है। इतना ही नहीं जगह-जगह भंडारे में ठंडे पानी का भी वितरण किया जा रहा है। इसके साथ राजधानी में भक्ति और सेवा के साथ सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा को जीवंत करता नजर आ रहा है । कई जगहों पर भजन कीर्तन और सुंदरकांड का पाठ भी भक्त जान कर रहे है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।



# मनरेगा के सामग्री मद में 1490 करोड़ रुपये स्वीकृत यूपी के सभी 75 जिलों को पहली किश्त आवंटित

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने मनरेगा के तहत ग्रामीण विकास कार्यों को गति देने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में सामग्री मद के अंतर्गत 1490.70 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर प्रदेश के 75 जिलों को पहली किश्त के रूप में 104.20 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह धनराशि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्यों, विकास योजनाओं और अनुमन्य सामग्री मद पर खर्च की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले तकनीकी स्वीकृति, निर्धारित गुणवत्ता मानकों और पारदर्शी खरीद प्रक्रिया का पालन अनिवार्य होगा। साथ ही धनराशि का उपयोग केवल स्वीकृत मदों में ही किया जाएगा। ग्राम्य विकास विभाग के आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों और उपायुक्तों (श्रम रोजगार) को निर्देशित किया है कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग वित्तीय नियमों और तकनीकी मानकों के अनुरूप पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

# रिकॉर्ड नहीं, राहत चाहिए.... यूपी के गांव-शहर में ट्रिपिंग-लो-वोल्टेज से जनता बेहाल, उपभोक्ता परिषद का सवाल

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** प्रदेश में रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति के दावों के बीच उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सरकार और ऊर्जा विभाग पर सवाल खड़े किए हैं। परिषद ने कहा कि बीती रात प्रदेश में 31,804 मेगावाट की पीक बिजली आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाया गया, जिसे प्रदेश और देश के इतिहास की सबसे बड़ी बिजली आपूर्ति बताया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष और सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश में लगभग 3 करोड़ 73 लाख बिजली उपभोक्ता हैं और कुल विद्युत भार करीब 8 करोड़ 57 लाख किलोवाट तक पहुंच चुका है। उनका कहना है कि यदि पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए तो प्रदेश की वास्तविक मांग 35,000 मेगावाट से भी अधिक हो सकती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में जितनी बिजली पावर कारपोरेशन के पास उपलब्ध होती है, उतनी ही मांग दर्शा दी जाती है और उसी को रिकॉर्ड के रूप में प्रचारित किया जाता है। उन्होंने तंज कसते हुए आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में गजब का रॉकेट साइंस इस्तेमाल हो रहा है, जितनी बिजली उपलब्ध होती है उतना ही रिकॉर्ड बन जाता है। कल दक्षिण भारत में मौसम बदला, बारिश हुई, पावर एक्सचेंज पर बिजली उपलब्ध हुई और रिकॉर्ड बन गया। परिषद अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के शहरों से लेकर गांवों तक लोग अघोषित कटौती, लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग और घंटों बिजली बाधित रहने की समस्या से परेशान हैं। परिषद अध्यक्ष ने सरकार और ऊर्जा विभाग से केवल आंकड़ों की राजनीति छोड़कर उपभोक्ताओं को भरोसेमंद और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने पर ध्यान देने की मांग की।

# प्रदेश को जल्द मिल सकता है स्थायी डीजीपी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चयन प्रक्रिया हुई पूरी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर प्रदेश में स्थायी डीजीपी के चयन के लिए मंगलवार को नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अधिकारियों के साथ मंथन हुआ। बैठक में मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद ने भी हिस्सा लिया। सूत्रों के मुताबिक बैठक में वरिष्ठता के आधार पर तीन अधिकारियों का पैनल बनाकर राज्य सरकार को भेजने पर सहमति बनी है।

आयोग द्वारा राज्य सरकार को पैनल भेजने के बाद तीनों अधिकारियों की विजिलेंस जांच रिपोर्ट राज्य सरकार द्वारा तलब की जाएगी। तत्पश्चात, इनमें से किसी एक का चयन होगा। पैनल में शामिल नामों पर विचार के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपयुक्तता के आधार पर स्थायी डीजीपी का चयन करेंगे। बता दें कि प्रदेश में डीजी रेणुका मिश्रा, पीयूष आनंद और राजीव कृष्ण का नाम वरिष्ठता सूची में सबसे ऊपर है। माना जा रहा है कि वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण को ही राज्य सरकार स्थायी कर सकती है।

वह बीते वर्ष 31 मई को डीजीपी प्रशांत कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए थे। उनके पास डीजी विजिलेंस के पद की जिम्मेदारी भी है। बता दें कि मुकुल गोयल को डीजीपी के पद से हटाने के बाद से प्रदेश में लगातार कार्यवाहक डीजीपी की तैनाती हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यों में इस चलन पर कड़ी आपत्ति की थी और उनको स्थायी डीजीपी की तैनाती करने का आदेश दिया था। प्रदेश सरकार ने डीजीपी की तैनाती के लिए एक नियमावली भी बनाई थी लेकिन कोर्ट के रुख को देखते हुए उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

**तंज** | मुख्यमंत्री ने नगर निगम कार्यक्रम में सरकारी संपत्ति की चोरी पर नाराजगी जता

# ढाई करोड़ की कार से चलने वाला निगम का 45 रुपये का गमला चुराकर ले गया

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने नगर निगम कार्यक्रम में सरकारी संपत्ति की चोरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि महंगी कारों से आने वाले लोग भी सार्वजनिक स्थानों से गमले चुरा रहे हैं। सीसीटीवी में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने इसे जनता के पैसे की बर्बादी बताते हुए नागरिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

हम गमला लगाते हैं, तो कोई कार से आता है और गमला उठाकर ले जाता है। जितना कार का तेल लग रहा है, उतने में नया गमला ले सकते हो। ये चोरी का नया मॉडल है। अब हर जगह सीसीटीवी लगे हैं, हम उससे देखते रहते हैं। पता लगता है कि ढाई करोड़ की कार से 45 रुपए के गमले चुरा रहे हैं।

45 रुपए के गमले खरीदकर आप घर में लगा सकते थे। आपका सम्मान भी रहता और शहर भी अच्छा दिखता। एक बार तो मेरे मन में आया था कि गमला चोरी करने वालों की फोटो चौराहे पर लगवाऊं, क्योंकि जो पैसा हम खर्च कर रहे हैं, वह जनता का है। यह न तो हमारा है, न वित्त मंत्री खन्नाजी का और न ही ऊर्जा मंत्री शर्माजी का।'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने पहली बार सभी 17 नगर निगमों में मेयर की सीट भाजपा की झोली में डालीं। सभी नगर निगमों में भाजपा का बोर्ड बना। इसका परिणाम रहा कि नगर निगम ने 3 वर्ष में कुछ प्रतिमान भी स्थापित किए, विकास व स्वच्छता का मॉडल दिया। हमें पिछली सरकारों के पापों के गड्ढों को भरने, भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में समय भी लगा। विकास पर खर्च होने वाला पैसा जनता का है। इसे मुख्यमंत्री या मंत्री नहीं दे रहे, बल्कि केवल उसका उचित नियोजन कर रहे हैं। जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा। यही पीएम मोदी जी का विजन है, प्रेरणा है।

सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ नगर निगम को देश में तीसरा स्थान मिला, इसे पहले स्थान पर लाना है। यह केवल महापौर, पार्षद या सफाई कर्मचारी की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। घर का कूड़ा कूड़ेदान में ही फेंकें, गीला-सूखा कूड़ा अलग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। नालियों में कूड़ा न फेंकें और सरकारी संपत्तियों का नुकसान भी न करें। लोग कहते हैं कि लखनऊ बहुत साफ-सुथरा है, जब सरकार की कार्यपद्धति साफ-सुथरी होती है तो ऐसा ही होता है। मंत्री, महापौर, पार्षद, पूरी कार्यकारिणी, अधिकारी, सुपरवाइजर तथा सफाई कर्मचारी, सब जुटते हैं तो स्वच्छता दिखाई देती है।

# प्रदेश में लू के असर के बीच आंधी और बारिश का कहर, अवध क्षेत्र में पांच मौतें

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** अवध क्षेत्र में सोमवार देर रात आई आंधी-तूफान में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि नौ लोग घायल हो गए। मरने वालों में सीतापुर में तीन जबकि गोंडा में दो लोगों की मौत हुई है। गोंडा में अलग-अलग क्षेत्रों में पेड़ और दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करंट लगने से एक श्रमिक ने दम तोड़ दिया। यहां 11 मवेशियों की भी मौत हो गई। तेज आंधी के चलते सड़क और रेल यातायात भी घंटों प्रभावित रहा। वहीं सीतापुर में दो स्थानों पर दीवारें गिरने से एक महिला व बुजुर्ग की मौत हो गई। दोनों हादसों में चार लोग घायल हो गए।

नौतपा की भीषण गर्मी और लू से झुलस रहे उत्तर प्रदेश को 28 मई से राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के कई जिलों में मौसम बदलेगा। आंधी, गरज-चमक और बारिश की संभावना जताई गई है। पश्चिमी यूपी के 23 जिलों में ओलावृष्टि की भी चेतावनी जारी की गई है। इससे तापमान में अच्छी गिरावट के साथ ही तपिश से फौरी तौर पर राहत के आसार हैं मौसम विभाग के मुताबिक 28 और 29 मई को यूपी के कई जिलों में 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इस बीच बुधवार के लिए बांदा, आगरा, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी में लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मथुरा, हाथरस और फिरोजाबाद में ऑरेंज अलर्ट घोषित है। मंगलवार को बुंदेलखंड और दक्षिणी यूपी के जिले भीषण गर्मी की चपेट में रहे। बांदा प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उरई में 45.4, झांसी में 45.5, प्रयागराज में 45.4 और आगरा में 45.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

# लेंटर की शटरिंग खोलते समय गार्डर टूटने से मलबे में दबकर एक श्रमिक की हुई दर्दनाक मौत

## तीन हुए गंभीर घायल, घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया घटना, पुलिस मौके पर पहुंची

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बीसलपुर।** मोहल्ला दुर्गा प्रसाद के एक निर्माणाधीन मकान का लेंटर खोलने गए श्रमिकों पर उस समय विपत्ति टूट पड़ी, जब लेटर खोलते समय लेंटर की शटरिंग में लगा गर्डर टूट जाने से शटरिंग का मलवा श्रमिकों के ऊपर गिर जाने से वह उसके नीचे दब गए। हादसे में एक श्रमिक की मौके पर दर्दनाक मृत्यु हो गई ,जबकि तीन अन्य श्रमिक गंभीर घायल हो गए।


गिरे पड़े लेंटर के गर्डर। –जागरण मोर्चा


मौके पर जानकारी करते हुए पुलिसकर्मी। –जागरण मोर्चा

नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी राजेश चंद्र अरविंद उर्फ राजू एडवोकेट के मकान पर 16 दिन पूर्व लेंटर डाला गया था। लेंटर की समयावधि पूर्ण होने के बाद आज सुबह 10:00 बजे से मजदूरों ने मकान पर डाले गए लिंटर की शटरिंग खोलना शुरू की। बताया जा रहा है। कि आधे घंटे बाद जब श्रमिक लेंटर के नीचे लगे लोहे का गर्डर निकालने की कोशिश कर रहे थे। इसी समय लोहे का गर्डर अचानक टूट गया। उसके टूटते ही लिंटर खोलने को नीचे खड़े श्रमिकों के ऊपर से गिरे शटरिंग के मलवे में दब गए। और चीख पुकार मच गई । आसपास के लोग जब तक मौके पर एकत्र होकर लेंटर का मलवा हटाकर श्रमिकों को बाहर निकलते तब तक रामचंद्र लाल पुत्र सोवरन लाल निवासी पटेल नगर 62 वर्ष की लोहे के गर्डर के नीचे दबकर मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। लोगों ने काफी प्रयास कर मलवा को हटाकर उसके नीचे दबे श्रमिक वीरेंद्र कुमार पुत्र सुंदरलाल 50 वर्ष, ब्रजपाल पुत्र ताराचंद 43 वर्ष तथा बुद्ध सेन पुत्र फूलचंद 35 वर्ष निवासी पटेल नगर को घायल अवस्था में बाहर निकाल कर तत्काल एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया घटना की सूचना पाते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के बाद रामचंद्र लाल 62 वर्ष का चिकित्सक द्वारा परीक्षण करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके अतिरिक्त घायल श्रमिक वीरेंद्र कुमार, बृजपाल तथा बुद्ध सेन का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर चोटे आने के कारण उन्हें जिला अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया है।

इधर मृतक श्रमिक रामचंद्र लाल के शव का पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। अचानक हुए हादसे से रामचंद्र लाल के स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सार संक्षेप



पुलिस अभिरक्षा में मौजूद आरोपी। –जागरण मोर्चा

### शांति व्यवस्था वनाए रखने के लिए आधा दर्जन गिरफ्तार

**पूरनपुर।** शांति व्यवस्था बनाए रखने और संभावित विवाद व झगड़ा–फसाद की आशंका को लेकर पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरनपुर न्यायालय भेजा। शांति व्यवस्था वनाए रखने के लिए चलाए जा रहे बिशेष अभियान के तहत घुंघचाई क्षेत्र में स्थिति के लगातार बिगड़ने की आशंका के चलते पुलिस ने एहतियातन सख्त कदम उठाया है। मंगलवार को घुंघचाई पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे इसको लेकर हुए चिन्हित किए गए घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव चन्दुया निवासी गोविंद सोनकर, झुरकुरिया निवासी विमल वर्मा, पुन्नापुर टांडा निवासी काली चरन, अवधेश,अजय कुमार व गरीवपुर बिल्हा निवासी अनिल कुमार को दबिश देकर गिरफ्तार किया और उन्हें थाने लाया गया। इसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को शांति भंग की आशंका सहित विभिन्न धाराओं में निरुद्ध करते हुए जेल भेजा है।पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में खलवली मची हुई है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने वताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरनपुर न्यायालय भेजा गया है। किसी भी प्रकार की अशांति, अवैध गतिविधि या झगड़ा–फसाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उसके खिलाफ सख्त कर्रवाई की जाएगी।

### सरकारी नौकरी का झांसा देकर हजारों की ठगी

**पूरनपुर।** सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर हजारों की ठगी कर ली गई। फर्जी नियुक्ति पत्र व्हाट्सएप पर भेज दिया गया। रुपये वापस मांगने पर दोनों को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला कायस्थान के विकास भारती और उसके दोस्त नरायनपुर के करन रस्तोगी से ठगी की गई। विकास ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके घर के सामने शाहजहांपुर के थाना खुटार के गांव बेला तुलापुर के नीलेश कुमार डेढ़ साल पहले एक महिला किराये के मकान में रहती थी। नीलेश का महिला के घर आना जाना था। इससे उसकी जान पहचान हो गई और नीलेश उसके घर भी आने लगा। आरोप है कि विकास विभाग में असिस्टेंट ऑफिसर की नौकरी लगवाने का उसने झांसा दिया। साथ ही एक अन्य की भी नौकरी लगवाने का वादा किया। इस पर उसने अपने साले के पुत्र आदेश और दोस्त करन रस्तोगी की नौकरी लगवाने की बात की। शुरुआत में आरोपियों ने 40–40 हजार रुपये नकद लिए। इसके बाद फर्जी आईडी कार्ड नेशनल ह्यूमन राइट पूरनपुर से जारी सेंटर असिस्टेंट ऑफिसर का पत्र व्हाट्सएप पर दिया। आरोपियों ने उसके दोस्त से कई बार नकद, विभिन्न खातों में यूपीआई से रुपये ट्रांसफर कराए। बाद में फर्जी नियुक्ति पत्र व्हाट्सएप पर भेज दिया। नियुक्ति पत्र फर्जी होने की बात पता चलने पर उसके दोस्त ने नौकरी के लिए इन्कार कर दिया। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने गाली–गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुन्ना लाल और पांच अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल पवन कुमार पांडेय के अनुसार मामले की जांच शुरू कर दी गई है।


डॉक्टर को सम्मानित करते राष्ट्रीय हनुमान दल के सदस्य। –जागरण मोर्चा

### पैर में आर-पार हुई सरिया निकालकर डॉक्टर ने बचाई ट्रक चालक की जान, किया सम्मानित

**पीलीभीत।** मेडिकल कॉलेज पीलीभीत के वरिष्ठ सर्जन डॉ. नितिन मलिक ने अपनी सूझबूझ और कुशलता से एक गंभीर सड़क हादसे में घायल ट्रक चालक की जान बचाकर मानवता की मिसाल पेश की। दुर्घटना में चालक के पैर में लोहे की सरिया आर–पार हो गई थी और उसकी हालत बेहद गंभीर थी। डॉ. नितिन मलिक ने अपनी टीम के साथ बिना देर किए ऑपरेशन कर सुरक्षित तरीके से सरिया को बाहर निकाला और सफल उपचार कर मरीज की जान बचा ली। इस उत्कृष्ट कार्य की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। इसी क्रम में राष्ट्रीय हनुमान दल के पदाधिकारियों ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर डॉ. नितिन मलिक को पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संगठन ने उनके सेवा भाव और कार्यकुशलता को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। सम्मान कार्यक्रम में अमित गुप्ता (जिला अध्यक्ष), रवि शर्मा (जिला संरक्षक), राहुल गजवानी (उपाध्यक्ष), रामानुज अवस्थी (जिला प्रवक्ता) और जगदीश सक्सेना सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रंजिशन फौजी को मारपीट कर किया घायल

**बीसलपुर।** मोहल्ले में अपने घर के दरवाजे पर खड़े एक फौजी को रंजिशन पड़ोसी ने अपने चार बेटों की मदद से मारपीट कर घायल कर दिया। तथा भविष्य में जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया। फौजी ने कोतवाली में प्राथमिकी पंजीकृत कराई है। नगर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी चंद्रसेन फौजी ने कोतवाली में पंजीकृत कराई प्राथमिकी में कहा है। कि विगत 13 मई को वह घर पर अकेला था तथा अपने दरवाजे पर खड़ा हुआ एक अन्य व्यक्ति से बात कर रहा था। इसी समय उसके पड़ोसी मिढई लाल पुत्र ज्वाला प्रसाद तथा उनका बेटा उत्तम, टिंकू, अनूप व सुरेंद्र फौजी के पास आए और गाली गलौज करने लगे। फौजी द्वारा गाली देने का विरोध करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है। कि उत्तम की गोट में नाजायज तमंचा लगा हुआ था सभी ने एक राय होकर मेरे ऊपर किसी धारदार से हमला किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दो सगी नाबालिग बहनें लापता

- पुलिस ने दर्ज किया मामला, हजारा क्षेत्र का है मामला

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** हजारा क्षेत्र में दो नाबालिग बहनों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों ने थाने में तहरीर देकर अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला हजारा थाना क्षेत्र का है। हजारा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने वताया कि उसकी दो नाबालिग पुत्रियां घर से निकली थीं। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। दो नाबालिग बहनें के गायब होने से क्षेत्र में खलवली मच गई। परिवार के लोगों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाना हजारा पहुंचे,और मामले को पुलिस को अबगत कराया। मामले की तहरीर पर हजारा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों को तलाश में लगाया गया है। आस पास के इलाकों में छानबीन की जा रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा मोबाइल लोकेशन और संपर्कों की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने वताया कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। दोनों बच्चियों का पता लगाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। शीघ्र ही बरामद कर लिया जाएगा।

### ग्रामीण द्वारा पैसे देने से मना करने पर जाति सूचक शब्दों से अपमानित कर चाकू प्रहार कर किया घायल

**बीसलपुर।** पड़ोस के गांव से अपनी बाइक द्वारा किराने का सामान लेने गए एक ग्रामीण को रंजिशन गांव में पंचायत घर के सामने दो भाइयों ने घेराबंदी कर उससे रुपए मांगे न देने पर लाठी डंडों से मारपीट की तथा जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए भविष्य में जान से मारने की धमकी थी। क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा यासीन निवासी राकेश कुमार पुत्र नत्थू लाल अपनी बाइक से विगत 23 मई को समय 8 :30 बजे पड़ोसी गांव चंदपुरा में दुकान से कुछ परचूनी का सामान लेने गया था। इसी समय रास्ते में पंचायत घर के सामने बृजेश कुमार तथा उसका भाई सूरज निवासी चंदपुरा दोनों मिल गए। और उन्होंने उसकी बाइक घेर ली तथा जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए करते हुए पूछा। की कहां जा रहा है। आज तो मुझे तुझसे पैसे चाहिए। जब ग्रामीण ने इसका विरोध किया। तभी उपरोक्त दोनों भाई ग्रामीण को लाठी डंडे व लात घूसों से मारने पीटने लगे। इतने में बृजेश ने प्रार्थी को जान से मारने की नीयत से चाकू से मुंह पर वार कर दिया। और बोला तू मुझसे मुंह लड़ाएगा मैं तेरा मुंह चीर दूंगा। पीड़ित के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र होने लगे तभी दोनों हमलावर ग्रामीण राकेश को मौके पर छोड़कर वहां से भाग गए। और चेतावनी दे गए कि इस बार बच गया है। अगली बार तुझे जान से मार देंगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उपरोक्त दोनों भाई बृजेश व सूरज निवासी गांव चंदपुरा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

# दहेज की मांग पूरी ना करने पर महिला की हत्या, मुकदमा दर्ज

- हत्या करने के बाद जलाया शव

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** दहेज की मांग पूरी न करने पर महिला की हत्या कर उसका शव जला दिया। शिकायत के वावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी चेतराम ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराए गए मुकदमे बताया कि उसने अपनी पुत्री राजेश्वरी का विवाह 22 साल पहले गांव उदरहा निवासी जवाहर लाल के साथ हुआ था,शादी के बाद से ही ससुराली दहेज में एक बुलेट वाइक, एक लाख रुपए की नकदी की मांग शुरू कर दी थी। दहेज की मांग पूरी न करने पर महिला को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला के संतान न होने पर ससुराली जान से करने और दूसरी शादी कर लेने की धमकी देने लगे। 18 अप्रैल 2026 को ससुरालियों ने महिला की हत्या कर उसको जला दिया। गांव के एक व्यक्ति ने इसकी सूचना दी कि तुम्हारी पुत्री राजेश्वरी की हत्या करके फूंक दिया है। तभी पीड़ित पुत्री की ससुराल ग्राम उदरहा गया। वहां पूछताछ की तो ससुरालयों ने कहा कि घर चला जा नही तो सबक सिखाएंगे जिसकी शिकायत करने पीड़ित घुंघचाई थाने पहुंचा और शिकायती पत्र दिया। लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। एसपी के आदेश पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर घुंघचाई पुलिस ने उदरहा निवासी पति जवाहरलाल,रामचंद्र, विनय कुमार, महेंद्र व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की गई है। जिसकी विवेचना शुरू कर दी गई है।

# गर्मी के बीच कलीनगर तहसील में अधिकारियों ने लगाया पयाऊ


पयाऊ लगाने के दौरान मौजूद अधिकारी।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**कलीनगर।** भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए मंगलवार को कलीनगर तहसील परिसर में अधिकारियों की ओर से राहगीरों और फरियादियों के लिए पयाऊ की व्यवस्था कराई गई। पयाऊ का शुभारंभ तहसील अधिकारियों ने किया।

गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए तहसील परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई है। पयाऊ पर आने-जाने वाले राहगीरों,फरियादियों को शीतल जल पिलाया गया। अधिकारियों ने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अधिक गर्मी में सावधानी बरतने और जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलने की अपील की। पयाऊ लगाए जाने से तहसील आने वाले लोगों ने राहत महसूस की और प्रशासन की पहल की सराहना की। इस दौरान तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार, लेखपाल, सुखलाल भास्कर, अंकित गुप्ता,सत्येंद्र कुमार,राजेश भारती,वेद प्रकाश,अंकित गंगवार सहित कई मौजूद रहे।

### धर्म परिवर्तन को प्रेरित करने वाला भेजा गया जेल

**पूरनपुर।** सरकारी नौकरी दिलाने के साथ ही सुंदर युवती से शादी कराने का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन को प्रेरित करने और विरोध पर गाली–गलौज कर धमकाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। रविवार को थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांवों में ईसाई धर्म का प्रचार करते घूम रहे मुरादाबाद के थाना मूढ़ा पांडे के गांव हिरन खेड़ा निवासी अनोखे लाल को विहिप कार्यकर्ताओं ने जोगराजपुर बाजार में पकड़ लिया था। विहिप कार्यकर्ताओं का आरोप था कि अनोखे लाल क्षेत्र में घूमकर लोगों को धर्म परिवर्तन को प्रेरित कर रहा है। गांव जोगराजपुर निवासी आरएसएस के मंडल कार्यवाह गौरव गुप्ता की ओर से पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। गौरव ने कहा कि आरोपी ने उससे मिलकर ईसाई बनने को प्रेरित किया। कहा कि सरकारी नौकरी और सुंदर लड़की से उसकी शादी करवा दी जाएगी। वह इसी तरह के प्रलोभन देकर लोगों पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाता था। इस दौरान आरएसएस के धर्म प्रसार प्रमुख विनीत शर्मा, नवीन तिवारी, सुशील पांडेय, गांव के अभिषेक पांडेय, रामनरेश, अंकित मिश्रा, मनोज कुमार ने इसका विरोध किया।

# पूरनपुर में विहिप व बजरंग दल ने किया विरोध प्रदर्शन

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** बुधवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन कर तहसील परिसर में जोरदार नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर हिंदू लड़कियों को कथित रूप से प्रेम जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन कराने के मामलों पर कठोर कार्रवाई की मांग उठाई।

प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिनमें हिंदू युवतियों को झूठी पहचान और प्रेम प्रसंग के जरिए बहकाकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह समाज को बांटने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने का प्रयास है। तहसील पहुंचे कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि कई मामलों में पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिल पाता, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही युवतियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि भविष्य में भी इस तरह की घटनाएं सामने आती रहीं और प्रशासन ने सख्ती नहीं दिखाई, तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सरकार से प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और धार्मिक पहचान छिपाकर धोखा देने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की और प्रशासन को चेतावनी दी कि हिंदू समाज की आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने तहसील पहुंचकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संगठन के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

### खेत की मेड़ पर बैठे युवक को पीटा, दो पर रपट

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव आनंदपुर भगवंतापुर निवासी पूरन सिंह ने बताया कि 24 मई को वह अपने खेत की मेड़ पर बैठा था। इसी दौरान कंजाखेड़ा निवासी फारूक, नबी अहमद अपने जानवरों को पीटते हुए ले जा रहे थे। इस पर उसने कहा कि गर्मी का मौसम में जानवरों को क्यों मार रहे हो, इसी बात से नाराज होकर दोनों आरोपियों ने उसको पकड़ लिया और गाली गलौज की, विरोध करने पर उसको मारा पीटा।




# आगजनी मामले में कार्रवाई न होने पर जताई नाराजगी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** हजारा क्षेत्र स्थित टाटरगंज गुरुद्वारा साहिब में हुए आगजनी मामले में अब तक ठोस कार्रवाई न होने पर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सिख समाज और क्षेत्र के लोगों ने मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर रोष जताते हुए प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की।

लोगों का कहना है कि गुरुद्वारा साहिब में आगजनी की घटना बेहद गंभीर है और इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। इससे लोगों में असंतोष बना हुआ है। समाज के लोगों ने कहा कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि समय रहते आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो लोगों का भरोसा कानून व्यवस्था से उठ जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि मामले में शीघ्र कार्रवाई न होने पर आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा। इस दौरान लोगों ने प्रशासन से घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बढ़ाने की भी बात कही। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि सिख समाज हमेशा भाईचारे और शांति का संदेश देता आया है, लेकिन धार्मिक स्थल पर हुई इस घटना से समाज में काफी आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से जल्द न्याय दिलाने की मांग की।

भक्ति

ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर किया जत्थे का भव्य स्वागत

# गाजे-बाजे के साथ गांव पहुंचा पैदल गया जत्था

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** माता रानी का पैदल गया जत्था गाजेवाजे व भक्ति गीतों के बीच गांव वापस पहुंचा। जत्थे के गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने फूल-मालाओं और पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत किया।


सिमरिया में वापस लौटता मातारानी का जत्था। –जागरण मोर्चा

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा से 22 मई को बडी संख्या में श्रदालुओं का पैदल जत्था माता पूर्णागिरि के लिए ढोल नगाड़ों के साथ रवाना हुआ था। मंगलवार को गाजेवाजे के साथ श्रद्धालुओं का जत्था गांव में पहुंचा, ढोल-नगाड़ों और बैंडबाजों की धुन पर ग्रामीण झूम उठे। महिलाओं ने आरती उतारकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया, जबकि बच्चों और युवाओं ने जयकारों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया।

यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्होंने पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ गया धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र और गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने बताया कि यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों ने उनका स्वागत कर सहयोग किया। गांव पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरण किया। इस दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। देर शाम तक गांव में धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा।

# वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने बड़े मंगल पर 11,500 तुलसी पौधे और 15 हजार हरे पत्तल वितरित किए

- एनबीआरआई लखनऊ कैंपस में श्रद्धालुओं को प्रसाद संग दिया हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश
- पंचतत्व संस्था के सहयोग से शहर भर में चला प्लास्टिक मुक्त अभियान
- अगले बड़े मंगल पर भी योजनाबद्ध तरीके से अभियान जारी रखने की घोषणा

जागरण मोर्चा

**बदायूं।** बड़े मंगल के पावन अवसर पर राजधानी में धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश देखने को मिला। शहर में आयोजित विभिन्न भंडारों के बीच वाटर वूमेन शिप्रा पाठक और पंचतत्व संस्था की ओर से हरित अभियान चलाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को तुलसी के पौधे और पर्यावरण अनुकूल हरे पत्तल वितरित किए गए। बड़े मंगल के इस आयोजन में श्रद्धा, सेवा और प्रकृति संरक्षण का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

एन.बी.आर.आई. कैंपस में आयोजित विशाल भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण के साथ 9 प्रकार की तुलसी के कुल 11,500 पौधे वितरित किए। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और तुलसी के पौधे लेकर पर्यावरण संरक्षण के इस प्रयास की सराहना की।



धार्मिक आयोजन के बीच पर्यावरण जागरूकता का यह अभियान लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। तुलसी के पौधों के माध्यम से लोगों को केवल हरियाली बढ़ाने का संदेश ही नहीं दिया गया, बल्कि उन्हें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक किया गया। तुलसी का पौधा धार्मिक दृष्टि से पूजनीय होने के साथ-साथ स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी अत्यंत उपयोगी माना जाता है। इसके साथ ही पंचतत्व संस्था ने लखनऊ महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लगभग 15 हजार हरे पत्तलों का वितरण किया। इन पत्तलों का उद्देश्य प्लास्टिक और थर्मोकोल जैसी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली वस्तुओं के उपयोग को कम करना है। संस्था के स्वयंसेवकों ने विभिन्न भंडारा स्थलों पर जाकर लोगों को पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि पंचतत्व संस्था के साथ मिलकर लखनऊ की कई छोटी-छोटी संस्थाएं भी इस अभियान से जुड़कर काम कर रही हैं। इसके अलावा कुछ मीडिया चैनल और सामाजिक संगठन भी पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम में अपना सहयोग देने आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं, ऐसे आयोजनों को सामाजिक और पर्यावरणीय जागरूकता से जोड़ना बेहद जरूरी है। यदि लोग छोटे-छोटे प्रयासों को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना लें तो शहर और समाज दोनों में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

शिप्रा पाठक ने बताया कि लखनऊ को प्लास्टिक मुक्त बनाने का अभियान लगातार जारी रहेगा और आगामी बड़े मंगल पर भी योजनाबद्ध तरीके से इस मुहिम को आगे बढ़ाया जाएगा। संस्था की टीम लगातार शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। गौरतलब है कि पंचतत्व संस्था इससे पहले भी कई बड़े मंगल आयोजनों में हजारों पौधों और हरे पत्तलों का वितरण कर चुकी है। संस्था के वालंटियर सदस्य लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वृक्षारोपण, पौध वितरण और प्लास्टिक उपयोग कम करने जैसे अभियान संस्था की प्रमुख गतिविधियों में शामिल हैं।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे इन प्रयासों को लोगों का भी अच्छा समर्थन मिल रहा है। श्रद्धालुओं ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के साथ समाज और पर्यावरण हित के कार्य जुड़ने से उनका प्रभाव और अधिक बढ़ जाता है। लखनऊ को हरित और प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से पंचतत्व संस्था और वाटर वूमेन शिप्रा पाठक द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान अब एक जनजागरण अभियान का रूप लेता दिखाई दे रहा है। बड़े मंगल पर श्रद्धा के साथ हरियाली का संदेश देने वाली यह पहल समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है।इस मौके पर एन.बी.आर.आई के डायरेक्टर समेत पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

# इस्लामनगर डकैती कांड का खुलासा... मुठभेड़ में पकड़े गए पांच बदमाश

## 19मई की रात को मोहल्ला हाता में हुई थी घटना, खुलासे में चार टीमों को लगाया



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व बरामद सामान। -जागरण मोर्चा



आरोपियों को ले जाती पुलिस।



घायल आरोपी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** इस्लामनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला हाता में 19 मई की रात को कच्छा बनियान धारी गिरोह के सदस्यों ने एक परिवार को बंधक बनाकर लाखों रुपये की लूट कर ली थी। इस घटना के खुलासे में चार टीमों को लगाया गया। सोमवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि कुछ अज्ञात बदमाश क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने के लिए आए हैं। इस सूचना पर पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गए। पुलिस ने गिरफ्तार किए उनके दो अन्य साथी भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए।

एसएसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि इस्लामनगर थाने पर पंजीकृत मामलों के खुलासे को चार पुलिस टीम लगाई गई थी।

बताया कि सोमवार रात मुखबिर ने पुलिस टीम को सूचना दी कि डकैती/लूट के मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्त इस्लामनगर – चंदौसी मार्ग बर्रइ पुल के पास ग्राम उल्ला के जंगल में छिपे हुए हैं जो किसी नई घटना को अंजाम दे सकते हैं। इस सूचना पर थाना इस्लामनगर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जंगल की घेराबंदी की गयी जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा अपने आप को घिरता हुआ देखकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किये, जिसमें पुलिस आरक्षी अनुज कुमार घायल हो गया, आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई जिसमें एक अभियुक्त के दोनो पैरों तथा दो अभियुक्तों के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गये। घायलों से नाम पता पूछा गया तो अभियुक्तगण ने अपना नाम जनेटा निवासी किसनपाल, वहजोई निवासी मनोज,हापुड़ निवासी भूरे उर्फ भूरा बताया। उनके पास से तीन 03 तमंचा 315 बोर, 06 जिंदा व खोखा कारतूस 315 बोर व डकैती की घटना में ले जाये गए आभूषण (सफेद व पीली धातु) व 35,000/- रुपये बरामद हुए है। घायल पुलिस कर्मी व अभियुक्तगण को पुलिस सुरक्षा में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इसी के साथ ही पुलिस गिरोह के दो सदस्य दीपक गोस्वामी उर्फ पण्डित व ओमवीर को भी दबोच लिया। मंगलवार को न्यायलय के समक्ष पेश किया गया। जहाँ से जेल भेज दिया गया।

घटना के खुलासे में लगी टीम को एसएसपी ने 25 हजार रुपये नगद देने की घोषणा की है।

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

**वजीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव जुल्हेपुरा में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति समेत आठ लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। यह भी आरोप लगाया कि उनकी बेटी को ससुरालीजन काले रंग का भी ताना देकर बदसूरत बोलते थे। पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की है। बरेली जिला के भमोरा थाना क्षेत्र के गांव सेंदी गांव निवासी प्रदीप ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन कमला (26 वर्ष) की शादी 2020 में वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव जुल्हेपुरा निवासी लेखराज उर्फ भूरे के साथ की थी। शादी में काफी दान-दहेज भी दिए लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। वे उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहते थे। सोमवार की रात करीब 10 बजे उनके पास उसकी बहन ने कॉल किया। बताया कि दहेज के लिए उसके ससुराल वालों ने उसे बहुत पीटा है। सुबह उसकी मौत की सूचना मिली। सुबह वे लोग पहुंचे तो बहन का शव घर में पड़ा हुआ था, ससुराल वाले भाग गए थे। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। मायके पक्ष से मृतका के चाचा की ओर से पुलिस को दहेज हत्या के आरोप में तहरीर दे दी गई है। तहरीर में पति लेखराज उर्फ भूरे, देवर विनोद, देवेंद्र, दुर्गेश, ननद सरोज, प्रियंका, ससुर सूरजपाल और सास कांता पर दहेज हत्या का आरोप है।

## सार संक्षेप



बैठक में निर्देश देते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

### प्रतिष्ठान पर बच्चों से काम कराने वालों पर होगी कार्रवाई

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला श्रम बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद वासियों उद्यमी या व्यापारियों से आवाहन किया कि वह नाबालिकों से कोई भी कार्य न कराए, 10 दिन बाद चेकिंग अभियान चलाया जाएगा पकड़े जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि जिले में लगभग 247000 निर्माण श्रमिक पंजीकृत है। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना में 254 प्रतिष्ठान ईपीएफ में पंजीकृत है। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त श्वेता गर्ग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

### बिसौली मई फीडर पर जेई व लाइनमैन पर अभद्रता व रिश्वत मांगने का आरोप

**बिसौली।** नगर के मई फीडर क्षेत्र में बिजली संकट को लेकर लोगों का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आ गया। पिछले करीब 20 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से परेशान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आरोप है कि शिकायत करने पर संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) और लाइनमैन उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और समस्या समाधान के नाम पर रुपये की मांग करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मई फीडर से जुड़े पूरे मोहल्ले में बीते 20 दिनों से अंधेरा पसरा हुआ है। लगातार शिकायतों के बावजूद विभागीय अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली न होने से लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। पानी की समस्या भी विकराल होती जा रही है, क्योंकि अधिकांश घरों में पानी की सप्लाई बिजली पर ही निर्भर है। सोमवार को गुस्साए ग्रामीणों ने एकत्र होकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि जब वे अपनी समस्या लेकर जेई और लाइनमैन के पास जाते हैं तो उनसे अभद्रता की जाती है। कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लाइन ठीक करने या बिजली बहाल करने के नाम पर उनसे अवैध रूप से पैसे मांगे जाते हैं। पैसा न देने पर उनकी शिकायतों को अनसुना कर दिया जाता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और कब तक क्षेत्रवासियों को इस संकट से राहत मिलती है।




बिजली घर पर प्रदर्शन करते किसान। -जागरण मोर्चा

### बिजली घर पर भाकियू चढ़ूनी ने धरना प्रदर्शन किया

**बिसौली।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के रजनेश उपाध्याय तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में विद्युत वितरण खण्ड तृतीय बिसौली में सैकड़ो किसानों के साथ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया बिजली प्रशासन के खिलाफ नारेवाजी वही काफी समय से क्षेत्र में बिजली सप्लाई नहीं हो रही है हजारों बीघा किसाने की मक्का नष्ट हो गई बिसौली एसडीओ से जुई लाइन मैन के विरुद्ध जांच कर कर मुकदमा लिखने की मांग की है जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने संबोधन में कहा शासन के आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्र को 18 घण्टे व शहरी क्षेत्र को 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति का आदेश बिसौली क्षेत्र में न मानने से किसानों की खड़ी फसल सूख चुकी हैं। जो भी इस घटना के लिए ज़िम्मेदार हो उस पर कानूनी कार्यवाही की जाए। पंचायत में 4 सूत्री ज्ञापन एसडीओ बिसौली को सोपा किसानों का आरोप है कि नोली हरनाथ पुर फ़ीडर पर तैनात लाइनमैन जुगदेश यादव व भारत यादव पैसे लेकर बेहटरा व जुलहपुरा की लाइन काट देते हैं जिस कारण इस क्षेत्र की फसलें सूख गयीं। दोनों लाइनमैन पर मुकदमा पंजीकृत कराया जाए। यदि संगठन की किसान हित व जनहित की मांगों को दरकिनार किया गया तो भाकियू चढ़ूनी बिसौली बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना लगाने को विवश रहेगी इस अवसर पर रहीस अहमद, यादवेंद्र यादव, बब्बू खा, इरशाद खा, मोहब्बे , नूरुद्दीन, शरीफ अब्बासी, शिवम पंडित, मुमताज़ खान, रजनेश उपाध्याय, भूपेंद्र पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

### सेहरामऊ क्षेत्र में किशोरी को ले जाने पर मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि 23 मई को वह अपने परिवार के साथ खेत पर सब्जी की निराई कर रहे थे। उसकी 14 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि नजीरगंज निवासी अवधेश व कमलेश व कुछ अज्ञात उसके घर पर आए। आरोप है कि उसकी पुत्री को घर से लेकर गए। जब वही वापस घर आए तो किशोरी को घर ना पाकर उसके होश उड़ गए। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। जानकारी करने पता चला कि आरोपी किशोरी को ले गए हैं। घर में रखे कान के कुंडल, दो कंधनी,मांगवेदा आदि सामान गायब मिला। अनहोनी का आशंका जताते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी गई।

# संपत्ति विवाद में टंकी पर चढ़ा नाबालिग युवक

- एक बीघा जमीन कि कहकर ले गए लिखवा ली चार बीघा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** वजीरगंज ब्लॉक के बरीपुरा गांव में संपत्ति विवाद से परेशान होकर एक 16 वर्षीय नाबालिग युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। पीड़ित युवक का अपने ताऊ से पिछले कई दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जिसमें पुलिस से मदद न मिलने पर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। सूचना पर डायल 100 मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। जैसे तैसे किशोर को आश्वासन देकर उतार लिया गया। आरोपी के खिलाफ



पानी के ओवर हैंड टैंक पर चढ़ा युवक।

मुकदमा दर्ज कराने की बात कही गई है। देखना यह है कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है।मामला बरीपुरा गांव का है, जहां रहने वाले शिवराज सिंह का 16 वर्षीय पुत्र शिवम अपने परिवार के साथ चल रहे संपत्ति विवाद को लेकर मानसिक रूप से बेहद परेशान था। परिजनों के अनुसार, शिवम ने इस मामले में पुलिस और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने से तंग आकर वह जल जीवन मिशन के तहत बनी ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलने पर डायल 100 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास शुरू किया। हालांकि, पुलिस प्रशासन की टीम लगातार युवक को समझाने और नीचे उतारने की कोशिश कर रही है, लेकिन न्याय का ठोस आश्वासन न मिलने के कारण नाबालिग युवक अभी भी नीचे उतरने को तैयार नहीं है। स्थानीय प्रशासन युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए लगातार मान-मनौव्वल में जुटा हुआ है।

**जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी अब प्रशासन की सिरदर्दी**

जल जीवन मिशन के तहत बनी गांव गांव पानी की टंकी प्रशासन को सरदर्दी बन गई है। पुलिस व प्रशासन द्वारा कार्रवाई न होने पर पीड़ित अब इसी का इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले महीने बिसौली में बड़ा मामला सामने आया था। पानी की टंकी पर पीड़ित चढ़ा तो प्रशासन हिल और कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

## बड़े मंगल पर कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नगर की भारतीय स्टेट बैंक की कृषि वाणिज्यिक शाखा द्वारा बड़े मंगलवार के दिन विशेष ग्राहक सम्मेलन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक रितेश श्रीवास्तव ने कहा कि इस सम्मेलन का मकसद ग्राहकों की शिकायतों को समझने और अपनी सेवाओं को बेहतर बनाना है। इससे ग्राहकों का अनुभव बेहतर होगा और उनकी उम्मीदों पर खरे उतरने में हमें मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोगों से संपर्क साधकर ग्राहकों में बैंक को लेकर विश्वास को और मजबूत बनाना है। यह सम्मेलन मुख्य प्रबंधक प्रशांत कुमार शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिनमें नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, नगर के वरिष्ठ चिकित्सक मनोज माहेश्वरी, दंत चिकित्सक संजय, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. अल्ताफ हुसैन, एसडीएम के स्टेनो जहीर आलम, एड. राजेश भारद्वाज, एड. मुकेश, एड. आनंद प्रकाश बंटी, कोल्ड स्टोर स्वामी केशव अग्रवाल, जतिन अग्रवाल, रजत वार्ष्णेय समेत बड़ी संख्या में ग्राहक, स्थानीय नागरिक एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में मुख्य प्रबंधक प्रशांत कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

## सहसवान में अवैध सेवा अस्पताल सील

- नायब तहसीलदार और स्वास्थ्य विभाग की टीम की कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** एसडीएम के निर्देश पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने अवैध अस्पतालों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके तहत नायब तहसीलदार मोहित कुमार और चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम ने बिना पंजीकरण और मानकों के चल रहे सेवा अस्पताल को सील कर दिया है। इस कड़े रुख से क्षेत्र के अवैध स्वास्थ्य केंद्रों में हड़कंप मच गया है। टीम के साथ भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। प्रशासन की यह कार्यवाही जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखकर की गई है। अधिकारियों के मुताबिक, क्षेत्र में बिना योग्य डॉक्टरों और उचित उपकरणों के कई जच्चा-बच्चा केंद्र धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर जच्चा और बच्चा दोनों की जान के साथ खिलवाड़ है। सीएचसी सहसवान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशांत त्यागी ने बताया कि यह कार्यवाही केवल एक शुरुआत है। आने वाले दिनों में क्षेत्र के अन्य सभी अवैध केंद्रों के खिलाफ श्रृंखलाबद्ध तरीके से सख्त कदम उठाए जाएंगे।

इस छापेमारी के दौरान नायब



अस्पताल पर कार्रवाई करते अधिकारी।

तहसीलदार मोहित कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशांत त्यागी, के.बी. चतुर्वेदी और डॉ. अशफाक हुसैन सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा।

अस्पताल का संचालक हर्ष यादव पहले भी गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह पूर्व में एक दूधिया की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने के मुख्य मामले में आरोपी रह चुका है। अस्पताल सील होने के बाद उसके अन्य कारनामों का भी पर्दाफाश हुआ है।

उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में अवैध अस्पतालों के खिलाफ हमारा अभियान लगातार जारी रहेगा। जितने भी जच्चा-बच्चा केंद्र बिना उचित मानकों और वैध पंजीकरण के चल रहे हैं, उन सभी के खिलाफ क्रमवार तरीके से सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**बैठक** डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक

# उद्यमियों व व्यापारियों की समस्या को प्राथमिकता से करें निस्तारित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को जिला उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा कि वह शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें, ऐसा न करने पर संबंधित बैंकर्स के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराई जाएगी।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित बैंकर्स से कहा कि वह विभिन्न शासकीय योजनाओं के आवेदकों के प्रति आदर का भाव रखें तथा उन्हें प्रोत्साहित करें। आवेदन को बिना ठोस आधार के निरस्त न



उद्योग बंधु की बैठक में निर्देश देते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

किया जाए। बैठक में प्लेज पार्क योजना अंतर्गत उद्यमियों व्यापारियों को प्राइवेट औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए आमंत्रित किया गया, उन्हें बताया कि इस पर सरकार एक प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से लोन की भी सुविधा है, यह एक बेहतर योजना है। मिनी औद्योगिक स्थान बिसौली में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए गए। बैठक में विद्युत अवस्थापना व अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए उपायुक्त उद्योग की अध्यक्षता में चार सदस्य कमेटी का गठन जिलाधिकारी के स्तर से किया गया जिसमें अन्य सदस्यों में विद्युत विभाग के अभियंता, लोक निर्माण विभाग के अभियंता व अन्य कार्यदायी संस्था के अभियंता को शामिल किया गया है।

बैठक में मुख्यमंत्री युवा स्व रोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना आदि योजनाओं के आवेदनों, निरस्त आवेदनों, स्वीकृत आवेदनों की एक-एक कर समीक्षा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश सभी बैंक अधिकारियों व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में निवेश मित्र पोर्टल में समय अंतर्गत लंबित सभी प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान लाल पुल पर ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने के उद्यमियों के अनुरोध पर अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को उसका सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, सहायक सूचना निदेशक आशुतोष चन्दोला, उपायुक्त उद्योग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी, उद्यमी व व्यापारी मौजूद रहे।

# आरसीबी ने बनाया प्लेऑफ का सबसे बड़ा स्कोर

**धर्मशाला।** गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल 2026 का क्वालिफायर-1 मुकाबला खेला जा रहा है। ग्रुप चरण में दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया था और शीर्ष दो में जगह बनाई थी। गुजरात और आरसीबी के पास फाइनल में जाने का दो मौका होगा, लेकिन दोनों ही टीमें चाहेंगी कि आज ही खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया जाए।

कप्तान रजत पाटीदार की दमदार पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 255 रनों का लक्ष्य दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर आरसीबी ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 254 रन बनाए। आरसीबी के लिए पाटीदार ने 33 गेंदों पर पांच चौकों और नौ छक्कों की मदद से नाबाद 93 रनों की पारी खेली जिससे टीम विशाल लक्ष्य देने में सफल रही।



पाटीदार का कैच कगिसो रबाडा ने 20 रन के स्कोर पर छोड़ा था और गुजरात को अंत में यह काफी महंगा पड़ा। पाटीदार ने इस मैच में विस्फोटक बल्लेबाजी की। उन्होंने क्रुणाल पांड्या के साथ चौथे विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी की। आरसीबी की ओर से क्रुणाल ने 28 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 43 रन बनाए, जबकि कोहली ने 25 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रनों की पारी खेली। इसके अलावा देवदत्त पडिक्कल ने 30, वेंकटेश अय्यर ने 19 और टिम डेविड ने चार रनों का योगदान दिया। वहीं, जितेश शर्मा पांच गेंदों पर एक चौका और एक छक्का लगाकर 15 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात के लिए रबाडा और जेसन होल्डर ने दो-दो विकेट झटके, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को एक सफलता मिली।

प्रसिद्ध कृष्णा ने टिम डेविड को बोल्ड कर आरसीबी को पांचवां झटका दिया है। डेविड पांच गेंदों पर चार रन बनाकर आउट हुए। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने 21 गेंदों पर अर्धशतक जड़ दिया है। पाटीदार ने छक्का लगाकर अपना पचासा पूरा किया। पाटीदार इस मैच में दमदार बल्लेबाजी कर रहे हैं जिससे आरसीबी का स्कोर 17वें ओवर में ही 200 के पार पहुंच गया है।

कगिसो रबाडा ने क्रुणाल पांड्या को आउट कर आरसीबी को चौथा झटका दिया है। क्रुणाल शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे और अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन ऐसा करने से चूक गए। क्रुणाल 28 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए। क्रुणाल और पाटीदार के बीच चौथे विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी हुई।

क्रुणाल और पाटीदार की विस्फोटक बल्लेबाजी जारी है जिससे आरसीबी का स्कोर 170 रन के पार पहुंच गया है। पाटीदार और क्रुणाल के बीच अब तक 88 रनों की साझेदारी हो गई है।

पाटीदार और क्रुणाल के बीच चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हो गई है। आरसीबी की टीम 15वें ओवर ही में 150 रन का आंकड़ा पार करने के करीब है। गुजरात टाइटंस को अब विकेट की तलाश है।

# करो या मरो के मैच में उतरेंगे हैदराबाद-राजस्थान




**मुल्लांपुर।** अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी से बेहद मजबूत नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का सामना अब राजस्थान रॉयल्स से होगा। इस दौरान हैदराबाद को 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी और तेज तर्रार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा।

आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की भिड़ंत राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। हैदराबाद ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहा था, जबकि राजस्थान की टीम चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बनी थी।

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की अब तक 23 मुकाबलों में भिड़ंत हुई है। इनमें से 14 मुकाबलों में एसआरएच ने जीत दर्ज की है, जबकि आरआर ने नौ मैच जीते हैं। आईपीएल 2026 में एसआरएच और आरआर की दो बार भिड़ंत हुई है और दोनों ही दफा सनराइजर्स हैदराबाद ने जीत हासिल की है। पैट कमिंस की अगुआई में एसआरएच अपने दबदबे को एलिमिनेटर मुकाबले में भी कायम रखना चाहेगी।

सनराइजर्स हैदराबाद का रिकॉर्ड आईपीएल प्लेऑफ में खराब रहा है। एसआरएच आठवीं बार अंतिम चार में पहुंची है। टीम ने प्लेऑफ में अब तक कुल 14 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से सनराइजर्स हैदराबाद को छह में जीत नसीब हुई है, तो आठ मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। एसआरएच ने साल 2024 में आखिरी बार प्लेऑफ का टिकट कटाया था और टीम फाइनल तक का सफर तय करने में सफल रही थी। हालांकि, खिताबी मुकाबले में एसआरएच को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

# पीवी सिंधू ने सिंगापुर ओपन में जीत से की शुरुआत, सात्विक-चिराग की जोड़ी भी आगे बढ़ी

**सिंगापुर।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू मंगलवार को पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी को सीधे गेम में हराकर सिंगापुर ओपन में महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंच गईं। 30 साल की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने इस सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में दुनिया की छठे नंबर की इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 21-17, 21-18 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला जापान की रिको गुंजी से होगा।

यह सिंधू के लिए मनोबल बढ़ाने वाली जीत थी जो पिछले साल विश्व चैंपियनशिप और सुदीरमन कप में इस इंडोनेशियाई खिलाड़ी से दो बार हार चुकी थीं। मंगलवार को दुनिया की 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी ने 4-0 की बढ़त बनाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन वरदानी ने वापसी करते



हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया और फिर 15-11 की बढ़त बना ली। हालांकि सिंधू ने जोरदार पलटवार करते हुए आखिरी सात में से छह अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। सिंधू ने 13-11 की बढ़त बनाई लेकिन वरदानी ने एक बार फिर स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि मैच के अंतिम क्षणों में संयम बनाए रखा मुकाबला जीत लिया।

सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पुरुष युगल जोड़ी भी शुरुआती दौर में चेन झी यी और प्रेस्ली स्मिथ की मलयेशिया की दुनिया की 25वें नंबर की जोड़ी को 26-28, 21-15, 21-13 से हराकर अगले दौर में पहुंच गई। दुनिया की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी अगले दौर में ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की चीनी ताइपे की जोड़ी तथा लियू यांग और हुआंग डि की चीन की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी।

# मिचेल मार्श पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**सिडनी।** पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया को झटका लगा है। टीम के कप्तान मिचेल मार्श वनडे टीम से बाहर हो गए हैं। मार्श को चोट लगी थी जिस कारण वह इस सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे।

टखने की चोट से जूझ रहे कार्यवाहक कप्तान मिचेल मार्श पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर हो गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ उनकी उपलब्धता अनिश्चित है। ऐसे में जोश इंग्लिस को पाकिस्तान दौरे पर टीम की कमान सौंपी गई है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, मिचेल मार्श टखने की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। मार्श की गैरमौजूदगी में विकेटकीपर जोश इंग्लिस पाकिस्तान में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे। मार्श, जो लखनऊ सुपर जाएंट्स के आईपीएल सीजन का आखिरी मैच नहीं खेल पाए थे वे अगली सूचना



तक आगे की जांच और इलाज के लिए पर्थ में ही रहेंगे। बांग्लादेश के सीमित ओवर सीरीज के दौरे के लिए उनकी उपलब्धता को लेकर उचित समय पर फैसला लिया जाएगा।

मिचेल मार्श इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स का हिस्सा रहे। चोट के कारण वह शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के आखिरी मैच में नहीं खेल सके थे। 19 मई को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ मुकाबले के बाद मार्श ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे, लेकिन टखने में चोट के कारण पाकिस्तान नहीं जा सके। मिचेल मार्श का सीरीज से बाहर होना ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि इस सीजन मार्श ने बल्ले से जबरदस्त प्रदर्शन किया था।

मार्श ने 13 मुकाबलों में 43.30 की औसत के साथ 563 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे। 22 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 55 रन की पारी खेलने के बाद मार्श ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 111 रन बनाए। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 90 रन की पारी खेली। आरआर के विरुद्ध अगले मुकाबले में मार्श ने 96 रन बनाए थे। इस ताजा झटके का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज के लिए अपने चौथे कप्तान पर निर्भर रहेगा, क्योंकि कमिंस और उपकप्तान ट्रेविस हेड दोनों ही आईपीएल प्लेऑफ की प्रतिबद्धताओं के कारण उपलब्ध नहीं हैं।

ऑस्ट्रेलिया के दल में पाकिस्तान और बांग्लादेश, दोनों सीमित ओवर दौरों के लिए तेज गेंदबाजों की तिकड़ी (जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस) भी शामिल नहीं होगी। उम्मीद है कि हेड आईपीएल खत्म होने के बाद ही टीम से जुड़ेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज इस्लामाबाद और लाहौर में 30 मई से चार जून के बीच खेली जाएगी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया एक और सीमित ओवरों की सीरीज के लिए बांग्लादेश जाएगी।

पाकिस्तान दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीमः जोश इंग्लिस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, रिले मेरेडिथ, ओलिवर पीक, मैथ्यू रेनशॉ, तनवीर सांघा, लियाम स्कॉट, मैट शॉर्ट, बिली स्टेनलेक, एडम जांपा।

# यूएस डॉलर ने फिर दिखाया दम, क्रूड प्राइस में उछाल से रुपया 47 पैसे लुढ़ककर 95.73 पर

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण मंगलवार को रुपया 47 पैसे कमजोर होकर 95.73 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जिसमें घरेलू शेयर बाजार की गिरावट ने भी दबाव बढ़ाया।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से आई तेजी के बीच मंगलवार को रुपया 47 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.73 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 95.43 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 95.33 के ऊपरी एवं 95.76 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 95.73 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 47 पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया 34 पैसे मजबूत होकर 95.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।




# आरसीबी की बढ़ी चिंता, प्लेऑफ में अच्छा नहीं रहा है विराट कोहली का रिकॉर्ड; गुजरात को मिलेगा फायदा?

**धर्मशाला।** आईपीएल 2026 के पहले क्वालिफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की भिड़ंत मंगलवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) से है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। गुजरात के लिए सबसे बड़ी राहत की खबर यह है कि विराट कोहली का रिकॉर्ड प्लेऑफ मुकाबलों में कुछ खास नहीं रहा है।

पहले क्वालिफायर में हालिया फॉर्म को देखते हुए विराट कोहली को गुजरात टाइटंस के लिए सबसे बड़ा खतरा माना जा रहा है। कोहली इस सीजन शानदार लय में नजर आए हैं और वह 14 मुकाबलों में 163 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 557 रन बना चुके हैं। पहले क्वालिफायर में भी आरसीबी को उनसे दमदार प्रदर्शन की आस है।



हालांकि, आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड रखने वाले कोहली प्लेऑफ मुकाबलों में संघर्ष करते नजर आते हैं।

विराट ने प्लेऑफ में अब तक कुल 16 मुकाबले खेले हैं और इस दौरान उनके बल्ले से 25.50 की मामूली औसत और 121.42 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 357 रन निकले हैं। कोहली ने प्लेऑफ मुकाबलों में सिर्फ दो अर्धशतक लगाए हैं और वह एक बार खाता खोले बिना भी पवेलियन लौट चुके हैं। आईपीएल 2025 में भी पहले क्वालिफायर मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ कोहली 35 गेंदों का सामना करने के बाद 43 रन ही बना सके थे और उनका स्ट्राइक रेट महज 122.85 का रहा था।

## गुजरात के खिलाफ अच्छा है रिकॉर्ड

हालांकि, कोहली को गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी अटैक रास आता है। गुजरात के खिलाफ विराट ने अब तक आईपीएल में कुल आठ पारियां खेली हैं और इस दौरान उनके बल्ले से 76.66 की औसत और 152 के स्ट्राइक रेट से 460 रन निकले हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ कोहली एक शतक और चार अर्धशतक भी लगा चुके हैं। आईपीएल 2026 में गुजरात के खिलाफ खेले गए पहले मुकाबले में विराट ने 44 गेंदों में 81 रनों की दमदार पारी खेली थी। अपनी इस पारी में उन्होंने आठ चौके और चार छक्के लगाए थे। वहीं, गुजरात से हुई दूसरी भिड़ंत में कोहली ने 13 गेंदों में 28 रन बनाए थे।

# भारत के दिग्गज तीरंदाज श्याम लाल मीणा का निधन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व दिग्गज तीरंदाज श्याम लाल मीणा का लंबी बीमारी के बाद 61 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। श्याम ने 1988 सियोल ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने रविवार देर रात अस्पताल में आखिरी सांस ली।

भारतीय तीरंदाजी संघ ने पूर्व तीरंदाज को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, '1988 के सियोल ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता श्याम लाल मीणा को श्रद्धांजलि। भारतीय तीरंदाजी में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।' मीणा को खेलों में उनके योगदान के लिए 1989 में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

# उतार-चढ़ाव के बाद बाजार लाल निशान पर बंद सेंसेक्स 479 अंक गिरा, निफ्टी 24000 से नीचे

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के फिर से गहराने का सीधा असर मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिला। दक्षिणी ईरान में अमेरिका की ओर से किए गए हमलों की खबर ने निवेशकों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इससे सोमवार की सकारात्मक धारणा बदल गई और बाजार में बिकवाली का भारी दबाव हावी हो गया।

मंगलवार के कारोबारी सत्र के अंत में दोनों प्रमुख बेंचमार्क सूचकांकों में तेज गिरावट दर्ज की




गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 479.26 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 76,009.70 के स्तर पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी इंडेक्स 23,950 का अहम स्तर भी नहीं बचा सका और 118.00 अंक (0.49 प्रतिशत) का नुकसान दर्ज करते हुए 23,913.70 के स्तर पर खिसक गया।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।